# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 22 जनवरी 2026


**सोने और चांदी ने सभी रिकॉर्ड तोड़े**

## सोना 1.60 लाख पार, चांदी 3.40 लाख के करीब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना-चांदी नए शिखर पर पहुंच गए। सोने की कीमत करीब 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 3.34 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपए यानी 4.24 प्रतिशत बढ़कर 1,59,700 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। मंगलवार को, सोने ने पहली बार देश की राजधानी में 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार किया। स्थानीय सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में भी लगातार नौवें दिन तेजी जारी रही।

दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में रखा मप्र का हरित ऊर्जा विज़न

# मप्र ने 'हरित ऊर्जा' को विकास की मुख्य धारा में किया शामिल

***नवकरणीय परियोजनाओं की प्रगति की भी जानकारी दी***

*चर्चा में नियामकीय आवश्यकताओं और जमीनी वास्तविकताओं के बीच संतुलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। यह भी चर्चा हुई कि किस प्रकार से मप्र जैसे क्षेत्रीय या उप-राष्ट्रीय सरकारें इस क्षेत्र में नवाचार का नेतृत्व कर सकती हैं*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र ने हरित ऊर्जा को विकास की मुख्य धारा में शामिल किया है। अन्तर्राज्यीय सहयोग और बेहतर समन्वय से राज्य में बिजली और जल आपूर्ति में स्थिरता आई है। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ उद्योगों को भी लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने राज्य में सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण से जुड़ी नई नवकरणीय परियोजनाओं की प्रगति और आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को स्विटरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने 'डी-रीस्किंग द ग्रीन लीपः सब नेशनल ब्लू प्रिंट फॉर यूटिलिटी स्केल एनर्जी ट्रांजीशन' विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय राउंड टेबल मीटिंग में भागीदारी की। मुख्यमंत्री ने मप्र की ऊर्जा यात्रा में नवकरणीय ऊर्जा की केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा मप्र के समावेशी और टिकाऊ विकास की आधारशिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्वच्छ, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा की दिशा में तेज़ी से आगे ▸▸ शेष पेज 6 पर

**प्रधानमंत्री मोदी के हरित ऊर्जा विज़न से प्रेरित मप्र**

- ▸▸ राउंड टेबल मीटिंग में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक ड्राफ्ट फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया गया
- ▸▸ मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्वच्छ, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में संबोधित करते हुए

### केंद्रीय मंत्री जोशी ने सुधारोन्मुख राज्यों में विशेषकर मप्र की सराहना की

राउंड टेबल मीटिंग के समापन सत्र में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा उपभोक्ता मामले के मंत्री प्रहलाद जोशी ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी के हरित ऊर्जा विज़न को साझा किया। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नीति स्थिरता के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह उपभोक्ताओं और ऊर्जा क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। केंद्रीय मंत्री जोशी ने सुधारोन्मुख राज्यों में विशेषकर मप्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि मप्र की सौर ऊर्जा संबंधित उपलब्धियाँ वैश्विक स्तर पर साझा की जा सकती हैं। उन्होंने श्रम, भूमि और ऊर्जा के बेहतर समन्वय से स्वच्छ ऊर्जा में जोखिम कम करने के मध्यप्रदेश मॉडल को उल्लेखनीय बताया और प्रौद्योगिकी निवेश और ब्लेंडेड फाइनेंस पर ज़ोर दिया। ▸▸ पढ़ें पेज 05 व 10 भी

### राउंड टेबल मीटिंग में यह लोग हुए शामिल

राउंड टेबल मीटिंग में मप्र के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, महानिदेशक, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन अशोक खन्ना, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के प्रमुख सचिव मनीष सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह, मप्र टूरिज्म बोर्ड के एमडी डॉ. इलैया राजा टी, आयुक्त जनसंपर्क दीपक कुमार सक्सेना, एमडी एमपीआईडीसी चंद्रमौली शुक्ला मौजूद थे। मीटिंग में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये एक ड्राफ्ट फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया।

**टीम इंडिया ने पास किया पहला 'टेस्ट'**



### नागपुर में न्यूजीलैंड को 48 रनों से रौंदा

**नागपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आगाज धमाकेदार अंदाज में हुआ। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले भारत की ये आखिरी टी20 सीरीज है। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने 48 रनों से बाजी मारी और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। टीम इंडिया 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 238 रन बनाने में कामयाब रही। ▸▸ पढ़ें पेज 15 भी

शिवपुरी में डेढ़ करोड़ से अधिक की चोरी का खुलासा

## जमीन में गाड़कर छिपाई थी 46 किलो चांदी बरामद, दो आरोपी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवपुरी

जिले के कोलारस कस्बे में ज्वेलर्स की दुकान से हुई करीब डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की बड़ी चोरी का शिवपुरी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जमीन में गाड़कर छिपाई गई 46 किलो चांदी बरामद की है, जिसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है।

यह चोरी 26–27 जुलाई की दरमियानी रात सदर बाजार स्थित ज्वेलर्स की दुकान में हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की जांच और कई जिलों में संदिग्धों से पूछताछ की। 20 जनवरी को आरोपी अमन रावत को चोरी का माल बेचते समय पकड़ा गया, जिसकी निशानदेही पर चांदी बरामद हुई। पूछताछ ▸▸ शेष पेज 6 पर

**200 से अधिक सीसीटीवी के फुटेज देखे और शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना और भिंड जिलों में 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ हुई**



बरामद किया हुआ माल

### चांदी बेचने की कोशिश में दबोचे गए

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से चोरी की चांदी को जमीन में गड्ढे खोदकर गाड़ दिया था और चांदी के दाम बढ़ने का इंतजार कर रहे थे। पैसों की जरूरत पड़ने पर अमन रावत ने कुछ चांदी बेचने की कोशिश की, इसी दौरान वह पुलिस के हाथ लग गया। आरोपी अमन रावत की निशानदेही पर खोंकर में ठाकुर बाबा के चबूतरे के पास जमीन खोदकर चांदी निकाली गई। वहीं अभिषेक रावत की निशानदेही पर उसके गांव से भी जमीन में गाड़ी गई चांदी बरामद की गई। इस तरह पुलिस ने कुल 46 किलो चांदी और सोने के आभूषण बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 53 लाख रुपए बताई गई है।

**दो दिन बाद तीन डिग्री तक गिरेगा पारा**

अभी कुछ जिलों में छाएंगे बादल

## 26 को सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ कुछ जिलों में बादल और बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित कुछ जिलों में बुधवार को भी लगातार चौथे दिन तापमानों में मामूली बढ़त रही। पश्चिमी विक्षोभ और प्रदेश के आसपास सकुर्लेशन से अभी अगले दो दिन कुछ जिलों में बादलों का असर रहेगा।

साथ ही एक-दो स्थानों पर बौछारें भी पड़ सकती हैं। इसके बाद रात के तापमान में दो से तीन डिग्री तक कमी आएगी। 26 जनवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जनवरी के अंत में मौसम फिर बदलेगा। ▸▸ शेष पेज 6 पर

**दिन और रात के तापमान में मामूली बढ़त भोपाल में दिन का पारा 27 रात का 11 डिग्री तक पहुंचा**



राजभवन रोड, शाम 6:21 बजे का दृश्य

### अभी तीन सिस्टम सक्रिय, एक स्ट्रांग

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास एक सकुर्लेशन है। पश्चिमी विक्षोभ भी ट्रफ के रूप में उत्तरी ईरान के ऊपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में एक्टिव है। यह स्ट्रांग होने से अगले दो-तीन दिन में प्रदेश में ▸▸ शेष पेज 6 पर

### नमी बढ़ी, यहां रहा कोहरे का असर

प्रदेशभर में अभी दिन और रात का पारा सामान्य से औसतन दो डिग्री तक अधिक है। बुधवार को भी औसतन एक डिग्री की बढ़त के साथ औसत दिन का पारा 26 डिग्री रहा है, जबकि रात का 11 डिग्री दर्ज हुआ है। इधर, हवाओं में नमी ▸▸ शेष पेज 6 पर







भोपाल

गुरुवार, 22 जनवरी 2026
तिल कुंद चतुर्थी-04
वर्ष : 12, अंक : 293
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



15 नागपुर में नहीं गिरी ओस, टीम इंडिया....

विचार पेज
08 भारत और यूएई के परवान....


## ऋषिकेश में गीता प्रेस की 'कल्याण' पत्रिका के शताब्दी अंक का विमोचन

### गीता प्रेस हर कालखंड में सनातन चेतना के उत्सव को जीवित रखने का सशक्त माध्यम रही

# अमित शाह बोले- भारतीय संस्कृति की वैचारिक शक्ति का पुनर्जागरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश में गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित मासिक पत्र 'कल्याण' के शताब्दी अंक के विमोचन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने लक्ष्मीनारायण मंदिर एवं मां गंगा के दर्शन-पूजन भी किए। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने



विमोचन करते गृह मंत्री शाह और संत

संबोधन में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की नीतियों के मूल आधार में भारतीय संस्कृति की वैचारिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने का ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि गीता प्रेस हर कालखंड में सनातन चेतना के उत्सव को जीवित रखने का सशक्त माध्यम रही है और यह संस्था मुनाफे के लिए नहीं, बल्कि पीढ़ियों के निर्माण के लिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

### केवल पत्रिका नहीं ये आध्यात्मिक जगत का पथप्रदर्शक

अमित शाह ने कहा कि 'कल्याण' केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि भारतीय समाज के लिए आध्यात्मिक जगत का पथप्रदर्शक है। इसकी शुरुआत से लेकर आज तक 'कल्याण' का हर शब्द, हर वाक्य और हर अंक सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि 1950 के दशक में जब देश में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### महात्मा गांधी का भी जिक्र किया

अमित शाह ने कहा कि गीता प्रेस ने कभी प्रचार या धन संग्रह को प्राथमिकता नहीं दी, क्योंकि इसका उद्देश्य व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि विचार-केंद्रित रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि महात्मा गांधी ने भी 'कल्याण' में विज्ञापन न छापने की सलाह दी थी, जिसे आज तक निभाया गया है। पीएम मोदी के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि बीते 11 वर्षों में युवाओं में बड़ा गुणात्मक परिवर्तन आया है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकालेश्वर व केदारनाथ पुनरुद्धार, बद्रीनाथ धाम विकास और देशभर के तीर्थों की पुनर्जागृति इसका प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि भारत से चुराकर ले जाई गई सैकड़ों मूर्तियों की वापसी और मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा भी सांस्कृतिक आत्मविश्वास के प्रतीक हैं।समारोह के अंत में गृह मंत्री ने कहा कि करोड़ों संतों के सतत प्रयास और गीता प्रेस तथा 'कल्याण' जैसी पत्रिकाओं ने कठिन समय में भी सनातन ▶▶ शेष पेज 6 पर

1984 से निरंतर सेवा...
MSN माता श्री नेत्रालय
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### मुख्य सचिव ने कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में मुख्य बिंदुओं की समीक्षा की

### मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बैतूल, विदिशा जिलों के कलेक्टरों की जमकर ली क्लास

# मुख्य सचिव ने लगाई फटकार... जिलों के अफसरों के साथ समन्वय नहीं रखते कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*सीएस अनुराग जैन ने कहा कि कलेक्टरों का डीएफओ, सीएमएचओ, सीईओ और यहां तक की नगरपालिकाओं के सीएमओ तक से समन्वय नहीं है, ऐसे में कैसे काम होगा*

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के दौरान बैतूल, विदिशा समेत कुछ और जिलों के कलेक्टरों की जमकर क्लास ली। उन्होंने कहा कि कलेक्टरों का डीएफओ, सीएमएचओ, सीईओ और यहां तक की नगरपालिकाओं के सीएमओ तक से समन्वय नहीं है, ऐसे में कैसे काम होगा।

कांफ्रेंस के दौरान ही मोबाइल पर बात करने को लेकर मुख्य सचिव जैन बैतूल कलेक्टर पर खासे नाराज हुए। उन्होंने कहा कि कांफ्रेंस के दौरान यह सब गैर जिम्मेदाराना कार्य है। विदिशा कलेक्टर के सीमांकन के एक मामले में गलत रिपोर्ट देने पर खासे नाराज हुए। जैन ने कहा कि वे भी कलेक्टर रहे हैं, गलत रिपोर्ट अपने आप पकड़ में आ जाती है। मुख्य सचिव जैन बुधवार को मंत्रालय में कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के दौरान पालन प्रतिवेदन पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में समीक्षा की। कांफ्रेंस में कलेक्टर कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने के दृष्टिगत संबंधित विभागों को आगामी एक वर्ष की कार्य योजना प्रस्तुत ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कांफ्रेंस के दौरान मोबाइल पर बात करने पर मुख्य सचिव बैतूल कलेक्टर पर खासे नाराज हुए

▶▶ सीएम हेल्पलाइन की कई शिकायतों को अटेंड नहीं किए जाने पर बैतूल मऊगंज, शहडोल और भोपाल जिलों को जमकर फटकार लगाई

▶▶ योजनाओं और कार्यक्रमों के लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश




मंत्रालय में वीसी के माध्यम से समीक्षा करते मुख्य सचिव

*नामांतरण में मुरैना, भिंड तथा बटवारा के प्रकरणों में अनूपपुर और रीवा, भूमि के सीमांकन प्रकरणों में विदिशा और सतना खसरा अपडेट में रीवा और इंदौर तथा अवैध कब्जा हटाने के मामले में भिंड और विदिशा जिलों की स्थिति अपेक्षाकृत असंतोषजनक पाई गई*

### अशोक नगर कलेक्टर आदित्य सिंह नपे, साकेत मालवीय को जवाबदारी

राज्य शासन में अशोक नगर कलेक्टर आदित्य सिंह को हटा दिया। कुछ दिन पहले ही उनके खिलाफ वहां की एक बड़ी संस्था ने पीएमओ सहित मुख्य सचिव को शिकायती पत्र भेज कर 3 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग करने का आरोप लगाया था। इस शिकायत के आधार पर कलेक्टर सिंह को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। सिंह को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग में संचालक बनाया गया है। जबकि उनकी जगह पर मप्र कर्मचारी चयन मंडल के संचालक साकेत मालवीय को ▶▶ शेष पेज 6 पर



साकेत मालवीय

### भागीरथपुरा में दूषित पानी से 25वीं मौत

# चार बेटियों के सिर से उठ गया पिता का साया

वे अपने घर के इकलौते कमाने वाले थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हो रही मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह अस्पताल में भर्ती एक युवक की मौत हो गई। दूषित पानी पीने के बाद एक माह पहले युवक की तबीयत खराब हुई थी। वह दो बार अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती भी हो चुका था। इसी के साथ मरने वालों की संख्या 25 पहुंच गई है। मृतक ▶▶ शेष पेज 6 पर



हेमंत गायकवाड़



शमशान घाट में बेटी ने मुखाग्नि दी

### धार भोजशाला पर दिग्विजय की मांग

# बसंत पंचमी पर 'नमाज' का समय तय हो, शांति व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/धार

*दोपहर 1 - 3 बजे का समय तय किया जाए*

बसंत पंचमी शुक्रवार यानि 23 जनवरी को पड़ रही है। यह संयोग पहले भी तीन बार 2006, 2013 और 2016 में बन चुका है और उन सभी मौकों पर क्षेत्र में तनावपूर्ण हालात देखने को मिले थे। ऐसे में इस बार पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास सतर्कता ▶▶ शेष पेज 6 पर



दिग्विजय सिंह

### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा बसंत पंचमी पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक निर्बाध पूजा की अनुमति को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस याचिका ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### एक टाइगर की फिर मौत, जांच में जुटा अमला



**नर्मदापुरम।** इटारसी वन परिक्षेत्र के तवानगर स्थित जंगल में बुधवार दोपहर एक टाइगर की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। टाइगर की मौत कैसे हुई इस रहस्य से पर्दा बुधवार शाम तक नहीं उठ पाया था। इसकी जांच की जा रही है।

### दान पेटी में मिली डॉलर व दीनार जैसी करेंसी



**मंदसौर।** विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के गर्भगृह में स्थित दान पेटी को बुधवार को खोला गया। दान में भारतीय मुद्रा के साथ-साथ विदेशी करेंसी, सोना चांदी के अभूषण भी मिले।

### ग्रासा माशेल को मिलेगा इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी शांति निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार 2025 की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष यह प्रतिष्ठित सम्मान अफ्रीका की समाजसेवी और मानवाधिकार कार्यकर्ता ग्रासा माशेल को देने का फैसला किया है।

### जोमैटो के टॉप मैनेजमेंट में बदलाव

## सीईओ पद से हटे दीपिंदर अल्बिंदर ढींडसा को कमान



■ यह बदलाव सिर्फ टाइटल का है कमिटमेंट का नहीं

**नई दिल्ली।** फूड-टेक कंपनी ज़ोमैटो के फाउंडर दीपिंदर गोयल ने कंपनी में ग्रुप सीईओ के पद से इस्तीफा दे दिया है। इटरनल (पहले जौमेटो) ने एक बड़े लीडरशिप बदलाव के तहत यह ऐलान किया है। अल्बिंदर ढींडसा को तुरंत प्रभाव से इटरनल का नया ग्रुप सीईओ नियुक्त किया गया है। गोयल ने बताया कि अब ऑपरेशन से जुड़े फैसले ढींडसा लेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रुप सीईओ के तौर पर, वह रोजाना के काम, ऑपरेशन की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ज्यादा बीयर पीने का कॉम्पिटिशन

## अधिक बीयर पीने से दो इंजीनियरों की गई जान



■ दोनों ने बीयर की 19 कैन खरीदी थी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले से अत्यधिक बीयर पीने से दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत का मामला सामने आया है। घटना संक्रांति के दौरान हुई है। मृतकों की पहचान मणिकुमार (35) और पुष्पराज (22) के रूप में की गई है। ये दोनों ही युवक कंबमवरीपल्ली मंडल के बांदावड्डीपल्ले गांव के रहने वाले थे। दोनों चेन्नई और बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम कर रहे थे और अपने परिवार के साथ त्योहार ▶▶ शेष पेज 6 पर

### वे श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं

## महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत अचानक बिगड़ी



■ पिछले 36 घंटे से नहीं किया भोजन

**अयोध्या।** श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास (87) की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अयोध्या से लखनऊ के मेदांता अस्पताल रेफर किया गया है। 36 घंटे तक कुछ भी न खाने से उनकी हालत बिगड़ गई। पिछले 36 घंटे से उन्होंने कुछ भी भोजन नहीं किया, जिसके चलते उनकी हालत लगातार कमजोर होती चली गई। इस दौरान उन्हें लगातार उल्टी और दस्त की शिकायत बनी रही। तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही श्रीराम ▶▶ शेष पेज 6 पर

## उज्जैन में 21 हजार लीटर शराब पर चली जेसीबी



**94.72 लाख रुपए कीमत की थी शराब**

*उज्जैन। शहर में 21 हजार लीटर से अधिक शराब देशी शराब पर जेसीबी चलाई गई। 94.72 लाख रुपए कीमत की यह शराब लंबे समय से वेयर हाउस में रखी थी। नोडल अधिकारी मुकेश रंधावा ने बताया कि आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ने तराना, उज्जैन, खाचरौद, महिदपुर और बड़नगर स्थित देशी मदिरा वेयरहाउस में काफी समय से* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ भोपाल पुलिस कमिश्नर से शिकायत

# अंधविश्वास फैलाकर कर रहे झूठा इलाज, हो रही मरीजों की 'मौत'

*एफआईआर दर्ज करने दलित पिछड़ा समाज संगठन ने आवेदन दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



धीरेंद्र शास्त्री



दामोदर यादव

कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के इलाज के दावों (खासकर कैंसर के इलाज) को लेकर भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा से शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने दलित पिछड़ा समाज संगठन ने आवेदन दिया है। दलित पिछड़ा समाज संगठन ने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के विरुद्ध गंभीर, समाज और मानव जीवन के लिए घातक अपराधों के संबंध में एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में डीजीपी और भोपाल पुलिस कमिश्नर को अलग-अलग लिखित शिकायतें सौंपी हैं। आवेदन में कहा है कि स्थानीय स्तर पर शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 173(4) के अंतर्गत यह शिकायत की गई हैं। दलित पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भीम आर्मी के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य दामोदर यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कथावाचक सांप्रदायिकता, छुआछूत और अंधविश्वास फैला कर लोगों को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

*पत्नी के लिए राशि एक हजार से बढ़ाकर छह हजार तक की गई*

# 18 की उम्र के बाद बेटा पिता से नहीं मांग सकता गुजारा भत्ता, कोर्ट ने परिवार न्यायालय का आदेश भी रद्द किया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि बेटे के बालिग यानी 18 साल का होने पर पिता से भरण-पोषण का अधिकार खत्म हो जाता है।

कोर्ट ने इस आधार पर बेटे के पक्ष में फैमिली कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही कोर्ट ने पत्नी के लिए बढ़ाई गई भरण-पोषण राशि को सही ठहराते हुए बरकरार रखा। इलाहाबाद हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने यह फैसला मोअज्जम अली की ओर से दायर याचिका पर दिया है। इसमें याची पति ने फैमिली कोर्ट भदोही के चार अगस्त 2023 के आदेश से पत्नी और बेटे के पक्ष में भरण पोषण की राशि में की गई बढ़ोतरी को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि आवेदक को फैमिली कोर्ट से कोई नोटिस या समन नहीं मिला। इतना ▶▶ शेष पेज 6 पर



फाइल फोटो

### याचिकाकर्ता पर 5 बच्चों की जिम्मेदारी

*वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता पर 5 बच्चों की जिम्मेदारी है। ऐसे में गुजारा भत्ता की राशि पत्नी के लिए एक हजार से बढ़ाकर छह हजार और बेटे के लिए 500 से अब चार हजार रुपए देना उसकी क्षमता से बाहर है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद में पाया कि बेटा बालिग हो चुका है। इसी आधार पर कोर्ट ने उसके संबंध में जारी भरण पोषण का आदेश रद्द कर दिया। हालांकि, पत्नी के लिए जो राशि बढ़ाकर छह हजार की गई थी उसे कोर्ट ने आज के समय के हिसाब से ज्यादा नहीं माना। कोर्ट ने कहा कि पति ने इनकम के सोर्स के सबंध में कोई ठोस सबूत नहीं दिए हैं।*

4 वन्य-जीव संरक्षण, वन अपराधियों के विरुद्ध...



5 सीएम डॉ. मोहन, मालदीव के मंत्री सईद...








## जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के अफसरों की मौजूदगी में पीर गेट, चौक बाजार, नदीम रोड से हटाए गए कब्जे

# पुराने शहर के बाजारों में अतिक्रमण पर चले हथौड़े, हाथापाई विरोध और वाद-विवाद के बीच छह घंटे तक चली कार्रवाई

### दुकानों के सामने बने पक्के चबूतरे, गेट, टेबल, काउंटर, ठेले, शेड आदि हटाए गए

*जिला प्रशासन, निगम अफसरों ने संभाल रखी थी अभियान की कमान*

*अपर आयुक्त दुकानदारों को देते रहे समझाइश और पीछे आता अमला करता रहा कार्रवाई*

*80 से अधिक निगम कर्मचारी, 50 पुलिस वालों सहित वाहनों का काफिला पहुंचा तो मचा हड़कंप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के बाजारों में दो दिन मुनादी के बाद बुधवार को निगम अमला अतिक्रमण हटाने दल-बल के साथ पहुंचा। जिला, पुलिस और निगम प्रशासन की मौजूदगी में सुबह 11 बजे पीर गेट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। यहां दुकानों के बाहर तक बने प्लेटफार्म तोड़ने निगम कर्मियों ने हथोड़े चलाना शुरू कर दिए। कुछ ही देर में रोड तक के कब्जे ढहा दिए। सख्त कार्रवाई देख पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसके बाद अमला चौक बाजार के संकरे रोड पर पहुंचा। चौक बाजार, चूड़ी बाजार, लखेरापुरा, नदीम रोड से कब्जे हटाने की कार्रवाई 6 घंटे तक चली। इस दौरान कई जगह हाथापाई, वाद-विवाद और हंगामे की स्थिति भी बनी। इस दौरान अमले ने कुल 9 ट्रक सामान जब्त किया।

चौक बाजार रोड पर एयरग्रीन कलेक्शन से टेबल और अन्य सामान निगम कर्मियों ने उठाकर अपने वाहन में रख दिया। दुकानदार ने आरोप लगाया कि उनकी दुकान के भीतर रखा सामान भी ले गए। उनके विरोध के बावजूद अमले ने उनकी कुछ बात नहीं सुनी और अपनी कार्रवाई करके आगे बढ़ गए। इसी तरह कालका जूस सेंटर पर दुकान के अंदर रखा काउंटर उठाने को लेकर हंगामा हो गया। दुकानदार का कहना था कि उनका काउंटर दुकान के दायरे के अंदर ही है, लेकिन जब तक मामला शांत होता तब तक दुकानदार का काफी नुकसान हो चुका था। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद काउंटर को नहीं हटाया। इसी तरह बटन बाजार में एक दुकान के सामने लगी जाली को जबरन उखाड़ने का विरोध हुआ। इस दौरान दुकानदार और अमले के बीच हाथापाई भी हुई, लेकिन कार्रवाई जारी रही।

हरिभूमि लाइव

### अपर आयुक्त वरुण अवस्थी ने संभाला अतिक्रमण अमले का नेतृत्व



चौक बाजार में टाइल्स से बना चबूतरा तोड़ते कर्मी।

अतिक्रमण अमले का नेतृत्व अपर आयुक्त वरुण अवस्थी कर रहे थे। वे आगे-आगे चल रहे थे। दुकानदारों को समझाइश दे रहे थे कि वे अपना सामान अंदर रखें।



दुकान से बाहर लोहे के एंगल भी तोड़ दिए गए।

### दुकानों के सामने पक्का निर्माण, बोर्ड, होर्डिंग्स, बैनर-पोस्टर हटाए

अमले ने कार्रवाई के दौरान दुकानों के सामने पक्का निर्माण, बोर्ड, होर्डिंग्स, बैनर्स, पोस्टर सहित ठेले व अस्थाई दुकानों को हटाने की कार्रवाई की व सामान जब्त किया।

### अतिक्रमण अधिकारी बोले- हमारे सामने हटाएं

अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया के सामने एक दुकानदार ने अपना सामान जब अंदर किया तो उनकी नजर पड़ गई। वे बोले हमारे सामने अपना रोड की तरफ बाहर निकला काउंटर हटा लें, नहीं तो हमारे जाने के बाद आप दोबारा वैसा ही कर लेंगे।



अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान हुए विवाद का एक दृश्य।

### कार्रवाई के बीच पीर गेट पर लगा ट्रैफिक जाम

बड़ी संख्या में वाहनों और दल-बल के साथ पहुंचे निगम अमले के कारण पीर गेट पर जाम लग गया। फूल बाजार से कार्रवाई के दौरान वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान यातायात पुलिस व्यवस्था संभाले रही।

### कार्रवाई देखने लोगों की उमड़ पड़ी भीड़

कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। लोग वीडियो बनाने लगे। इसके कारण अतिक्रमण अमले को परेशानी भी हुई। एनाउसमेंट करके उनसे हटने को कहा गया।



लखेरापुरा में सड़क तक आ रहे छप्परों को भी हटाया गया।

### दुकानदारों ने किया विरोध, कहा- जबरदस्ती सामान उठाना गलत

चौक बाजार, लखेरापुरा, चूडी बाजार में कुछ दुकानदारों ने कार्रवाई का इसलिए विरोध किया कि दुकानों के अंदर और दुकान के दायरे में सामान को भी निगम के अमले ने उठा लिया। कवर्ड नाली को तोड़ने का विरोध भी हुआ।



लखेरापुरा में कार्रवाई के दौरान हुआ विवाद।

### ये अधिकारी मौके पर रहे मौजूद

*जिला प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, निगम की ओर से अपर आयुक्त वरुण अवस्थी, अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया सहित शहर के अन्य क्षेत्रों के प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों सहित पुलिस के अधिकारी और पुलिस जवान मौजूद रहे।*

## शिक्षा, सड़क-बिजली के मुद्दों पर सदस्यों ने अफसरों को घेरा

# सदस्य पतियों को नहीं मिली जिला पंचायत की बैठक में एंट्री, तीन सदस्य बाहर निकलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैठक में एजेंडे को लेकर चर्चा करते सदस्य व सीईओ।

जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में सदस्य पतियों को एंट्री नहीं देने पर 3 महिला जिला पंचायत सदस्य उखड़ गईं। वे बीच बैठक से उठकर बाहर निकल गईं।

इधर, बैठक में अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर और सीईओ इला तिवारी के सामने सदस्यों ने अफसरों को शिक्षा, सड़क, वन और बिजली के मुद्दे पर घेरा। नोंकझोंक की स्थिति बनने पर सीईओ ने मामले को संभाला। इस बार जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक सभाकक्ष का रेनोवेशन होने की वजह से बरखेड़ी कलां स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र में हुई।

बैठक शुरू होते ही जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी ने कहा कि सदस्य मौजूद हैं, तो प्रतिनिधि को बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सदस्य प्रतिनिधि अनिल हाड़ा, सुरेश राजपूत और विनोद राजौरिया बैठक में शामिल हुए। कुछ देर तक तो प्रतिनिधि बैठे रहे, लेकिन फिर उठकर बाहर चले गए। उनके साथ सदस्य चंद्रेश राजपूत, बिजिया राजौरिया और देवकुंवर हाड़ा भी बाहर चली गईं। हालांकि, इसके बाद भी बैठक चलती रही और एजेंडे पर बात हुई।

### खितवास प्रिंसिपल पर कार्रवाई रिपोर्ट के बाद

एक सदस्य ने शिक्षा विभाग के विषय पर खितवास के हायर सेकंडरी स्कूल में प्रिंसिपल की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया। सदस्य ने कहा कि स्कूल में साइकिल वितरण नहीं हो पाया है। डीईओ एनके अहिरवार ने कहा कि प्रिंसिपल कोर्ट से स्टे ले आई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## निगमायुक्त ने किया तत्काल निलंबित

# वार्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री, प्रभारी गायब मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्री विश्वास सारंग बुधवार को अशोका गार्डन स्थित वार्ड-71 कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्हें वार्ड प्रभारी एएस ठाकुर थे। इस पर वे नाराज हुए। निगम आयुक्त ने जानकारी मिलने पर वार्ड प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

गौरतलब है कि मंत्री सारंग को क्षेत्र के लोगों से वार्ड प्रभारी के मौजूद नहीं रहने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसके कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मंत्री सारंग ने कहा कि जनसेवा में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करना जरूरी है ताकि आम नागरिकों को समय पर और सुचारु रूप से सेवाएं मिल सकें।




उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड कार्यालयों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। नागरिकों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करना आवश्यक है। ताकि आम नागरिकों को समय पर और सुचारु रूप से सेवाएं मिल सकें। मंत्री सारंग ने कहा कि नागरिकों से जुड़े कार्यों को लेकर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गोमांस कांडः इधर संभायुक्त की कार्रवाई, उधर संचालक ने की पोस्टिंग

# डॉ. गौर को जिस दिन सस्पेंड किया, उसी दिन कुक्कुट पालन में नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गोमांस मिलने जैसे संवेदनशील मामले में शुरूआती तौर पर दोषी पाए गए अफसर भी बच कर निकल गए हैं। जिस दिन स्लॉटर हाउस प्रभारी वेटरनरी डॉ. बेनी प्रसाद गौर को संभागायुक्त ने सस्पेंड किया था, उसी तारीख को वह नगर निगम से रिलीव होकर पशुपालन एवं डेयरी संचालनालय पहुंच गए।

पशुपालन के संचालक डॉ. पीएस पटेल ने भी बिना देरी किए डॉ. गौर की पोस्टिंग उसी दिन हथाईखेड़ा स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में भी कर दी, जबकि उनको निलंबित किया जा चुका था। उनसे कोई काम नहीं लिया जा सकता था। गौर के स्थान पर राज्य पशु चिकित्सालय के डॉ. पंकज कपूर की स्लॉटर हाउस में पदस्थापना कर दी गई। गौर और कपूर के ऑर्डर एक साथ निकाले गए। डॉ. कपूर ने जॉइन भी कर लिया है। स्लॉटर हाउस के वाहन में पिछले साल दिसंबर में बजरंग दल ने गोमांस होने का आरोप लगाया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मांस के कुछ सैंपल लेकर मथुरा जांच के लिए भेज दिए थे। इसकी रिपोर्ट में गौमांस की पुष्टि हुई थी।

### डॉक्टर ने ढंग से नहीं की ड्यूटी

गोमांस की रिपोर्ट आने के बाद नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने 12 जनवरी को संभागायुक्त को पत्र लिखा था। इसमें बताया था कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आदेश से पशु चिकित्सक सहायक शल्यज्ञ डॉ. बेनी प्रसाद गौर को स्लॉटर हाउस का प्रभारी पदस्थ किया गया था। उन्हें स्लॉटर हाउस के प्रबंधन, पर्यवेक्षण और समन्वय का काम भी सौंपा गया था। पत्र में आगे लिखा था कि गोमांस के संदिग्ध परिवहन को लेकर जहांगीराबाद थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। इससे शुरुआती तौर पर ऐसा लगता है कि डॉ. गौर ने अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया।

### डॉ. गौर के खिलाफ बन रहा आरोप-पत्र

संभागायुक्त ने निलंबन आदेश की कॉपी निगम कमिश्नर को भेजते हुए इसे तामील कराने और तीन दिन में इसकी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए थे। साथ ही डॉ. गौर के खिलाफ आरोप पत्र, आधार पत्र भी जल्द बना कर भेजने के लिए कहा था। निगम प्रशासन अभी डॉ. गौर पर आरोप तय कर रहा है। यह शीघ्र तैयार होने की बात अधिकारी कह रहे हैं।



## छोला हनुमान मंदिर में चल रही भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह

# हर व्यक्ति को जीवन में करते रहना चाहिए परमात्मा का चिंतनः पं. ओमप्रकाश शास्त्री

21वें वर्ष में चल रही भागवत कथा में बोले कथा व्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


भागवत कथा का दृश्य।

राजधानी के छोला दशहेरा मैदान में श्री विश्व राधा कृष्ण योग प्रचार समिति के तत्वावधान में 21वें वर्ष में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास पंडित ओम प्रकाश शास्त्री ने श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने 16 हजार 108 विवाह किए, तब भी वह योगीराज कहलाए। भगवान का मन और चित्त हमेशा जनकल्याण एवं भक्तों के उद्धार के लिए लगा रहता था। व्यक्ति को अपने जीवन में सदैव परमपिता परमात्मा का चिंतन करते रहना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति का उद्धार होता है। कलयुग में भगवान नाम लेने से ही व्यक्ति का उद्धार हो जाता है, जितना हो सके, सच्चे मन से भगवान का भजन पूजन करते रहे। भगवान का पूजन करने से व्यक्ति का मन, चित्त शुद्ध बने रहते हैं एवं आनंद की लहर घर-आंगन में बनी रहती हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी के पत्र को पढ़कर उनका हरण कर उनसे विवाह किया। इस दौरान भागवत कथा पंडाल में भी श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की सुंदर झांकी सजाई गई। इससे पूर्व व्यास पीठ का पूजन डॉ रेखा शैलेश श्रीवास्तव, जयराम रेखा तिवारी आदि ने किया। संस्था सदस्य प्रणय शर्मा ने बताया कि गुरुवार को सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन होगा।

### श्रीकृष्ण ने लीलाओं के जरिए दिया प्रकृति संरक्षण का संदेशः पं.शास्त्री

कथा के दौरान कथा व्यास पं ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीला के द्वारा जनकल्याण की शिक्षा दी। साथ ही प्रकृति सरंक्षण का संदेश दिया। भगवान की हर लीला केवल ओर केवल जन कल्याण के लिए रही। जिनके जरिए केवल समाज को संदेश दिया बल्कि पूरे विश्व में प्रकृति को सर्वोपरि बताया।

## अब तक आए कुल 42 हजार नए आवेदन

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का आखिरी दिन आज


एसआईआर प्रक्रिया का दृश्य।

नो मैपिंग वाले मतदाताओं की 14 फरवरी तक चलेगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत 23 दिसंबर से 21 जनवरी तक 42 हजार मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 पेश किया है। गुरुवार को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का आखिरी दिन है, जिसके बाद नए नाम जोड़ने का काम बंद कर दिया जाएगा। हालांकि 14 फरवरी तक जिले के नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई का काम जारी रहेगा। अब तक 30 हजार से अधिक लोगों ने मतदाता सूची में नाम, पता और विधानसभा में बदलाव करने के आवेदन भी दिए हैं। एसआईआर के दौरान मृत, शिफ्टेड, एबसेंट और डबल एंट्री वाले मतदाताओं का नाम काटने के बाद भोपाल की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विस में 16 लाख 87 हजार 33 मतदाता शेष बचे हैं। एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं के वेरिफिकेशन के बाद ही नाम मतदाता सूची में बन रहेंगे। दस्तावेज पेश नहीं करने वाले मतदाताओं के नाम भी इस लिस्ट से काट दिए जाएंगे। जिले में 4 लाख 38 हजार 317 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। जिसके बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि यहां एक लाख से अधिक नाम जुड़वाने के आवेदन आएंगे, लेकिन अब तक 42 हजार मतदाताओं ने हीं आवेदन पेश किए हैं, जिसमें तीस हजार से अधिक पहली बार नाम जुड़वाने वाले मतदाता शामिल हैं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि वोटर लिस्ट में नाम जुड़ावाने का आखिरी दिन है।

## खबर संक्षेप

### बालाजी बायो प्रदूषण मामले में एचसी ने मांगा जवाब

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में 19 जनवरी 2026 को बालाजी बायो द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण संबंधी शिकायतों पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। यह सुनवाई मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष संपन्न हुई। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन से जवाब तलब किया तथा सभी संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। इस जनहित याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार यादव ने पैरवी की।

### मैनिटः नवाचार और उत्साह का महाकुंभ आज से

**भोपाल।** गुरुवार से मैनिट में नवाचार और उत्साह के महाकुंभ मैफिक एक्स टेक्नोसर्च 2026 की शुरुआत होने जा रही है। मैनिट परिसर में चार दिन दिन ऊर्जा, नवाचार और रचनात्मकता से सराबोर होने जा रहा है। गुरुवार से 25 जनवरी तक आयोजित मैफिक एक्स टेक्नोसर्च 2026 चार दिनों तक तकनीक, प्रतिस्पर्धा, कला और सामाजिक सरोकारों का उत्सव प्रस्तुत करेगा। इन प्रतियोगिताओं, कॉन्क्लेव और शोकेस का नेतृत्व छात्र और संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। पहले दिन सबसे खास कार्यक्रम होंगे। थिंक इंडिया द्वारा आयोजित इनोफेस्ट 3.0 में राष्ट्र-केंद्रित नवाचार पर विशेष व्याख्यान के साथ ही पैनल चर्चाएं और छात्र शोकेस होंगे।

## विशेष पुलिस महानिदेशक एसटीएफ की अध्यक्षता में मप्र स्टेट टाइगर सेल की 8वीं बैठक

# वन्य-जीव संरक्षण, वन अपराधियों के विरुद्ध की जाएगी कड़ी से कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विशेष पुलिस महानिदेशक एसटीएफ की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर सेल की 8वीं बैठक हुई। बैठक में बाघ, तेंदुआ, हाथी और अन्य वन्य-जीवों के उत्पन्न संकट पर चर्चा की गई। विगत वर्षों में बाघ और तेंदुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी एवं विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं में शिकार, सड़क दुर्घटना, रेल दुर्घटना एवं बिजली करंट से मृत्यु की जानकारी साझा की गई।

इस घटनाओं को रोकने के लिये ठोस कदम उठाने के लिये सभी ने सहमति दी। चर्चा में वन अपराधों की बढ़ती संख्या एवं अपराधियों द्वारा इजाज किये जा रहे तरीकों के आंकड़े, जो चिंता का विषय हैं, इस पर भी सभी विभागों द्वारा आपसी सहयोग कर प्रभावी रोकथाम पर सहमति बनी। इसके लिये वन विभाग द्वारा सभी संबंधित विभागों को वन अपराध एवं अपराधियों का डाटा साझा किये जाने पर सहमति दी गई।

बैठक में सभी विभागों ने प्रदेश स्तर पर समन्वय के साथ जिला स्तर पर भी आपसी सहयोग से वन्य-जीव संरक्षण व वन्य अपराध को कम करने और अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने पर सहमति बनी। मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर सेल के अध्यक्ष व विशेष पुलिस महानिदेशक पुलिस की क्राइम समीक्षा बैठक में वन अपराध प्रकरणों को शामिल करने पर भी सहमति बनी। खुफिया तंत्र मजबूत एवं वाइल्ड लाइफ क्राइम हॉर्ट-स्पॉट की जानकारी वन विभाग से पुलिस को प्रदाय करने के लिये सुझाव दिए गए है।

### खास बातें

- शिकार, सड़क दुर्घटना, रेल दुर्घटना एवं बिजली करंट से मृत्यु की जानकारी साझा की गई
- स्पेशल डीजी एसटीएफ की क्राइम समीक्षा में वन अपराध भी होंगे शामिल


फाइल फोटो।

### बाघ संरक्षण की वैश्विक मिसाल बना मध्यप्रदेश

#### सुशासन, जन-सहभागिता और सतर्क निगरानी तंत्र से टाइगर स्टेट की पहचान हुई मजबूत

जैव-विविधता और वन्यप्राणी संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश राष्ट्रीय के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सशक्त पहचान बना चुका है। लगभग एक-तिहाई भू-भाग वनाच्छादित है, यही कारण है कि यहां वन्यजीवों, विशेषकर बाघ, तेंदुआ, चीता जैसी बिग-कैट प्रजाति के लिए अनुकूल प्राकृतिक आवास उपलब्ध हैं। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 में कराई गई बाघ गणना के अनुसार देश में कुल 3,682 बाघ पाए गए हैं, जिनमें से 785 बाघ मध्यप्रदेश में दर्ज किए गए। यह संख्या देश में सर्वाधिक है। इसी के आधार पर मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का गौरव प्राप्त हुआ है।मध्यप्रदेश में बाघों की बढ़ती संख्या, वैज्ञानिक प्रबंधन, पारदर्शी आंकड़े और सख्त निगरानी यह प्रमाणित करती है कि प्रदेश वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। यदि यही निरंतरता बनी रही, तो आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश न केवल टाइगर स्टेट बल्कि वैश्विक संरक्षण मॉडल के रूप में भी स्थापित होगा।

### ऑनलाइन बुकिंग संबंधी फ्रॉड की रोकथाम पर हुई चर्चा

बैठक में वन अपराध में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध आवश्यकता होने पर आर्म्स एक्ट व आईटी एक्ट, बीएएनएस के अंतर्गत कार्यवाही एवं वन विभाग के फरार वारंटी आरोपी की गिरफ्तारी के लिये कार्यवाही में सहयोग करने की सहमति बनी। वन्य-जीव से जुड़े मामलों पर डिजिटल निगरानी, कार्यवाही एवं टाइगर रिजर्व में पर्यटन के लिये ऑनलाइन बुकिंग संबंधी फ्रॉड की रोकथाम की कार्यवाही पर भी चर्चा हुई बैठक में रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी के साथ वन विभाग के स्वान दस्ता की संयुक्त गश्ती पर सहमति बनी।

### प्रत्येक वर्ष स्टेट टाइगर सेल की बैठक आयोजित किए जाने पर भी सहमति

यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा एवं त्वरित निराकरण के लिये संचालक अभियोजन संचालनालय द्वारा सुझाव दिये गये। वन अमले की क्षमता उन्नयन के लिये अन्य विभागों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण के लिये सहमति बनी। राज्य, संभागीय एवं जिला स्तरीय स्टेट टाइगर सेल को प्रभावी बनाने एवं पुनर्गठन के लिये राजस्व विभाग को भी शामिल किये जाने पर चर्चा की गई और प्रत्येक वर्ष स्टेट टाइगर सेल की बैठक आयोजित किये जाने पर भी सहमति बनी।

### कई एजेंसियों के अफसर भी बैठक में रहे मौजूद

बैठक में विभिन्न कानून प्रवर्तन संस्थाओं जैसे वन्य-जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, संचालनालय लोक अभियोजन, रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस, सायबर पुलिस, डीआरआई, सीबीआई, कस्टम, इंटेलिजेंस ब्यूरो, वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एवं हेल्थ, एनएफएसयू, एनटीसीए, स्टेट फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भोपाल एवं सागर, परिवर्तन निदेशालय मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी, समस्त टाइगर रिजर्व और मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## एम्स में 'ट्विन टाउन' पर रिसर्च

# समय से पहले जन्म लेते हैं जुड़वां तो एक साथ ही कराएं स्तनपान




एम्स भोपाल और एम्स भुवनेश्वर के विशेषज्ञों ने कोदिन्ही 'ट्विन टाउन' पर किया अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केरल का छोटा सा गांव कोदिन्ही दुनिया भर में 'ट्विन टाउन' के नाम से मशहूर है। वजह है यहां जन्म लेने वाले जुड़वां बच्चों की असामान्य रूप से ज्यादा संख्या। इसी गांव पर एम्स भोपाल की डॉ. गीता भारद्वाज और एम्स भुवनेश्वर की डॉ. एमवी स्मिथा के एक संयुक्त अध्ययन किया है, जिसमें जुड़वां बच्चों को स्तनपान कराने में आने वाली चुनौतियों और उसके समाधान तलाशे गए। अध्ययन में पाया गया कि ज्यादातर जुड़वां बच्चे समय से पहले जन्म लेते हैं और उनका वजन कम होता है, ऐसे में पहले छह महीने तक स्तनपान बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन भारी थकान, दूध की कमी का डर और दो बच्चों की संभाल के दबाव के कारण सिर्फ चार प्रतिशत माताएं ही पूरी तरह स्तनपान करा सकी।

### 70 प्रतिशत माताओं को स्तनपान से होती है भारी थकान

अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि लगभग 70 प्रतिशत माताओं ने स्तनपान के दौरान अत्यधिक शारीरिक थकान की शिकायत की। इसके अलावा दूध की कमी का डर और एक साथ दो बच्चों को संभालने की व्यावहारिक कठिनाइयां आम रही। अध्ययन में एक सकारात्मक पहलू भी सामने आया। कई माताओं ने थकान और सीमाओं के बावजूद अपने जुड़वां बच्चों को एक से दो साल तक स्तनपान कराया।

### एक साथ दूध पिलाना जुड़वां बच्चों के लिए लाभकारी

कुछ माताओं ने 'टैंडम ब्रेस्टफीडिंग' यानी दोनों बच्चों को एक साथ दूध पिलाने की विधि अपनाई, जिससे बच्चों की जरूरतें पूरी करने में मदद मिली। शोधकतार्ओं के अनुसार, भले ही विशेष स्तनपान हर मां के लिए संभव न हो, परंतु लंबे समय तक स्तनपान और एक साथ दूध पिलाने की विधि जुड़वां बच्चों के लिए बेहद लाभकारी है।

### 'ट्विन टाउन' कोदिन्ही से सामने आया

एम्स भोपाल की सहायक प्राध्यापक डॉ. गीता भारद्वाज और एम्स भुवनेश्वर की डॉ. एमवी स्मिथा ने कोदिन्ही गांव में यह अध्ययन किया, जहां लगभग 400 जुड़वां जोड़े रहते हैं। गांव को भारत में सबसे अधिक और दुनिया में दूसरा सबसे अधिक जुड़वां जन्म दर वाला क्षेत्र माना जाता है। यह गांव वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए वर्षों से शोध का विषय रहा है। अध्ययन में पाया गया कि जुड़वां बच्चे अधिकतर समय से पहले जन्म लेते हैं, उनका वजन कम होता है और उनमें संक्रमण का खतरा अधिक रहता है।

## भोपाल-बैरसिया रोड पर बढ़ रहे हादसों के मद्देनजर सड़क पर उतरी पुलिस टीम

# हादसों के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लगाए रेडियम रिफ्लेक्टर

1 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


सुरक्षा के मद्देनजर रेडियम लगाते पुलिसकर्मी।

भोपाल-बैरसिया रोड पर बढ़ रहे हादसों पर अंकुश लगाने के लिए बुधवार सुबह गुनगा पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस सड़क पर उतरी और ट्रैक्टर ट्रॉली में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए।

दरअसल, सड़क सुरक्षा महीने 1 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) रामशरण प्रजापति ने बताया कि देहात पुलिस द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को गुनगा थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर के नेतृत्व में अरविंद भार्गव शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, हर्राखेड़ा में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य, यातायात नियमों के पालन का महत्व, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के उपयोग, सुरक्षित रूप से सड़क पार करने के नियम तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य संघमित्रा अग्निहोत्री सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यातायात सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ही थाना गुनगा क्षेत्रांतर्गत पुलिस चौकी इमला पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान लगभग 25 ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं लोडिंग वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए, जिससे रात में आगे चल रहे वाहनों पर नजर पड़ सके। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए समझाइश दी गई तथा नियमों का उल्लंघन करने पर वैधानिक चालानी कार्रवाई भी की गई।

# स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला आयोजित, महापौर ने दिए टिप्स

**कहा- हर बच्चे में स्वच्छता की आदत होना चाहिए, ताकि सबके प्रयासों से शहर देश में स्वच्छता का सिरमौर बने**

**शहर के नागरिकों ने नगर निगम की ओर से की जा रही स्वच्छता की गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें शामिल स्कूल के संचालकों को महापौर ने स्वच्छता के टिप्स देते हुए कहा कि हर बच्चे में स्वच्छता की आदत होना चाहिए। स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला आयोजित करने व विद्यार्थियों व स्कूल के अन्य स्टॉफ में भी क्षमता निर्माण के दृष्टिगत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्कशॉप को संबोधित करते हुए महापौर राय ने कहा कि नागरिकों ने नगर निगम द्वारा की जा रही स्वच्छता की गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है और हमारा शहर देश की सबसे स्वच्छ राजधानी होने के साथ ही देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर बना है। हम सबका प्रयास है कि हमारा शहर देश में स्वच्छता का सिरमौर बने।

## पारदर्शी, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

# टंकी की सफाई, पानी के सैंपल की जानकारी ऑनलाइन देगी अमृत रेखा

निगरानी व मूल्यांकन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


प्रशिक्षण कार्यक्रम अमृत रेखा की टीम।

नगर निगम ग्वालियर के अंतर्गत नागरिक सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अमृत रेखा, जिला जीआईएस तथा परख वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम ईक्यूआई सेल बाल भवन मीटिंग हॉल नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया गया। अपर आयुक्त, टी प्रतीक राव नगर निगम, ग्वालियर, संजीव कुमार गुप्ता, कार्यपालन यंत्री, जल प्रदाय विभाग, सुशील कटारे कार्यपालन यंत्री, जनकार्य विभाग, सुरेश अहिरवार, कार्यपालन यंत्री जनकार्य एवं जल प्रदाय विभाग के समस्त सहायक यंत्री एवं उपयंत्री तथा क्षेत्राधिकारी एवं जीआईएस एक्सपर्ट जलज पाराशर नगर निगम से उपस्थित रहे। अमृत रेखा एप एवं पोर्टल के बारे में प्रशिक्षण दिए जाने के लिए एमपी एसईडीसी से अंकिता भारद्वाज, जीआईएस डाटा स्पेशलिस्ट, नीतेश शर्मा, जीआईएस एक्सक्यूटिव, अरुण प्रताप सिंह राजपूत, जीआईएस एक्सक्यूटिव ने प्रतिभागियों को अमृत रेखा के माध्यम से ऑनलाइन टंकी की सफाई कब की गई, उससे लिए गए पानी के सैंपल तथा उपयोग के अंतिम छोर पर पानी के लिए गए सैंपल की टेस्ट रिपोर्ट लैब टेक्निशयन तत्काल भरी जा सकेगी, जो पोर्टल पर प्रदर्शित होगी तथा जल प्रदाय विभाग अपने ट्यूबवेल, हैंडपंप, कुंए बावड़ी को भी असेस्ट्स मैपिंग के माध्यम से चिन्हांकित करने का कार्य प्रारम्भ करेंगे। सभी पानी की टंकी की लोकेशन, पानी की लाइन तथा सीवर लाइन का डेटा एप पर अपलोड होने के लिए भेजा गया है। जो एप प्राप्त होने वाली नागरिक शिकायतों के निराकरण, जिला जीआईएस पोर्टल पर शासकीय परिसंपत्तियों एवं सेवाओं की मैपिंग तथा परख वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से कार्यों की निगरानी एवं मूल्यांकन की जानकारी दी गई।

### पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि और फीडबैक सिस्टम के बारे में प्रशिक्षित किया

प्रशिक्षण सत्र में बताया गया कि इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रभावी उपयोग से शिकायत निवारण प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सकेगा, विभागीय कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा आम नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इसके साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि, रिपोर्टिंग प्रक्रिया और फीडबैक सिस्टम के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। नगर निगम प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया कि भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि डिजिटल शासन (ई-गवर्नेंस) को और अधिक मजबूत बनाया जा सके एवं स्मार्ट सिटी की दिशा में ग्वालियर नगर निगम के प्रयासों को गति मिले।


प्रशिक्षण कार्यक्रम।

### पानी में क्लोरीन की जांच मौके पर, लेकिन कम्पलीट जांच 24 से 36 घंटे में

**भोपाल।** इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद राजधानी में पानी की सैंपलिंग शुरू की गई है। मैदान में जो जिन 25 लोगों की टीम जांच के लिए उतारी गई है वे केवल क्लोरीन जांच कर रही है। अन्य जांचों के लिए सैंपल शहर की 8 लैबों में भेजे जा रहे हैं। अब तक 5500 से ज्यादा सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। मैदानी अमले को टेस्टिंग किट दी गई है। जल कार्य विभाग के प्रभारी अधिकारी उदित गर्ग ने बताया कि जो सैंपल एकत्र किए जा रहे हैं उन्हें लैब में भेजा जाता है। इसकी रिपोर्ट 24 से 36 घंटे में आती है। जो टीम मौके पर पानी के सैंपल की जांच कर रही है वे क्लोरीन जांच रही है। पानी के सैंपल लेकर लोग निगम की लैब में भी जांच करवाने पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### विंध्य एकता परिषद के पाठक बने अध्यक्ष बघेल महासचिव



भोपाल। मध्य प्रदेश विंध्य एकता परिषद की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा 25 दिसंबर 2025 को लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद की गई, जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया था। रजिस्ट्रीकरण नियम 1973 के अनुसार, इस प्रस्ताव के आधार पर नई कार्यकारिणी को मान्यता दी गई है। नई कार्यकारिणी में शैलेंद्र पाठक को अध्यक्ष और आरके सिंह बघेल को महासचिव नियुक्त किया गया है। महेंद्र शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमोद उपाध्याय सचिव, और राजेंद्र मिश्रा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। अन्य पदाधिकारियों में प्रभाकर मिश्रा उपकोषाध्यक्ष, अशोक सेन संगठन सचिव और राजकुमार उपाध्याय सांस्कृतिक सचिव शामिल हैं। प्रेम नाथ कुशवाहा, रोहित तिवारी, रावेंद्र पटेल, आरजे जायसवाल और राम निवास वर्मा को सदस्य बनाया गया है। यह कार्यकारिणी अगले तीन वर्षों के लिए वैध रहेगी।

### पशुपालन एवं पशु कल्याण माह के तहत राज्य स्तरीय युवा संवाद आयोजित

भोपाल। पशुपालन एवं पशु कल्याण विभाग की ओर से जागरूकता माह के तहत आयोजित युवा संवाद के दौरान बकरी पालन, दुग्ध प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन में उद्यमिता, पशु कल्याण से संबंधित नियम, पोल्ट्री उद्योग, चारा उत्पादन में उद्यमिता और पशुपालकों के लिए संचालित योजनाओं की विषय-विशेषज्ञों की ओर से जानकारी दी गई। बुधवार को राज्य स्तरीय युवा संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय ने युवा संवाद आयोजित किया।

### वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 दावोस में हुई वन-टू-वन बातचीत

# सीएम डॉ. मोहन, मालदीव के मंत्री सईद के बीच पर्यटन एवं बहु क्षेत्रीय सहयोग पर बनी सहमति

**चिकित्सा, शिक्षा, वन्य जीव संरक्षण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 के अवसर पर दावोस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद से वन-टू-वन चर्चा की। बैठक में पर्यटन को साझा आधार बनाते हुए चिकित्सा, शिक्षा, वन्य जीव संरक्षण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचार किया। दावोस में आयोजित इस द्विपक्षीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र और मालदीव के बीच कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ परस्पर पूरक क्षमताओं के आधार पर दीर्घकालिक साझेदारी विकसित की जा सकती है। उन्होंने विशेष रूप से चिकित्सा पर्यटन, मत्स्य पालन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, वन्य जीव संरक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों को सहयोग के प्रमुख आयाम बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र की समृद्ध जैव-विविधता, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वन्य जीव अभयारण्य, तेजी से उभरता मेडिकल इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और सांस्कृतिक विरासत राज्य को वैश्विक सहयोग के लिए सक्षम भागीदार बनाते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि पर्यटन आधारित सहयोग से निवेश, कौशल विकास और लोगों के बीच संपर्क को मजबूती मिलेगी।

> मालदीव, मध्यप्रदेश के साथ मिलकर पर्यटन, मानव संसाधन विकास और अनुभव साझा करने के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक




मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री सईद से भेंट करते सीएम डॉ. मोहन।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल**

मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने पर्यटन को दोनों क्षेत्रों के बीच स्वाभाविक और सशक्त सेतु बताया। उन्होंने कहा कि मालदीव, मध्यप्रदेश के साथ मिलकर पर्यटन, मानव संसाधन विकास और अनुभव साझा करने के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक है। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी संवाद को संस्थागत रूप देने, प्रतिनिधिमंडल स्तर के दौरों को प्रोत्साहित करने और सहयोग के ठोस रोडमैप पर आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच पर हुई यह बातचीत अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है।

**सहयोग के विभिन्न आयामों पर हुआ विस्तृत और सार्थक विचार-विमर्श**

# एआई आधारित नवाचारों से किसान और समाज के विभिन्न वर्ग होंगे सशक्त : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग से किसानों सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिक दक्षता और पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि एआई को विभिन्न शासकीय डाटाबेस से जोड़कर सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

डॉ. यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस में एनवीआईडीआईए की ग्लोबल एआई इनिशिएटिव्स की उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड के साथ हुई बैठक में यह बात कही। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में एआई और उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित पहलों के विस्तार, नवाचार को प्रोत्साहन देने और संभावित सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तृत और सार्थक विचार-विमर्श किया गया।



उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड से चर्चा करते सीएम।

**बैठक में दी गई मप्र के बारे में यह जानकारी**

बैठक में बताया कि मध्यप्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल प्लेटफॉर्म और नवाचारों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया गया है, वहीं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों को बेहतर जानकारी, सेवाएं और निर्णय-सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डिजिटल समाधान, डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों को अपनाकर शासन व्यवस्था और सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाया जा रहा है।

**पांच प्रमुख रणनीतियों पर कार्य कर रही एनवीआईडीआईए**

कैलिस्टा रेडमंड ने कहा कि एनवीआईडीआईए संप्रभु (सॉवरेन) एआई के विकास के लिए पांच प्रमुख रणनीतियों पर कार्य कर रही है, जिनका उद्देश्य एआई को देशों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाना है। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से कुशल मानव संसाधन को उपयुक्त उद्योगों और अवसरों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सकता है, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में संचालित एआई पायलट प्रोजेक्ट्स का उल्लेख भी किया।

# राज्यपाल भोपाल, सीएम उज्जैन ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गणतंत्र दिवस पर राजधानी और जिला मुख्यालयों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर राज्य शासन ने मुख्य अतिथि तय कर दिए हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल भोपाल के लाल परेड में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में तिरंगे की सलामी लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ग्वालियर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी किए हैं। मंत्रियों को प्रभार के जिलों में कार्यक्रम का अतिथि बनाया है। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल सागर और जगदीश देवड़ा इंदौर के मुख्य अतिथि बनाए हैं। इंदौर अभी किसी मंत्री के पास प्रभार में नहीं है। जिन जिलों में कलेक्टर मुख्य अतिथि होंगे, उनमें देवास, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, मुरैना, मंदसौर, श्योपुर, भिंड, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, बैतूल, हरदा, सिंगरौली, नरसिंहपुर, बालाघाट, पांढुर्णा शामिल है।

**कौन-कहां फहराएंगे ध्वज**

| नाम | जिला |
|---|---|
| राजेंद्र शुक्ल | सागर |
| कुंवर विजय शाह | रतलाम |
| प्रह्लाद सिंह पटेल | रीवा |
| राकेश सिंह मंत्री | छिंदवाड़ा |
| करण सिंह वर्मा | सिवनी |
| उदय प्रताप सिंह | कटनी |
| संपतिया उइके | जबलपुर |
| तुलसीराम सिलावट | बुरहानपुर |
| एदल सिंह कंसाना | दतिया |
| निर्मला भूरिया | नीमच |
| गोविंद सिंह राजपूत | गुना |
| विश्वास सारंग | खरगोन |
| नारायण सिंह कुशवाह | शाजापुर |
| नागर सिंह चौहान | आगर-मालवा |
| प्रद्युम्न सिंह तोमर | शिवपुरी |
| राकेश शुक्ला | अशोकनगर |
| चैतन्य काश्यप | राजगढ़ |
| इंदर सिंह परमार | दमोह |
| कृष्णा गौर | सीहोर |
| धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी | खंडवा |
| दिलीप जायसवाल | मंडला |
| गौतम टेटवाल | बड़वानी |
| लखन सिंह पटेल | विदिशा |
| नारायण सिंह पंवार | रायसेन |
| नरेंद्र शिवाजी पटेल | नर्मदापुरम |
| प्रतिमा बागरी | डिंडौरी |
| दिलीप अहिरवार | अनूपपुर |
| राधा सिंह | मैहर |

### इंतजामों को लेकर संभाग कमिश्नर ने ली बैठक

# 24 को होगी फुल ड्रेस रिहर्सल बच्चे पेश करेंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने लाल परेड ग्राउंड पर बैठक रखी, जिसमें 24 जनवरी को रखी गई फुल ड्रेस रिहर्सल के पहले तैयारियां पूरी करने की हिदायत दी गई।

कमिश्नर ने कहा कि कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के कार्यक्रम भी पेश किए जाने हैं, जिसको लेकर सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर दिए जाएं।



उन्होंने झांकियों के निर्माण की जानकारी लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए शिक्षा और संस्कृति विभाग को निर्देश दिए कि सभी प्रस्तुति समय में की जाएं।

### मेयर की नेम प्लेट पर कालिख पोती

# स्लॉटर मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने किया महापौर के बंगले का घेराव



गोकशी के विरोध में की नारेबाजी करते प्रदर्शनकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में स्लॉटर हाउस मामले को लेकर बुधवार को हिंदू संगठनों ने महापौर मालती राय के बंगले पर हंगामा कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नेम प्लेट पर कालिख पोत दी और बैनर-पोस्टर फाड़ दिए। महापौर इस्तीफा दो के नारे लगाए। वे जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बंगले के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान महापौर मालती राय की नेम प्लेट और होर्डिंग्स पर लगी फोटो पर स्याही पोत दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह प्रतीकात्मक विरोध है जो नगर निगम की भूमिका और स्लॉटर हाउस में कथित गोकशी के मामलों पर कार्रवाई न होने के खिलाफ किया गया है।

**कार्रवाई होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन**

*महापौर बंगले के सामने प्रदर्शन करते हुए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने महापौर मालती राय से इस्तीफा मांगा। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारों पर कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बंगले की दीवारों पर महापौर इस्तीफा दो लिख दिया। बंगले के बाहर लगे होर्डिंग्स पर स्याही पोत दी और दाढ़ी बना दी।*

### स्लॉटर हाउस निरीक्षण करने पहुंचे कांग्रेसी

# मेन गेट सील, पीछे का दरवाजा खुला मिला, कहा- निष्पक्ष जांच की जाएं



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिंसी स्थित स्लॉटर हाउस का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पाया कि एक ओर सामने का मेन गेट सील दर्शाया गया था तो वहीं दूसरी ओर पीछे का दरवाज़ा खुला हुआ मिला, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिला कि प्रशासन को गुमराह करते हुए पीछे के रास्ते से अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

कांग्रेस महासचिव अमित शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के समय मौके पर स्लॉटर हाउस संचालक असलम चमड़ा के निजी वाहन तथा नगर निगम के वाहन भी बाहर खड़े पाए गए। साथ ही यह भी जानकारी सामने आई कि निरीक्षण की सूचना मिलते ही महत्वपूर्ण फाइलों, दस्तावेज़ों एवं सबूतों को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा था, जो पूरे मामले को और अधिक गंभीर बनाता है।

कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के हस्तक्षेप के बाद पूरा स्लॉटर हाउस तत्काल प्रभाव से पूरी तरह सीलबंद करवाया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि आगे न हो सके और साक्ष्यों से छेड़छाड़ न की जा सके। कांग्रेस पार्टी ने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक लापरवाही और संभावित मिली भगत का परिणाम बताते हुए निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण समिति की बैठक

**सुझाव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी**

# भूमि अर्जन में किसानों या संबंधित को न्यायसंगत मुआवजा मिले, इसलिए सुझाव किए आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार विकास के साथ उन किसानों एवं आम नागरिकों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाए, जिनकी भूमि विकास परियोजनाओं के लिए उपयोग में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भूमि अर्जन की प्रक्रिया ऐसी हो कि प्रभावित परिवारों को उचित, न्यायसंगत और बेहतर मुआवजा प्राप्त हो सके। मंत्री सिंह ने मंत्रालय में भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण समिति की बैठक में यह बात कही।

बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप उपस्थित थे। इसी क्रम में बुधवार को मंत्रालय में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी हितधारकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई और महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। इसके बाद तीनों मंत्रियों ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि सुझाव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित की गई है। इसके लिए psrev-enue<\@>mp.gov.in ई-मेल आईडी भी जारी की गई है, जिस पर कोई भी नागरिक अपने सुझाव भेज सकता है। प्राप्त सुझावों का व्यवहारिक एवं तथ्यात्मक अध्ययन किया जाएगा, जिसके पश्चात समिति आगे की आवश्यक कार्रवाई करेगी।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री सिंह।

**विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भूमि की उपलब्धता जरूरी: सिंह**

मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास, अधोसंरचना निर्माण और अन्य विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भूमि की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। यह भूमि शासकीय भी हो सकती है और निजी भी। भूमि अर्जन के दौरान अधोसंरचना से जुड़े कार्यों में मुआवजा राशि की गणना में किसी भी प्रकार की विसंगति न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण के लिए मंत्री समिति का गठन किया गया है।



## खबर संक्षेप

### एमवे का न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस लांच

**नई दिल्ली।** वेलनेस के क्षेत्र में कंपनी एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस लांच किया है,जो एक वैज्ञानिक रूप से तैयार न्यूट्रास्युटिकल है जिसमें भीतर से स्वस्थ बालों, त्वचा और नाखूनों को सहारा देने वाले तत्व शामिल हैं। इसे बायोटिन से परे फ़ॉर्मूलेशन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक,रजनीश चोपड़ा ने कहाकि यह उत्पाद 100 फीसदी अनुशंसित आहार मात्रा प्रदान करता है।



### प्रतियोगिता में 136 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**भोपाल।** आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड (एमपी बिरला ग्रुप) के सीएसआर विभाग द्वारा खदान क्षेत्रों के आसपास स्थित शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए अंतरशालेय संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय माध्यमिक शाला सढेरा, बंधी, घुरवाई एवं देवरी के कुल 136 विद्यार्थियों ने खो-खो, 100 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### एचडीएफसी बैंक देगा 20 करोड़ रुपए

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम 'परिवर्तन स्टार्टअप ग्रांट्स प्रोग्राम' के वित्तीय वर्ष 2026 एडिशन को लांच किया। यह प्रोग्राम सोशल इम्पैक्ट-आधारित इनोवेशन को सपोर्ट करता है। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन वित्त वर्ष 2026 में नॉन-डाइल्यूटिव ग्रांट्स के जरिए 20 करोड़ रुपये देगा जो आमतौर पर पायलट, वैलिडेशन और शुरुआती स्टेज के स्केल-अप को सक्षम बनाएगा।

### फेडरल बैंक ने शुरू किया 'पिंक टैग प्रोजेक्ट'

**मुंबई।** फेडरल बैंक हॉरमिस मेमोरियल फाउंडेशन नॉलेज पार्टनर टाटा ट्रस्ट्स द्वारा शुरू की गई परिवर्तनकारी पहल "संजीवनीः यूनाइटेड अगेंस्ट कैंसर" के तीसरे संस्करण में द पिंक टैग प्रोजेक्ट लांच किया गया है। फेडरल बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर एमवीएस मूर्ति ने पिंक टैग प्रोजेक्ट व्यवहार आधारित डिजाइन की ताकत को दिखाता है।

### अंतर्देशीय जल परिवहन देगा विकास को नई दिशा

**नई दिल्ली।** अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) क्षेत्र की उपलब्धियों को रेखांकित करने और इसके भविष्य के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद (आईडब्ल्यूडीसी ) की तीसरी बैठक 23 जनवरी 2026 को कोच्चि में आयोजित की जाएगी। यह एक दिवसीय बैठक केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

### पटेल रिटेल ने किया 49 वें स्टोर का शुभारंभ

**मुंबई।** पटेल रिटेल लिमिटेड ने अपने 49 वें पटेल्स आर मार्ट स्टोर के शुभारंभ की घोषणा की है। यह कंपनी का टिटवाला क्षेत्र में दूसरा स्टोर है, जो क्लस्टर-आधारित रणनीति के माध्यम से मुंबई महानगर क्षेत्र में उसके रणनीतिक विस्तार को आगे बढ़ाता है। यह नया स्टोर कंपनी की विकास रणनीति में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

### अमेजन के ऑल न्यू इको शो के दो स्मार्ट डिस्प्ले पेश

**नई दिल्ली।** अमेजन ने भारत में एलेक्सा के साथ अपने ऑल-न्यू इको शो 11 और फोर्थ जनरेशन इको शो 8 स्मार्ट डिस्प्ले पेश किए। इन डिवाईसेज में ऑल-न्यू ऑडियो आर्किटेक्चर और ओमनीसेंसी कस्टम सेंसर प्लेटफॉर्म है। साथ ही एज-टू-एज डिस्प्ले और थिन बेजेल के साथ इन्हें बिल्कुल नया डिजाईन दिया गया है। ये डिवाईस स्पष्ट आवाज के साथ स्मार्ट होम रूटीन को आसान बना देती हैं।

# पावर सेक्टर में 2047 तक 200 लाख करोड़ निवेश का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने नई नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी का मसौदा जारी किया है, जिसके अंतर्गत देश के बिजली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और सुधारों की योजना बनाई गई है। पॉलिसी के अनुसार, 2032 तक 50 लाख करोड़ रुपए और 2047 तक 200 लाख करोड़ रुपये का निवेश पावर प्रोडक्शन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर्स में किया जाएगा। इस नई पॉलिसी का मकसद पावर सेक्टर को वित्तीय रूप से मजबूत बनाना, इसे व्यावसायिक रूप से सस्टेनेबल करना और 2047 तक प्रति व्यक्ति बिजली खपत को 4,000 यूनिट तक पहुंचाना है। इसके साथ ही बिजली आपूर्ति में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और गैर-जीवाश्म ऊर्जा की हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया गया है। ड्राफ्ट पॉलिसी में कहा गया है कि देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर इस समय करीब 6.9 लाख करोड़ रुपये का घाटा है और उनका कुल बकाया कर्ज 7.18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। पॉलिसी में यह भी माना गया है कि मौजूदा बिजली दरें लागत के अनुरूप नहीं हैं और क्रॉस-सब्सिडी के कारण उद्योगों को महंगी बिजली मिल रही है, जिससे भारतीय उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा कमजोर हो रही है।



फाइल फोटो

### पावर डिस्ट्रिब्यूशन में खत्म होगा एकाधिकार

नई नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी के अंतर्गत सरकार ने पावर डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर में एकाधिकार को खत्म करने का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए एक ही इलाके में एक से ज्यादा बिजली सप्लायरों को अनुमति देने, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देने और स्ट्रिब्यूशन कंपनियों को शेयर बाजार में लिस्ट करने की योजना है। ड्राफ्ट में यह भी कहा गया है कि हर वित्त वर्ष की शुरुआत से पहले टैरिफ ऑर्डर जारी होना अनिवार्य होगा। पिछले साल के खर्चों का समायोजन उसी वित्त वर्ष में किया जाएगा और डिस्ट्रिब्यूशन व सप्लाई टैरिफ को अलग-अलग दिखाया जाएगा। नियामकीय प्रक्रिया को 120 दिनों के भीतर पूरा करने की व्यवस्था का भी प्रस्ताव है।

### लागत आधारित होंगी बिजली दरें

पॉलिसी के मुताबिक वित्त वर्ष 2027 से बिजली दरें पूरी तरह लागत आधारित होंगी और रेगुलेटरी एसेट बनाने से बचा जाएगा। अगर राज्य नियामक आयोग समय पर टैरिफ तय नहीं करता है, तो दरों में ऑटोमैटिक सालाना संशोधन लागू किया जा सकेगा।

## देश में 94 लाख घरों की कमी, बजट में नहीं हुई ये घोषणा


# 2030 तक गहराएगा हाउसिंग संकट बिना घर होंगे 3 करोड़ से अधिक लोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का हाउसिंग सेक्टर इन दिनों दोराहे में खड़ा है। जहां एक तरफ लग्जरी सेगमेंट में घरों की डिमांड और बिक्री सभी रिकॉर्ड्स को तोड़ रही है। वहीं, दूसरी मिडिल क्लास के लिए अपने घर का सपना टूटता जा रहा है। बाजार जानकारों ने बड़े संकट की तरफ इशारा किया है। जानकारों के अनुसार यदि सरकार 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट में अफोर्डेबल हाउसिंग को लेकर कुछ घोषणाएं नहीं करती है तो देश में एक बड़ा हाउसिंग संकट खड़ा हो सकता है। जानकारों के अनुसार यदि समय रहते सरकार ने अफोर्डेबल हाउसिंग में हस्तक्षेप नहीं किया तो 2030 में यह आंकड़ा 3 करोड़ यूनिट तक पहुंच सकता है।

3 करोड़ केवल एक आंकड़ा नहीं है यह मिडिल और लोवर मिडिल क्लास वाली फैमिली के भविष्य का भी सवाल है जो अपना घर खरीदने का सपना देख रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में रियल एस्टेट मार्केट में किफायती घरों की हिस्सेदारी 38 फीसदी थी, जो 2025 में गिरकर महज 18 फीसदी रह गई है।

### तीन घोषणाओं पर टिकी हैं उम्मीदें



एनारॉक ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बजट में तीन घोषणाएं हुई तो अफोर्डेबल हाउसिंग को नई संजीवनी मिल सकती है। इसमें पहला है अफोर्डेबल हाउसिंग की परिभाषा को 45 लाख रुपए से बढ़ाकर दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरु में 75 लाख रुपए और मुंबई में 85 लाख रुपए करना। इसके अलावा डेवलपर्स को सस्ता घर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सेक्शन 80-आईबीए के तहत 100 फीसदी टैक्स छूट को वापस लाया जाए। इसके अलावा पहली बार घर खरीद रहे खरीदारों के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम के दायरे को बढ़ाया जाए।

### ईएमआई का बढ़ रहा है बोझ

लग्जरी घरों में मार्जिन 25 से 30 फीसदी है. इसके अलावा जमीन और स्टील, सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमत ने भी अफोर्डेबल हाउसिंग को मुश्किल कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक महंगे घरों के कारण आम आदमी के ऊपर ईएमआईका भी बोझ काफी बढ़ गया है। साल 2020 में ईएमआई टू इनकम रेशियो जहां 43 फीसदी थी. साल 2025 में यह 60 फीसदी हो गया है। ईएमआई टू इनकम रेशियो बताता है कि आपकी इनकम का कितना हिस्सा ईएमआई में खर्च होता है।

### सैमसंग ने एसआईसी प्रोग्राम में दिया 1,750 युवाओं को सर्टिफिकट

**नई दिल्ली।** सैमसंग ने अपने प्रमुख सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी) प्रोग्राम के तहत उत्तर प्रदेश में 1,750 छात्रों को सर्टिफ़िकेट देने की घोषणा की, जो राज्य में कंपनी के युवा-कौशल प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सर्टिफ़िकेशन समारोह लखनऊ के सिटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित किया गया था, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी साथ ही शैक्षणिक नेताओं और कार्यक्रम भागीदारों की उपस्थिति थी। इस बैच के साथ, उत्तर प्रदेश में सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत प्रशिक्षित छात्रों की कुल संख्या 3,900 हो गई है, जिससे यह कार्यक्रम के तहत सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले राज्यों में से एक बन गया है। सैमसंग ने उत्तर प्रदेश में 5,000 युवाओं को कुशल बनाने के अपने इरादे की घोषणा की, जो 20,000 छात्रों को अपस्किल करने के अपने व्यापक राष्ट्रीय लक्ष्य का हिस्सा है।

# एलएनसीटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में व्याख्यान आयोजित,जानकारी साझा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बी.फार्मा छात्रों के लिए अपने सपनों को साकार करें, विदेश में पढ़ाई करने की अपनी आकांक्षाओं को हकीकत में बदलें विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह व्याख्यान आदित्य सिंह राठौर, निदेशक, केसी ओवरसीज़ एजुकेशन, भोपाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एके सिंघई, निदेशक, स्कूल ऑफ़ फ़ार्मेसी एवं डीन अकादमिक्स, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। व्याख्यान के दौरान आदित्य सिंह राठौर ने विदेश में उच्च शिक्षा के अवसरों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने विदेश में अध्ययन के लाभ, प्रवेश प्रक्रिया, विभिन्न देशों में उपलब्ध छात्रवृत्तियों तथा विश्व की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने छात्रों को अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानने, एवं अपनी क्षमताओं को जागृत करने तथा आत्मविश्वास विकसित कर तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। यह सत्र अत्यंत संवादात्मक, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. ए. के. सिंघई द्वारा स्कूल ऑफ़ फ़ार्मेसी की ओर से आदित्य सिंह राठौर को उनके मूल्यवान योगदान के लिए स्मृति-चिह्न भेंट किया।



# देशभर में स्थापित किए कुल 29,277 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन

एनबीबीएल ने ईवी वॉलेट रिचार्ज को बनाया आसान

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल), भारत के बढ़ते ईवी इकोसिस्टम के लिए डिजिटल भुगतान समाधानों को मजबूत कर रही है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 के दौरान लांच की गई ईवी रिचार्ज श्रेणी के माध्यम से अब इलेक्ट्रिक वाहन मालिक भारत कनेक्ट-सक्षम टचपॉइंट्स पर आसानी से अपने ईवी वॉलेट को टॉप-अप कर सकते हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में ईवी की बिक्री 2016 में 50,000 से बढक़र 2024 में 2.08 मिलियन हो गई है। लेनदेन यूपीआई, कार्ड, नेट बैंकिंग और वॉलेट से विद्युत मंत्रालय (एमओपी) के अनुसार अगस्त 2025 तक देशभर में कुल 29,277 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। ये लेनदेन यूपीआई, कार्ड, नेट बैंकिंग और वॉलेट जैसे परिचित तरीकों से पूरे किए जा सकते हैं, जिसमें तत्काल पुष्टि और डिजिटल रिकॉर्ड की सुविधा भी मिलती है।

डाक विभाग ने एटीएम के बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण किया

# डाक विभाग ने 887 एटीएम सक्रिय कर एटीएम ढांचे का किया आधुनिकीकरण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंकिंग सेवाओं को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, डाक विभाग ने देश भर में अपने एटीएम बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण किया है। विभिन्न डाकघरों में स्थापित ये 887 एटीएम नागरिकों को उनके घरों के पास ही आवश्यक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँचने में मदद कर रहे हैं। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए लाभदायक है, जिससे डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के सरकार के दृष्टिकोण को बल मिलता है। इन एटीएम के माध्यम से ग्राहक आसानी से नकदी निकाल सकते हैं, खाते की शेष राशि की जांच कर सकते हैं और अन्य बुनियादी बैंकिंग लेनदेन कर सकते हैं। सभी नागरिकों को देशभर में मौजूद डाक विभाग की एटीएम सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।




फाइल फोटो

## बिजनेस न्यूज

### ओरिएंटल विवि में मनाया राष्ट्रीय गणित सप्ताह

**भोपाल।** ओरिएंटल विश्वविद्यालय, इंदौर राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 को गणित सप्ताह के रूप में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के अनुदान सहयोग से मनाया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अमित सक्सेना के उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों से उपस्थितजनों को अवगत कराया । यह आयोजन विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाने में सफल रहा। गणित सप्ताह के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान, गणित प्रश्नोत्तरी तथा मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रो.माया इंग्ले एवं प्रो. स्मिता वर्मा ने गणित की व्यावहारिक उपयोगिता पर व्याख्यान दिए। कार्यशाला का संचालन डॉ. रचना नवलखे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को प्रवीण ठकराल कुलाधिपति, प्रो. (डॉ.) ध्रुव घई उप-कुलाधिपति, गौरव ठकराल उप-कुलाधिपति, प्रो. (डॉ.) गरिमा घई मुख्य प्रबंध निदेशक, प्रो. (डॉ.) अमोल गोरे कुलपति एवं अजयेंद्र नाथ डिप्टी रजिस्ट्रार का मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका डॉ. रंजू यादव एवं सह संयोजिका डॉ. रेणुका राठौर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



### स्कोडा ऑटो ने किया नई कुशाक का अनावरण

**कोच्चि।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में नई स्कोडा कुशाक को लांच किया। यह एसयूवी ब्रांड की उस प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाती है, जिसके तहत यूरोपियन टेक्नोलॉजी को भारतीय सड़कों के लिए अधिक सुलभ बनाया जा रहा है। इंडिया 2.0 स्ट्रैटेजी के तहत पेश की गई कुशाक, स्कोडा के लिए भारत में ग्रोथ की मजबूत नींव साबित हुई है। नई कुशाक, सेगमेंट-फर्स्ट टेक्नोलॉजी, मॉडर्न डिजाइन, बेहतर ड्राइविंग डायनामिक्स और एडवांस सेफ्टी के साथ वैल्यू को नए स्तर पर ले जाती है। नई कुशाक में कई नए सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स है, वहीं अपने प्रेडेसेसर के प्रैक्टिकल फीचर्स जैसे इलेक्ट्रिक फ्रंट सीट्स विद वेंटिलेशन, क्रूज़ कंट्रोल, रियर-व्यू कैमरा विद सेंसर्स, वायरलेस चार्जिंग को भी बरकरार रखती है।



### सिप्ला ने किया 'इनहेल द चेंज' शुरू

**भोपाल।** सिप्ला ने इनहेल द चेंज शुरू किया है। यह बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन के साथ एक देशव्यापी जागरूकता पहल है। इसका मकसद इंसुलिन थेरेपी से जुड़ी भावना और व्यवहार संबंधी दिक्कतों को दूर करना है। डायबिटीज भारत की सबसे बड़ी जन स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. हर्षा पमनानी, ने कहाकि समय पर इंसुलिन लेना शुरू करना गेम-चेंजर हो सकता है, लेकिन कई मरीज डर, गलत जानकारी या बहुत ज्यादा भावनात्मक थकान की वजह से हिचकिचाते हैं।

### डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मेघालय राज्य तीन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** छठवें डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन समिट एवं अवॉड्र्स में मेघालय राज्य को जियोस्पेशियल तकनीक, जनसेवा और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए तीन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा के नेतृत्व में राज्य द्वारा शुरू की गई नई और टेक्नोलॉजी-आधारित पहलों को मान्यता देते हैं। योजना, निवेश प्रोत्साहन एवं सतत विकास विभाग के अंतर्गत मेघालय वन को "डिजिटल तकनीक के अभिनव उपयोग के माध्यम से जनसेवा में सुधार" श्रेणी में पुरस्कार मिला।




**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई—निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), ई—निविदा सं०— पूमरे—मुप्रअ—नि—द— ईपीसी—06—25—26, कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेल के अन्तर्गत धनबाद डिवीजन के पीकेए—एमपीओ खंड के बीच ईसीआर में मौजूदा लेवल क्रॉसिंग संख्या 27 / एसपीएल / टी किमी (366/10—12) के स्थान पर 2— लेन रोड ओवरब्रिज का इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी), मौजूदा लेवल क्रॉसिंग संख्या 29/ सी / टी (किमी 375/23—25), एलसी संख्या 30 / सी /ई ( किमी 378/11—13 ), एलसी संख्या 31 / सी / ई (किमी 382/7—9) और एलसी संख्या 14/ए/टी (किमी 316/42—317/02) के स्थान पर 4 आरयूबी / एलएचएस का निर्माण और एलसी संख्या 29/सी/टी (किमी 375/23— 25) और एलसी संख्या 23 / सी / टी (किमी 354/13—15 ) पर 2 और दोपहिया वाहनों के लिए 2 लाइट आरओबी का निर्माण। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 139,98,08,574.00, **निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 71,50,000.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 730 दिन, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 19.03.2026 at 15.30 बजे। ऐसी ई—निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई—निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई—निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/1648/सीओएन/एस/एमएचएस/पीएटी/सीओएनएसटी/टी/25-26/52



सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**जिला शिक्षा केन्द्र, सर्व शिक्षा अभियान, देवास**

**क्रमांक / जिशिके / ईएण्डआर/2026/98** **देवास, दिनांक 19/01/2026**

**// विज्ञप्ति//**

जिला शिक्षा केन्द्र (समग्र शिक्षा) देवास के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययरत विद्यार्थियों के लिये सत्र 2026-27 हेतु राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से प्राप्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं अभ्यास पुस्तिकाओं को जिले के 06 जनपद शिक्षा केन्द्रों के भण्डारगृह से विद्यालयों तक परिवहन करने के लिए अनुभवी पंजीकृत ऐजेंसी अथवा परिवहनकर्ताओं से ई-निविदा प्रणाली से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा क्रंमाक **2025_RSK_470841_1** हैं। जिसकी विस्तृत जानकारी **http://mptenders.gov.in** साईट पर प्राप्त की जा सकती हैं।

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केंद्र जिला देवास**



**"फॉर्म नं. यूआरसी-2"**

**अधिनियम के अध्याय XXI के भाग। तहत पंजीकरण के बारे में सूचना देने वाला विज्ञापन**
**[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) और कंपनी (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसार]**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसरण में, ग्वालियर, मध्य प्रदेश में रजिस्ट्रार को एक आवेदन किया जाना प्रस्तावित है कि वांशपति स्मृति शिक्षा समिति, को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग। के तहत गारंटी द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।

**कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:-**

1.तकनीकी शिक्षा/ उच्च शिक्षा का प्रचार प्रसार करना।
2.तकनीकी महाविद्यालय का संचालन करना।
3.टेक्निकल प्रशिक्षण शाला तथा रिसर्च सेंटर आदि का संचालन करना।
4.कमजोर वर्ग और कन्याओं की शिक्षा के लिए प्रोत्साहन करना।
5.ध्यान एवं योगअनुसंधान केंद्रों, प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना करना।
6.मैनेजमेंट/एडमिनिस्ट्रेशन/कंप्यूटर पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण।
7.ए. एन. एम. जी. एम एवं बी.एस.सी नर्सिंग आदि चिकित्सीय शिक्षा संस्थानों की स्थापना एवं संचालन करना।
8.चिकित्सालयों, चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापनाए व संचालन करना।
9.विद्यालय शिक्षा (प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना एवं संचालन करना)।
10.विश्वविद्यालय की स्थापनाऔर संचालन करना।
11.उक्त उपदेशों की पूर्ति के लिए शासन की नीतियों के तहत महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रयास करना।

3.प्रस्तावित कंपनी के ड्राफ्टमेमोरंडम ऑफ असोसीएशन और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की एक प्रति का कार्यालय पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कैंपस, ग्राम रतिबड़, भोपाल (म.प्र.)-462044 में निरीक्षण किया जा सकता है

4.इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामले संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सेक्टर 5 आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड-122050 में रजिस्ट्रार को लिखित रूप में अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर बता सकता है, एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भेजते हुए।

**दिनांक 21 जनवरी 2026** **एसडी/-**
**सचिव**



**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

**क्रं. लोककर्म/न.नि./2026/41** **सागर दिनांक 19/1/26**

**:: ऑनलाईन निविदा सूचना ::**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_476645_1 20.01.2026 | शिवाजी नगर वार्ड बैंक कालोनी में सड़क निर्माण कार्य | 14,03,750 02 माह | 2,000=00 10,528=00 | 19.02.2026 शाम 05:30 तक |
| 2 | 2026_UAD_476841_1 20.01.2026 | बिट्ठल नगर वार्ड में विभिन्न स्थानों अनीश से अशोक एवं आजाद से यादव एवं कुँए तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य तथा कुँए पर जाल आदि कार्य (पार्षद निधि) | 10,70,814 02 माह | 2,000=00 8,031=00 | 19.02.2026 शाम 05:30 तक |
| 3 | 2026_UAD_466870_1 20.01.2026 | तुलसीनगर वार्ड में मल्लपुरा, खुशीपुरा विभिन्न स्थानों पर सी. सी. रोड निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 10,62,747 02 माह | 2,000=00 7,971=00 | 19.02.2026 शाम 05:30 तक |
| 4 | 2026_UAD_476880_1 20.01.2026 | काकागंज वार्ड में भोले से घरम मंदिर तक एवं धरम से किल्लू तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 10,05,819 02 माह | 2,000=00 7,544=00 | 19.02.2026 शाम 05:30 तक |
| 5 | 2026_UAD_476888_1 20.01.2026 | इतवारी वार्ड सेवक यादव से मिश्रा जी एवं फर्श मुन्द्र लाल से नर्मदा यादव तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 6,20,708 01 माह | 2,000=00 6,208=00 | 04.02.2026 शाम 05:30 तक |
| 6 | 2026_UAD_476893_1 20.01.2026 | सुभाष नगर वार्ड में विभिन्न स्थानों पर ब्रिक वॉल, ट्री गार्ड आदि कार्य | 1,71,681 01 माह | 1,000=00 3,434=00 | 04.02.2026 शाम 05:30 तक |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जोवेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम सागर**



**FORM NO.14**
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A D. Dasti failing which by Publication

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993,**

**RC/17/2022** **19-12-2025**

**PUNJAB NATIONAL BANK**
**Versus**
**BAL RAM MAINA MAINA**

To,
**(CD 1) BAL RAM MAINA MAINA**
VILLAGE-ADAMPUR, POST-HASUA, TEH AND DIST-VIDISHA (M.P.)-464001
**(CD 2) MATHURA PRASAD MAINA**
VILLAGE-FHURTALA. TEH- GYARASPUR. DIST-VIDISHA (M.P.)-464331

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 24/05/2022 in **OA/838/2016** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 1293903.00 (Rupees Twelve Lakhs Ninety Three Thousands Nine Hundred Three Only)** along with pendentellite and future interest @ **10.00%** Simple Interest Yearly w.e.f. **01/12/2016** till realization and costs of **Rs 15000 (Rupees Fifteen Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **17/02/2026** at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

I) Agriculture Land at Village Adampur. Tehsil & District- Vidisha (M.P.) having Khasra No. -30/1 area 1.045 hec.. Property in the name of Shri Bal Ram Maina S/o Shri Munshi Lal Maina. ii) Agriculture Land at Village Adampur. Tehsil & District- Vidisha (M.P.) having Khasra No. 30/2 area 1.077 hec. Khasra No. 30/03 area 0.271 hee., Khasra No. 115/2 area 0.016 hee, Khasra No. 123/2 area 0.015 hec., Property in the name of Shri Bal Ram Maina S/o Shri Munshi Lal Maina.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **19/12/2025**

**Ms Priti Desai**
**Recovery Officer-I, Debts Recovery Tribunal**
**Govt. of India, Ministry of Finance**
**Jabalpur (M.P. & C.G. State)**

चिंतन

# प्रदूषण पर अब छोटे शहरों को भी सतर्क होना होगा

जिस कश्मीर को सदियों से धरती का स्वर्ग कहा जाता रहा है, वहां की हवा आज लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल बना रही है। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले 7 वर्षों में सबसे खराब स्थिति में पहुंच चुका है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 308 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस स्तर की हवा में सांस लेना लगभग चार सिगरेट पीने के बराबर है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उस खतरे का संकेत है, जो अब पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरे शहरों तक भी पहुंच चुका है। एयर मॉनिटरिंग डेटा यह बताता है कि जनवरी में श्रीनगर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब रही। वर्ष 2019 के बाद 2026 को श्रीनगर का सबसे प्रदूषित वर्ष माना जा रहा है, जहां औसत एक्यूआई 159 रहा। इतनी तेजी से गिरती वायु गुणवत्ता यह दर्शाती है कि यदि अब भी सतर्क नहीं हुए तो छोटे और पहाड़ी शहर भी महानगरों जैसी प्रदूषण त्रासदी झेलने को मजबूर होंगे। अब तक वायु प्रदूषण को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों की समस्या माना जाता रहा है, लेकिन श्रीनगर में बढ़ता प्रदूषण इस धारणा को तोड़ता है। प्राकृतिक सुंदरता, कम औद्योगीकरण और अपेक्षाकृत कम जनसंख्या के बावजूद श्रीनगर का इस स्तर तक प्रदूषित होना गंभीर चेतावनी है। दिल्ली की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई 339 दर्ज किया गया, जो लगातार 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा समेत देश के कई राज्य गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं। हालांकि, हरियाणा में दिल्ली की तुलना में वाहनों की संख्या कम होने के कारण वहां प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत कम देखा जाता है। यह तुलना साफ तौर पर बताती है कि वाहनों की बढ़ती संख्या प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बन चुकी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सर्वोच्च न्यायालय को यह स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा योगदान वाहनों से होने वाले उत्सर्जन का है। इसके बावजूद, अक्सर पराली जलाने को ही प्रदूषण का मुख्य कारण ठहराया जाता है। यह सच है कि पराली जलाना एक समस्या है, लेकिन यह मौसमी और सीमित समय तक प्रभाव डालती है, जबकि वाहनों से निकलने वाला धुआं पूरे वर्ष शहरों की हवा को जहरीला बनाता रहता है। प्रदूषण में सुधार के लिए सीएमक्यूएम ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है। इनमें वाहनों को इलेक्ट्रिक, सीएनजी या अन्य ग्रीन फ्यूल पर स्थानांतरित करना प्रमुख है। प्रदूषण केवल स्वास्थ्य संकट नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने विश्व आर्थिक मंच में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रदूषण का प्रभाव, भारत पर लगाए गए किसी भी टैरिफ के प्रभाव से कहीं अधिक गंभीर है। उनका यह बयान इस सच्चाई को उजागर करता है कि पर्यावरणीय गिरावट की आर्थिक लागत दीर्घकाल में विकास दर, श्रम उत्पादकता और स्वास्थ्य व्यय पर भारी बोझ डालती है। आज जरूरत है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ठोस और प्रभावी नीतियां लागू करें। छोटे शहरों में भी एयर मॉनिटरिंग नेटवर्क को मजबूत किया जाए, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए और लोगों को जागरूक किया जाए कि प्रदूषण से लड़ाई सामूहिक प्रयास से ही जीती जा सकती है।



विश्लेषण
अरविंद जयतिलक

# भारत और यूएई के परवान चढ़ते रिश्ते

यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की महज तीन घंटे की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाई है, वहीं साझा बयान में सीमा पार आतंकवाद और आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। माना जा रहा है कि यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की महज तीन घंटे की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाई है। दोनों देशों ने साझा बयान में सीमा पार आतंकवाद और आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की है। दोनों देशों ने एफएटीएफ अर्थात फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी और आतंकवाद फाइनेंस के तहत सहयोग पर सहमति जताई है। इसके अलावा रक्षा, एआई डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश में भी एक-दूसरे से कंधा जोड़ने पर भी सहमति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2032 तक दोनों देशों के साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद जताई है।

आज की तारीख में दोनों देशों के बीच एक सौ अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हो रहा है। यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के साथ गिफ्ट सिटी में फर्स्ट आबूधाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड का ऑफिस बनाने को तैयार है। निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर को पंख लगेंगे। याद होगा कि जनवरी 2024 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' यात्रा हुई थी, जिसमें उन्होंने सहभागिता और विकास में सहयोग का उल्लेखनीय संकल्प व्यक्त किया था। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान भी दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए थे। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक ने एक फ्रेमवर्क तैयार करने पर सहमति जाहिर कि जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजेक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल होगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच इतने अधिक मधुर संबंध हैं कि तब प्रिंस रहे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए 'अपने दूसरे घर' आने के लिए आभार जताया था। गौर करें तो दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदू रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलुओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। फरवरी 2007 में बंगलौर में आयोजित 'एयरो इंडिया शो' में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने



अधिकारियों को भेजा था। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए। भारतीय नौसेना के पोतों ने संयुक्त अरब अमीरात की अनेक सदभावना यात्राएं की। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई। इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आई। इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया, जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रूप दे सकते हैं। चूंकि यह क्षेत्र नशीली दवाओं का अड्डा बनता जा रहा है इसलिए दोनों देशों ने नशीली दवाओं की तस्करी रोकने के लिए 1994 में समझौता किया। इसी तरह 1975 में सांस्कृतिक समझौता और 1989 में नागरिक उड्डयन समझौता हुआ। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। सेबी और अमीरात प्रतिभूति एवं पण्य प्राधिकरण के बीच भी समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। दूरदर्शन के ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन महानिदेशालय अर्थात प्रसार भारती तथा अमीरात केबल टीवी मल्टीमीडिया एलएलसी के बीच चैनल प्रबंधन समझौते को सन् 2000 में आकार दिया गया। इस समझौते के अनुसार दूरदर्शन संयुक्त अरब अमीरात में डाउन लिंकिंग तथा वितरण कर सकता है। दोनों देशों के बीच दिसंबर 2006 में मैन पॉवर सोर्सिंग इनकॉरपोरेशन के एक मसौदे पर भी समझौता हुआ। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं। चूंकि पश्चिमी तट विशेष रूप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है। उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं बल्कि अपनी कमाई का पैसा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं।

अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारों के लिए स्त्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्त्रोत है। माना जा रहा है कि यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
राज कुमार सिंह



# ट्रंप को नोबेल सौंप संदेह व सवालों में घिरीं मचाडो


आखिरकार शांति का नोबेल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तक पहुंच ही गया। खुद को शांति दूत बताने वाले ट्रंप की दावेदारी के बावजूद नोबेल पुरस्कार समिति ने तो उन्हें इस लायक नहीं माना, पर वेनेजुएला की जिन विपक्षी नेता मारिया मचाडो को नोबेल दिया गया था, वही खुद वाशिंगटन जाकर उन्हें अपना पुरस्कार सौंप आयीं। अपने साल भर के शासन में युद्ध विराम का इतिहास रचने के एकतरफा दावे करते हुए ट्रंप खुद को शांति के नोबेल का सही पात्र बताते रहे, लेकिन पुरस्कार समिति को ऐसा नहीं लगा। सो, अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को नजरअंदाज कर समिति ने नोबेल दे दिया वेनेजुएला में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्षरत विपक्षी नेता मारिया मचाडो को। खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले ट्रंप नाराज हुए। नोबेल समिति को बुरा-भला भी कहा। फिर भी मचाडो ने वेनेजुएला में लोकतंत्र बहाली में सहयोग की आकांक्षा जताते हुए अपना नोबेल उन्हें समर्पित करने की बात कही थी। तब माना गया था कि यह एक नोबेल विजेता का बड़प्पन है कि उसने अपनी प्रतिक्रिया में पदक से वंचित को अपना पदक समर्पित किया पर मचाडो ने ट्रंप से मुलाकात में उन्हें बाकायदा अपना नोबेल सौंपकर अब दुनिया को चौंका दिया है। हालांकि नोबेल पुरस्कार समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि इसे किसी को गिफ्ट या ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। यह भी कि सिर्फ मूल विजेता ही हमेशा नोबेल पुरस्कार विजेता कहलाएगा। मचाडो द्वारा अपना नोबेल ट्रंप को देने के पीछे की किसी डील पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा सकती हैं। वैसे मचाडो से पहले वेनेजुएला पर हमला



कर ट्रंप दुनिया को चौंका चुके थे। नार्को टैररिज्म आदि के आरोपों के बीच लगातार धमकाते रहने के बाद एक दिन अचानक ट्रंप ने अपनी डेल्टा फोर्स भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा लिया। मादुरो पर अमेरिका में जारी मुकदमे के बीच ही मचाडो वाशिंगटन पहुंच कर ट्रंप से मिलीं और अपना नोबेल उन्हें गिफ्ट कर दिया। उन्होंने ट्रंप पर पूरा भरोसा जताते हुए इसे वेनेजुएला के निवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन भी करार दिया। ट्रंप ने भी मारिया से मुलाकात को सम्मानजनक बताते हुए टिप्पणी कीः 'उन्होंने मेरे अच्छे कामों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया। हमारे बीच का यह आपसी सम्मान कमाल का है।' इसमें दो राय नहीं कि इंजीनियरिंग का पेशा छोड़कर राजनीति में आयीं तलाकशुदा 58 वर्षीय मचाडो ने वाकई वेनेजुएला में तानाशाही शासन समाप्त कर लोकतंत्र बहाली के लिए लंबा शांतिपूर्ण संघर्ष किया है। उन्होंने बहुत कुछ सहा भी है। उसी संघर्ष के लिए उन्हें विश्व का सबसे प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार भी मिला, जो उन्होंने अब उसी व्यक्ति को सौंप दिया है, जिसे पूरी दुनिया वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण करने वाले विदेशी शासक के रूप में देखती है। ट्रंप खुद वेनेजुएला का तेल बेच कर मुनाफा कमाने की बात कह रहे हैं, लेकिन उन्हें अपना नोबेल सौंपते हुए मचाडो ने लिखाः 'ट्रंप ने वेनेजुएला की आजादी के लिए जो किया है, उसे वेनेजुएला के लोग कभी नहीं भूलेंगे।' मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला में भावी सत्ता व्यवस्था और चुनावों की अटकलों के बीच ट्रंप से मिलीं मचाडो कोई ठोस आश्वासन नहीं पा सकीं। वेनेजुएला के संविधान के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त किया है, पर ट्रंप खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति बता रहे हैं। शायद ट्रंप को रोड्रिग्ज के साथ काम करने में कोई समस्या भी न हो, क्योंकि उनकी नजर तो वेनेजुएला में तेल और दुर्लभ खनिज संपदा के दोहन पर है। ऐसे में वेनेजुएला समेत दुनिया भर में मचाडो की नई भूमिका पर संदेह और सवाल स्वाभाविक हैं। बेशक मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में लोकतांत्रिक एवं मानवाधिकारों की बहाली के लिए संघर्षरत हैं। 2024 में उन्हें राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ने दिया गया और उनके द्वारा समर्थित विपक्षी उम्मीदवार एडमंड गोंजालेज को जीत के बावजूद सत्ता नहीं सौंपी गई। यह भी कि मादुरो की छवि तानाशाह शासक की रही है, लेकिन देश पर हमला कर उसके संसाधनों की लूट करने वाले विदेशी शासक का गुणगान करते हुए उसे अपना नोबेल सौंप कर खुद मचाडो अपनी साख पर उठते संदेह और सवालों से नहीं बच पाएंगी। अपने देश में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष निश्चय ही देश-समाज के प्रति साहसिक प्रतिबद्धता का काम है, लेकिन उसके लिए विदेशी आक्रांता का सहयोग लेना और उसका गुणगान करना कम-से-कम देश प्रेम के दायरे में तो नहीं आता।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पण आवश्यक



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणें उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

## बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित
प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### सोना-चांदी के दामों पर नियंत्रण जरूरी

चांदी के भाव तो गजब ही ढा रहे हैं। 10-15 हजार के रोज भाव बढ़ रहे हैं जो जाकर अब एक किलो चांदी के 3 लाख पार हो गए हैं। आगे क्या होगा भगवान जाने। ठीक सोने के मूल्य भी 10 ग्राम डेढ़ लाख छू गए हैं। मेक्स (मल्टी कमोडिटीज एक्सचेंज) को बंद करने की मांग भी जूलरी संगठन ने उठाई है क्योंकि इसी से कतिपय धनाढ्य सट्टेबाज/उद्योगपति कृत्रिम भाव बढ़ा रहे हैं, जबकि वास्तव में इतने भाव हैं नहीं। इससे छोटे व्यापारी असमंजस में पड़े हुए हैं और उन्हें कभी भी भारी घाटा हो सकता है। उनकी मांग है कि सोना-चांदी के मूल्य-नियंत्रण वो खुद अपने हाथ में ले, ताकि बढ़ते सट्टाधारी भाव पर कंट्रोल हो सके। उन्होंने आने वाले बजट में इसके लिए नीति बनाने की मांग की है।

- सुनील देशपांडे, दुर्ग

## ट्रेंड

### लालच की महामारी



हर आम भारतीय की ज़िंदगी आज नर्क की यातना बन गई है। सिस्टम सत्ता के सामने बिक चुका है। सब एक-दूसरे की पीठ थपथपाते हैं और मिलकर जनता को रौंदते हैं। देश में लालच की महामारी फैल चुकी है, शहरी सड़न जिसका सबसे डरावना चेहरा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### असम चाय के नए बाजार



भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और आगामी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के साथ, असम चाय को नए बाजार मिलेंगे। राज्य सरकार के दृष्टिकोण से, हम चाय उत्पादन के विभिन्न पहलुओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### यमुना की सफाई



यमुना की सफाई के लिए संकल्प, टेक्नोलॉजी और ज़मीनी स्तर पर बदलाव, तीनों पर हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। इसी दिशा में 'वाटर मास्टर' को नजफगढ़ ड्रेन में तैनात किया गया है। यह पहल ड्रेन्स की स्वच्छता की दिशा में एक निर्णायक बदलाव लाएगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### गर्व की अनुभूति



पहले जम्मू-कश्मीर के लाल-चौक पर पाकिस्तानी झंडे फहराए जाते थे और कांग्रेस की सरकारें मौन रहती थीं, आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लाल चौक पर शान से तिरंगा लहरा रहा है। इसे देखकर गर्व की अनुभूति होती है।

- नितिन नबीन, अध्यक्ष, भाजपा

## करंट अफेयर

### दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का फिर होगा संचालन



जापान में 2011 में हुए फुकुशिमा परमाणु हादसे के बाद दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का संचालन बुधवार को फिर से शुरू हो जाएगा। जापान बिजली की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। काशीवाजाकी-कारिवा परमाणु ऊर्जा संयंत्र के नंबर-6 रिएक्टर में ऊर्जा उत्पादन की शुरुआती प्रक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका संचालन तोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स (टीईपीसीओ) कर रही है। यह वही कंपनी है जो क्षतिग्रस्त फुकुशिमा दाइची परमाणु संयंत्र का भी संचालन करती है। फुकुशिमा में टीईपीसीओ से जुड़ी पिछली सुरक्षा समस्याओं के कारण काशीवाजाकी-कारिवा संयंत्र के संचालन को लेकर लोग चिंतित हैं, खासकर इसलिए भी क्योंकि यह संयंत्र एक अलग-थलग और भूकंप संभावित क्षेत्र में स्थित है। काशीवाजाकी-कारिवा परमाणु संयंत्र के सभी सात रिएक्टर मार्च 2011 में जापान के उत्तर-पूर्वी तट पर स्थित फुकुशिमा दाइची संयंत्र में भीषण भूकंप और सुनामी आने के एक साल बाद से बंद पड़े हैं। उस हादसे में रिएक्टर पिघल गए थे और रेडियोधर्मी पदार्थों के भारी रिसाव से आसपास की जमीन इतनी दूषित हो गई कि कुछ इलाके आज भी रहने योग्य नहीं हैं। टीईपीसीओ अभी भी अपनी छवि को हुए नुकसान से उबरने की कोशिश कर रही है।

## ऑफ बीट

### टैटू इंक में मिला भारी मात्रा में लेड और विषैली धातु

अध्ययन में पाया गया, टैटू की स्याही को जीवित ऊतक में डाला जाता है और यह मूल रूप से स्थायी रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शरीर में मौजूद



पिगमेंट समय के साथ घुल सकते हैं, लिम्फ सिस्टम में फैल सकते हैं या धीरे-धीरे टूट सकते हैं। यूरोप में टैटू की स्याही की सुरक्षा पर मार्गदर्शन पिछले दशक से उपलब्ध है और 2022 से यूरोपीय संघ ने इस स्याही में धातु जैसे आर्सेनिक, कैडमियम और लेड तथा कुछ ऑर्गेनिक यौगिकों की सीमा तय की है। ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कोई नियामक ढांचा नहीं है। यहां टैटू की स्याही की नियमित निगरानी नहीं होती और उपभोक्ताओं के पास सीमित जानकारी उपलब्ध है। अध्ययन में 15 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की काली और रंगीन टैटू की स्याही का विश्लेषण किया गया। परिणाम दिखाते हैं कि हर स्याही में कम से कम एक यूरोपीय सुरक्षा मानक का उल्लंघन था। इसमें आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम और लेड जैसी विषैले धातुएं शामिल थीं। कुछ स्याही में एरोमैटिक अमाइन जैसी ऑर्गेनिक यौगिक भी पाए गए, जिन्हें यूरोप में उनके कैंसरजनक होने के कारण प्रतिबंधित किया गया है। विशेष रूप से, काली स्याही में धातुओं की व्यापक शृंखला पाई गई, जबकि चमकीले रंग की स्याही में कुछ विशेष धातुओं की उच्च मात्रा थी।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार के दो दूरगामी फैसले

# अटल पेंशन योजना 2030-31 तक बढ़ी, एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने सिडबी को दिए 5000 करोड़ रु.

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार ने बुधवार को दो बड़े और दूरगामी फैसले लिए। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जहां एक ओर आम आदमी की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 'अटल पेंशन योजना-(एपीवाई)' को 2030-31 तक विस्तार दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर रोजगार सृजन और लघु उद्योगों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) में 5,000 करोड़ रुपए की पूंजी डालने को मंजूरी दी गई है। ये फैसले असंगठित क्षेत्र के कामगारों के भविष्य को सुरक्षित करने और छोटे उद्योगों को सस्ती दरों पर ऋण मुहैया कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

*मोदी सरकार के ये फैसले असंगठित क्षेत्र के कामगारों के भविष्य को सुरक्षित करने और छोटे उद्योगों को सस्ती दरों पर ऋण मुहैया कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं*

- **1,000 से 5,000 रुपए प्रति माह मिलेगी पेंशन**
- **1.12 करोड़ नई नौकरियों के सृजन की उम्मीद**



### 8.66 करोड़ से अधिक लोग जुड़े

कैबिनेट ने सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इस विस्तार के साथ ही योजना के प्रचार, विकासात्मक गतिविधियों और 'गैप फंडिंग' के लिए वित्तीय सहायता को भी स्वीकृति मिली है। 9 मई 2015 को शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बुढ़ापे में आय की सुरक्षा प्रदान करना है। 19 जनवरी 2026 तक इस योजना के तहत 8.66 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं।

### 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन

इस योजना के तहत, अंशदान के आधार पर 60 वर्ष की आयु के बाद 1,000 रुपए से 5,000 रुपए प्रति माह की गारंटीड न्यूनतम पेंशन मिलती है। सरकार विकासात्मक गतिविधियों के जरिए असंगठित श्रमिकों के बीच जागरूकता और क्षमता निर्माण का विस्तार करेगी।

### तीन किस्तों में मिलेंगे 5,000 करोड़ रुपए

लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को राहत देते हुए सरकार ने सिडबी को 5,000 करोड़ रुपए की इक्विटी सहायता देने का फैसला किया है। यह पूंजी वित्तीय सेवा विभाग की ओर से अलग-अलग तीन किस्तों में दी जाएगी। सरकार वित्त वर्ष 2025-26 में 3,000 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2026-27 व 2027-28 में क्रमशः 1,000-1,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस अतिरिक्त पूंजी से सिडबी उचित ब्याज दरों पर संसाधन जुटा सकेगा, जिससे एमएसएमई को प्रतिस्पर्धी लागत पर ऋण का प्रवाह बढ़ेगा।

**102 लाख एमएसएमई को लाभः** सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा असर रोजगार के मोर्चे पर देखने को मिलेगा। इस इक्विटी निवेश से 1.12 करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। वित्तीय वर्ष 2025 के अंत तक 76.26 लाख एमएसएमई को वित्तीय सहायता मिल रही थी, जिसके वित्तीय वर्ष 2028 के अंत तक बढ़कर 102 लाख होने की उम्मीद है। इस कदम से लगभग 25.74 लाख नए एमएसएमई लाभार्थी जुड़ेंगे, जिससे जमीनी स्तर पर आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या जाएंगी



**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2083 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति शिरकत करेंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू इस आयोजन की मुख्य अतिथि होंगी।

### अमृत उद्यान 3 फरवरी से लोगों के लिए खुलेगा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 3 फरवरी से 31 मार्च, 2026 तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश 5.15 बजे) उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान सोमवार को रखरखाव के दिन और 4 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी इसकी जानकारी दी है।

### संजौली हेलीपोर्ट से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली हेलीपोर्ट को केंद्र से जरूरी मंजूरी के बाद आधिकारिक तौर पर हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए खोल दिया गया है। इसी के साथ दो कंपनियों ने यहां से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू कर दी हैं। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रिकांगपिओ व भुंतर के लिए उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### उदयपुर में जीप खाई में गिरी, 3 की मौत



**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में सवारी से भारी जीप बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भर्ती करवाया गया है। उदयपुर जिले के आदिवासी अंचल कोटड़ा में बिलवन की ओर से जा रही जीप का चढ़ाई के दौरान अचानक ब्रेक फेल हो गया।

### दोबारा हिंदू बन जाओ फिल्में मिलने लगेंगी



**नई दिल्ली।** म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान ने जबसे इंडस्ट्री में सांप्रदायिक भेदभाव होने की बात कही है, वो विवादों में फंस गए हैं। अब भजन सम्राट अनूप जलोटा ने कहा है कि रहमान को इस बात का विश्वास है कि हमारे देश में मुस्लिम होने की वजह से उनको फिल्में नहीं मिल रही हैं म्यूजिक देने के लिए, तो फिर वो दोबारा हिंदू हो जाएं।

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं, चार हफ्ते में हाई पावर कमेटी के सदस्यों के नाम दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है। अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम अपूर्णीय और दूरगामी होते हैं। शीर्ष अदालत ने यह भी दोहराया कि अरावली की वैज्ञानिक और स्पष्ट परिभाषा तय करने के लिए एक हाई पावर कमेटी बनाई जाएगी। इस समिति में पर्यावरण, वानिकी, भू-विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों के स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होंगे। अदालत ने सभी पक्षों जिसमें एमिकस क्यूरी भी शामिल हैं उससे समिति के संभावित सदस्यों के नाम और सुझाव चार हफ्ते में पेश करने को कहा है।

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है। अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम अपूर्णीय और दूरगामी होते हैं*

### यह मुद्दा संवेदनशील

कोर्ट ने अपने उस पुराने फैसले पर लगी रोक को भी बढ़ा दिया है, जिसमें 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की सिफारिश थी। पर्यावरण मंत्रालय की समिति की इस सिफारिश को अदालत ने पहले ही पुनर्विचार योग्य बताते हुए स्थगित कर दिया था।

- सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने फैसले पर लगी रोक बढ़ाई
- राजस्थान में हो रहे अवैध खनन का मामला भी उठाया



सुप्रीम कोर्ट, अरावली की पहाड़ियां

### गहराई से होगी जांच

सुनवाई के दौरान एक वकील ने राजस्थान के कई क्षेत्रों में लगातार हो रहे अवैध खनन का मुद्दा उठाया। इस पर न्यायालय ने राजस्थान सरकार के वकील को तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि अरावली जैसा पर्यावरणीय क्षेत्र किसी भी प्रकार का भार नहीं उठा सकता है। अदालत ने साथ ही कहा कि अवैध खनन भविष्य की पीढ़ियों के पर्यावरण अधिकारों को सीधे प्रभावित करता है, इसलिए न्यायालय इस पूरे मामले में सभी पहलुओं की गहराई से जांच करेगा।अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले साल दिसंबर में पारित अंतरिम आदेश अगले आदेश तक लागू रहेगा।



चंडीगढ़ की सुखना झील

**सीजेआई ने जताई चिंता**

## सुखना झील को कितना सुखाओगे? गलती न दोहराएं

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ की मशहूर सुखना झील के सूखने पर चिंता जताई है। हरियाणा सरकार को पिछली गलतियों को न दोहराने की चेतावनी देते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अधिकारियों और बिल्डर माफिया की मिलीभगत के कारण सुखना झील पूरी तरह से खराब हो चुकी है। बेंच में सीजेआई सूर्यकांत के अलावा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी अरावली पहाड़ियों के मामले पर सुनवाई करते हुए की।

### झील का गिर रहा जलस्तर

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों और राजनेताओं की मिलीभगत से बिल्डर माफिया काम कर रहा है। आप सुखना झील को कितना सुखाओगे? आपने झील को तो पूरी तरह से खराब कर दिया है। दरअसल, बारिश के पानी पर निर्भर सुखना झील कभी चंडीगढ़ का प्रमुख पर्यटन केंद्र हुआ करती थी, लेकिन बीते वर्षों में लगातार गिरते जलस्तर ने इसकी सुंदरता और अस्तित्व दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मदुरै पीठ की सख्त टिप्पणी

## उदयनिधि का 'सनातन मिटाओ' बयान 'नरसंहार' की मांग जैसा

अमित मालवीय के खिलाफ एफआईआर रद्द



उदयनिधि स्टालिन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने सोमवार को तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन के उस बयान पर सख्त टिप्पणी की, जिसमें उदयनिधि स्टालिन ने अपने एक संबोधन में सनातन धर्म का सफाया करने की मांग की थी। कोर्ट ने साफ कहा कि उदयनिधि स्टालिन का बयान नरसंहार की मांग जैसा है। हाईकोर्ट की पीठ ने भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को भी रद्द करने का आदेश दिया। मदुरै पीठ की जस्टिस एस श्रीमथी ने कहा कि अगर सनातन धर्म को मानने वाले लोगों का समूह यहां नहीं होना चाहिए, तो इसके लिए सही शब्द 'नरसंहार' है।

### ओझिप्पु का मतलब 'सफाया'

जस्टिस श्रीमति ने स्टालिन के भाषण में ओझिप्पु शब्द पर विशेष जोर दिया और कहा कि पूरा मामला एक शब्द पर है, जो बेहद अहम है। पीठ ने कहा कि सरकार भी ओझिप्पु शब्द का मतलब सफाया मानती है। इसके बाद अदालत ने इस शब्द के पर्यायवाची का भी जिक्र किया, जिनका मतलब भी सफाया, मिटाना, तबाह करना आदि बताया गया। जज ने कहा कि अमित मालवीय ने पोस्ट में जो सवाल किया था, उसमें हिंसा या आंदोलन की मांग नहीं की गई थी। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि अदालत ने डीएमके सरकार द्वारा दर्ज की गई राजनीतिक रूप से प्रेरित और बदले की भावना वाली एफआईआर को खारिज कर दिया।



एस. श्रीमथी

### अविमुक्तेश्वरानंद के साथ सही हुआः रामभद्राचार्य



**नई दिल्ली।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद मामले में जगद्गुरू रामभद्राचार्य ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय नहीं हुआ। अन्याय तो उन्होंने किया है। नियम यह है कि गंगा तक पालकी से नहीं जाया जाता। हम लोग भी पैदल ही जाते हैं। सरकार ने उन्हें खुद को शंकराचार्य साबित करने के लिए बिल्कुल सही नोटिस जारी किया है। वहीं, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनको दिया गया नोटिस वापस नहीं लिया तो वह मानहानि का केस करेंगे। प्रशासन के नोटिस के जवाब में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने 8 पेजों का जवाब ई-मेल के जरिए भेजा है। इसमें नोटिस को मनमाना, दुर्भावनापूर्ण और असंवैधानिक बताया।

भाजपा अध्यक्ष नबीन ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक

## पहली बैठक संगठन की मजबूती और जनकल्याण योजनाओं पर रही केंद्रित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक की। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय विस्तार में हुई इस बैठक में पार्टी के संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई साथ ही केंद्र सरकार और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच पहुंचाने का आह्वान भी मंच से किया गया। चुनावी राज्यों के लिए संगठनात्मक तैयारियों पर भी मंथन बैठक में हुआ।



बीएल संतोष, नितिन नबीन, शिवप्रकाश

### भाजपा की असली ताकत अनुशासित संगठन व समर्पित कार्यकर्ता

नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका अनुशासित संगठन और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। पार्टी के हर कार्यकर्ता को पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाना है। पार्टी अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्षों का आह्वान किया कि केंद्र सरकार और राज्यों में अपनी सरकारों की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाएं।

### सरकार और संगठन के बीच रखें तालमेल

उन्होंने चुनाव संबंधित तैयारियों की मजबूती पर भी फोकस रखने की बात कही। उन्होंने सरकार और संगठन के बीच तालमेल को बेहतरीन रखने पर भी जोर दिया। बैठक में संगठन पर्व, सदस्यता अभियान और पार्टी के आंतरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समीक्षा भी की गई। प्रदेश अध्यक्षों ने अपने राज्यों में संगठन, कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, सभी राष्ट्रीय महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री मौजूद थे।

आज दिल्ली के जवाहर भवन में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

## मनरेगा कानून को खत्म किए जाने के विरोध में दिल्ली में जुटेंगे देशभर के मनरेगा कार्यकर्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मोदी सरकार द्वारा मनरेगा कानून को खत्म किए जाने के विरोध में कांग्रेस 22 जनवरी को दिल्ली के जवाहर भवन में देशभर के मनरेगा कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगी। रचनात्मक कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप दीक्षित ने कहा कि जवाहर भवन में गुरुवार सुबह 10 बजे से दोपहर लगभग डेढ़ बजे तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में 20-25 राज्यों से करीब 300-400 मनरेगा श्रमिक शामिल होंगे। ये मजदूर स्वेच्छा से आ रहे हैं और अपने-अपने क्षेत्रों की मनरेगा साइट्स से एक-एक मुट्ठी मिट्टी साथ लाएंगे। इन सभी मिट्टियों को एकत्र कर एकजुट संघर्ष का प्रतीकात्मक संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में मनरेगा से जुड़े लोग अपने अनुभव साझा करेंगे, नए कानून की कमियों पर चर्चा करेंगे और आगे के संघर्ष की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन रचनात्मक कांग्रेस के मंच के तहत किया जा रहा है।

### मनरेगा कोविड काल में संजीवनी साबित हुई

दीक्षित ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा मनरेगा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इसके अलावा कई वरिष्ठ नेता, कांग्रेस-शासित राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्री और संसद की संबंधित समितियों के पूर्व व वर्तमान सदस्य सांसद भी अपनी बात रखेंगे।

गणतंत्र दिवस परेड में लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना दे रही ये संदेश

## महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और स्वदेशी जहाज निर्माण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की परेड 2026 की रिहर्सल जारी हैं। भारतीय सैन्य बल कर्तव्य पथ पर दमदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की परेड महिलाओं को समर्पित है। नौसेना की झांकी में भी महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी ताकत की झलक दिखेगी। नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 की परेड में नेवल टेबल्यू महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और स्वदेशी जहाज निर्माण को दिखाएगा। वे उस समय चर्चा में आईं थी,जब पीएम मोदी ने मन की बात में नविका सागर परिक्रमा जैसी समुद्री महायात्रा का जिक्र किया था। दिलना ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि ये उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं रही, बल्कि देश की प्रेरणा बन गई है।

नविका सागर परिक्रमा में लिखा इतिहास




लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के

### नेवल टेबल्यू का संदेश

महिला सशक्तिकरण– नौसेना में महिलाएं अब भूमिका नहीं, नेतृत्व निभा रही हैं। समान अवसर– पुरुष और महिला, दोनों के लिए एक जैसे मानक। स्वदेशीकरण– भारत में बने युद्धपोत, आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति।

### कॉमर्स से स्नातक के बाद नौसेना में प्रवेश

दिलना के का जन्म केरल के कोझिकोड में पैराम्बिल कड़ाव में हुआ था। उनके पिता लेफ्टिनेंट डेवडासन भारतीय सेना में सेवा करते थे, जिनका देहांत बाद में हो गया। उनकी मां का नाम रीजा है, जिन्होंने हमेशा दिलना के करियर को हमेशा समर्थन दिया। उन्होंने कॉमर्स से स्नातक की डिग्री हासिल की। बाद में भारतीय नौसेना में प्रवेश लिया। जून 2014 में लॉजिस्टिक्स ब्रांच में कमीशन प्राप्त किया।

### विश्व भ्रमण मिशन का हिस्सा बनीं

नविका सागर परिक्रमा भारतीय नौसेना का ऐतिहासिक समुद्री अभियान रहा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समुद्री अभियान में हिस्सा लिया, जो भारतीय नौसेना का दूसरा 'ऑल-वीमेन' विश्व भ्रमण मिशन था। जिसका उद्देश्य था, भारतीय महिला अधिकारियों की सहनशक्ति और समुद्री कौशल को परखना। दुनिया को दिखाना कि भारतीय नौसेना लैंगिक समानता को जमीन से समंदर तक निभाती है। दिलना के ने इस अभियान के जरिए लंबी समुद्री यात्रा, चुनौतीपूर्ण मौसम और तकनीकी जटिलताओं का सामना किया। उनके अनुभवों ने यह संदेश दिया कि डिफेंस करियर केवल ताक़त नहीं, धैर्य और टीमवर्क भी मांगता है।

कर्नाटक के राज्यपाल का फैसला

## विधानमंडल के आज के सत्र को नहीं करेंगे संबोधित

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



थावरचंद गहलोत

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 22 जनवरी को राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इनकार कर दिया है। राज्यपाल के फैसले के बाद सरकार ने उनसे मुलाकात करने का निर्णय लिया। राज्यपाल के इनकार के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल के अभिभाषण में केंद्र सरकार के संदर्भ के कारण गहलोत ने अभिभाषण से इनकार किया है। इससे एक दिन पहले कर्नाटक की ही तरह गैर भाजपा शासित केरल और तमिलनाडु के राज्यपालों के विधानसभा में दिए गए अभिभाषणों को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। राज्य के विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस संबंध में राज्यपाल से मुलाकात करने के लिए लोक भवन पहुंचा। इसी तरह, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि मंगलवार को वर्ष के पहले सत्र के पहले दिन बगैर अभिभाषण के चले गए थे।

हथियार और सेना रखना काफी नहीं है, सैन्य ताकत महत्वपूर्ण है

# मजबूत सेना होने के बावजूद इच्छाशक्ति की कमी के कारण वेनेजुएला और इराक को झुकना पड़ाः वायुसेना प्रमुख सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि सैन्य शक्ति राष्ट्रीय ताकत का अंतिम फैसला करने वाला तत्व है, लेकिन उसकी असली प्रभावशीलता राजनीतिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है।

उन्होंने वेनेजुएला और इराक को हाल के उदाहरण बताते हुए कहा कि इन देशों में मजबूत सेना होने के बावजूद इच्छाशक्ति की कमी के कारण वे दूसरे देशों के सामने झुक गए। यह बात उन्होंने दिल्ली में 22वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार में कही। यह सेमिनार सेंटर फॉर एयरोस्पेस पावर एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा आयोजित किया गया था।



ऑपरेशन सिंदूर से पहले वायुसेना प्रमुख एपी सिंह और आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने तेजस से भरी थी उड़ान

### हथियार रखना ही काफी नहीं

*एयर चीफ ने जोर दिया कि आर्थिक, कूटनीतिक और तकनीकी ताकत बहुत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन मजबूत सेना के बिना कोई भी देश सुरक्षित नहीं रह सकता। अगर मजबूत सेना नहीं है, तो कोई भी आपको अधीन बना सकता है। वेनेजुएला और इराक सबसे हाल के उदाहरण हैं। एयर चीफ ने स्पष्ट किया कि सिर्फ हथियार और सेना रखना काफी नहीं है।*

### घुटनों पर आ गया था पाकिस्तान

*वायु सेना चीफ ने कहा, चाहे युद्ध क्षेत्रों से लोगों को बाहर निकालना हो, जैसा कि हमने सूडान में किया या आतंकी ढांचे और आतंकवादियों पर हमला करना भारतीय वायुसेना ने हर जगह अपनी क्षमता साबित की है। हमने पाकिस्तान में कुछ ही घंटों में कई ठिकानों पर हमला कर उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर किया।*

### वायु शक्ति की निर्णायक भूमिका

एयर चीफ ने वायु शक्ति को आधुनिक युद्ध में सबसे प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि वायुसेना ने कई बार तेज और सटीक कार्रवाई करके जरूरी परिणाम दिए हैं- जैसे संघर्ष क्षेत्रों से लोगों को निकालना, आतंकी ठिकानों पर हमला करना। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया, जो मई 2025 में पाकिस्तान के आतंकी कैंपों के खिलाफ हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर में वायु शक्ति ने कमाल किया।

### सैन्य आधुनिकीकरण में आगे भारत

यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत सैन्य आधुनिकीकरण, स्वदेशी हथियार (मेक इन इंडिया) और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों के सामने तैयारियों को तेज कर रहा है। एयर चीफ ने कहा वेनेजुएला (जहां हाल में अमेरिकी दबाव और सैन्य कार्रवाई के बाद स्थिति बिगड़ी) और इराक (2003 में अमेरिकी हमले से सद्दाम का तख्ता पलट) जैसे उदाहरण दुनिया को सिखाते हैं कि बिना इच्छाशक्ति के बड़ी सेना भी बेकार हो जाती है।

### सुब्रतो मुखर्जी को श्रद्धांजलि

*एयर चीफ ने भारतीय वायुसेना के संस्थापक एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी को याद किया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और अनिश्चितता के दौर में भी उनकी दूरदर्शिता ने वायुसेना को सही दिशा दी। आज वायुसेना मजबूत हो रही है। संसाधन बढ़ रहे हैं, लेकिन अतीत की महिमा पर नहीं सोना चाहिए।*

## खबर संक्षेप

### दुनिया भर में ठप हुईं एपल की सेवाएं, एप स्टोर डाउन

**नई दिल्ली।** एपल यूजर्स के लिए बुधवार की सुबह मुश्किलों भरी रही क्योंकि भारत समेत दुनिया भर में एपल की कई प्रमुख सेवाएं अचानक ठप हो गईं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यूजर्स को एप स्टोर, आईट्यून्स स्टोर और एपल टीवी जैसी सेवाओं को एक्सेस करने में भारी परेशानी हुई, जिससे न तो नए एप डाउनलोड हो पा रहे हैं और न ही कंटेंट खरीदने या स्ट्रीम करने की सुविधा मिल रही है। एपल के 'सिस्टम स्टेटस पेज' के अनुसार, तकनीकी खामियों की शुरुआत भारतीय समयानुसार सुबह 5:18 बजे हुई।



### जापान के पूर्व पीएम के हत्यारों को आजीवन कारावास

**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या करने वाले व्यक्ति को उम्रकैद की सजा मिली है। जापान की एक अदालत ने बुधवार को आबे की हत्या पर सुनवाई के दौरान आरोपी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने जुलाई 2022 में पश्चिमी शहर नारा में आबे के चुनावी भाषण के दौरान उनकी हत्या कर दी थी। यामागामी ने आबे के गले में गोली मारी थी, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। इस घटना ने न सिर्फ जापान, बल्कि पूरी दुनिया को झकझोर दिया था।



रेल मंत्री वैष्णव ने व्यावहारिक डिप्लॉयमेंट पर किया फोकस

# दावोसः आईएमएफ ने भारत को बताया सेकंड टियर 'एआई पावर', भारत ने सुनाई खरी-खरी

*दावोस में चल रहे डब्ल्यूईएफ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईएमएफ चीफ को करारा जवाब दिया। आईएमएफ चीफ ने भारत की प्रगति पर सवाल उठाए थे, जिस पर वैष्णव ने कहा कि आपकी जानकारी गलत है।*

**केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा- भारतीय कंपनियां बिजनेस ऑपरेशंस समझकर एआई सॉल्यूशंस देती हैं**

**सरकार की भूमिका एआई के डिफ्यूजन को अर्थव्यवस्था में फैलाने पर केंद्रित है**

एजेंसी ▶▶ दावोस


21 जनवरी 2026 को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावोस में इंटरनेशनल मॉनेट्री फंड (आईएमएफ) की चीफ क्रिस्टालिना जॉर्जिएवा के बयान का करारा जवाब दिया है। आईएमएफ प्रमुख ने भारत को सेकंड-टीयर एआई पावर बताया था, लेकिन वैष्णव ने इसे सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि भारत फर्स्ट ग्रुप में है। यह बात वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) दावोस 2026 के एक पैनल डिस्कशन में हुई, जहां एआई के वैश्विक प्रभाव पर चर्चा हो रही थी। वैष्णव ने आगे कहा, 'रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (आरओआई) बहुत बड़े मॉडल बनाने से नहीं आता। 95% काम 20-50 बिलियन पैरामीटर वाले मॉडल से हो जाता है।

- दुनिया की तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में इस प्रगति को जोड़ रहा भारत

भारत ऐसे कई मॉडल बना चुका है और विभिन्न सेक्टरों में डिप्लॉय कर रहा है, जिससे प्रोडक्टिविटी, एफिशिएंसी और टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल हो रहा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'एप्लिकेशन लेयर में भारत दुनिया को सबसे बड़ा सर्विस प्रोवाइडर बनेगा. एंटरप्राइज के बिजनेस को समझकर एआई एप्लिकेशन से सर्विस देगा, यहीं से सबसे ज्यादा आरओआई आएगा।

भारत का फोकस एआई को बड़े पैमाने पर डिफ्यूज (फैलाने) पर है, न कि सिर्फ स्केल पर। वैष्णव ने व्यावहारिक डिप्लॉयमेंट पर फोकस किया, जहां भारतीय कंपनियां बिजनेस ऑपरेशंस समझकर एआई सॉल्यूशंस देती हैं।

### आईएमएफ चीफ ने कहा भारत एआई में डेनमार्क से पीछे



क्रिस्टालिना जॉर्जिएवा ने पैनल में कहा था कि अमेरिका, डेनमार्क और सिंगापुर जैसे देश एआई में टॉप ग्रुप में हैं। भारत को उन्होंने दूसरे ग्रुप में रखा, यानी सेकंड-टीयर एआई पावर। उन्होंने भारत की आईटी पर लंबे समय से निवेश की तारीफ की, लेकिन कहा कि एआई में भारत अभी आगे नहीं है। बाद में उन्हे लगा होगा कि भारत के बारे में जो कहा कि वो शायद सही नहीं था।

### वैष्णव बोले- एआई टैलेंट में भारत का दुनिया में है तीसरा स्थान



वैष्णव ने सीधे आईएमएफ चीफ को संबोधित करते हुए कहा, 'मुझे नहीं पता आईएमएफ का क्राइटेरिया क्या है, लेकिन स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने भारत को एआई पेनेट्रेशन, एआई प्रीप्रेडनेस और एआई टैलेंट में दुनिया में तीसरा स्थान दिया है। एआई टैलेंट में तो दूसरा स्थान है। इसलिए आपका सेकंड-टीयर क्लासिफिकेशन सही नहीं है। भारत क्लियरली फर्स्ट ग्रुप में है।

### भारत को पहले ग्रुप में रखने पर जोर

*वैष्णव ने भारत को पहले ग्रुप में रखने पर जोर दिया। स्टैनफोर्ड की 2025 एआई इंडेक्स और ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार भारत एआई वाइब्रेंसी में तीसरे स्थान पर है। इसका स्कोर 21.59 है। पहले नंबर पर अमेरिका का स्कोर 78.6 है और दूसरे नंबर पर मौजूद चीन का स्कोर 36.95 है. रिपोर्ट में भारत को एआई टैलेंट एक्विजिशन में विश्व में नंबर 1 बताया गया है, जहां 2024 में हायरिंग ग्रोथ 33.4 फीसदी रही।*

### भारत एआई के पांचों लेयर पर प्रगति कर रहा

एआई आर्किटेक्चर में पांच लेयर हैं जिसमें एप्लिकेशन लेयर, मॉडल लेयर, चिप लेयर, इंफ्रा लेयर और एनर्जी लेयर. भारत इन सभी पांचों में अच्छी प्रगति कर रहा है। स्टैनफोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत एआई पेनेट्रेशन, प्रीपेरेडनेश और टैलेंट में टॉप-3 में है। टैलेंट में नंबर-2 पर है। भारत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बना रहा है, जिसमें डिजाइन, फैब्रिकेशन, पैकेजिंग, मटेरियल्स और इक्विपमेंट शामिल हैं। गूगल जैसे बड़े प्लेयर्स भारत में एआई डेटा सेंटर बढ़ा रहे हैं और भारतीय स्टार्टअप्स से गहरी पार्टनरशिप कर रहे हैं।

भारत ने रूस से घटाई तेल की खरीदारी

# 15,000 किमी दूर गुयाना से दो साल बाद खरीदा क्रूड ऑयल


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। इससे भारतीय कंपनियों ने अब रूस से खरीदारी कम कर दी है और तेजी से नए स्रोत तलाश रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने दो साल बाद गुयाना से कच्चे तेल का पहला शिपमेंट लिया है।

जनवरी में सऊदी अरब से आयात में लगभग एक तिहाई की बढ़ोतरी की गई है। ग्लोबल रियल-टाइम डेटा और एनालिटिक्स प्रोवाइडर केप्लर के अनुसार जनवरी के पहले पखवाड़े में भारतीय रिफाइनरियों ने गुयाना से रोजाना 297,000 बैरल प्रति दिन कच्चा तेल खरीदा। गुयाना तेजी से एक नया वैश्विक तेल उत्पादक बनकर उभर रहा है। वहां तेल के बड़े भंडार मिले हैं और उत्पादन भी तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, लंबी शिपिंग दूरी के कारण गुयाना भारत के लिए तेल का पसंदीदा स्रोत नहीं रहा है।

### भारत तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता

*लेकिन रूस से तेल की आपूर्ति कम होने के कारण, भारतीय रिफाइनरियां अब गुयाना को एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में देख रही हैं। इस महीने भारत में तेल की मजबूत मांग को देखते हुए पश्चिम एशिया के सऊदी अरब और इराक से तथा अफ्रीका के नाइजीरिया और अंगोला से भी कच्चे तेल का आयात बढ़ा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। वहीं, सऊदी अरब से रोजाना आयात 36% बढ़कर लगभग 954,000 बैरल तक पहुंच गया। नाइजीरिया से आपूर्ति पिछले महीने की तुलना में लगभग दोगुनी होकर लगभग 305,000 बैरल हो गई जबकि अंगोला से आयात लगभग तीन गुना बढ़कर लगभग 195,000 बैरल हो गया।*

### रूस भारत का सबसे बड़ा क्रूड सप्लायर

हालांकि रूस अब भी भारत का सबसे बड़ा क्रूड सप्लायर बना हुआ है। जनवरी के पहले पखवाड़े में रूस से रोजाना लगभग 1.179 मिलियन बैरल तेल आया जो पिछले महीने की तुलना में लगभग 3 प्रतिशत कम है। यह 2025 के औसत से लगभग 30% कम है। केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक इराक से आयात 18 प्रतिशत बढ़कर रोजाना लगभग 1.071 मिलियन बैरल हो गया।

इजराइल ने शुरू की बनेई मेनाशे समुदाय की स्क्रीनिंग

# तैयारी तेजः भारत से 3300 यहूदी वापस इजराइल जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मंजूरी के बाद, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में रहने वाले 'बनेई मेनाशे' समुदाय को इजराइल ले जाने की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। दिसंबर की शुरुआत में मिजोरम की राजधानी आइजोल में आयोजित एक विशेष शिविर के दौरान लगभग 3,300 आवेदकों के इंटरव्यू लिए गए। यह प्रक्रिया दो मुख्य कारणों से ऐतिहासिक मानी जा रही है। एक दशक के अंतराल के बाद आयोजित यह स्क्रीनिंग इस बार किसी निजी संस्था के बजाय सीधे इजरायल सरकार के 'अलियाह और


फाइल फोटो

एब्जॉर्प्शन मंत्रालय' द्वारा संचालित की गई। 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर-जनरल ने किया, जिसमें 'डेयानिम' (रैबिनिकल जज) भी शामिल थे। इससे पहले यह कार्य 'शावेई इजरायल' नामक निजी संगठन द्वारा किया जाता था। सुरक्षा के मद्देनजर मिजोरम पुलिस ने इस उच्च स्तरीय दल को सुरक्षा प्रदान की।

### हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से आइजोल पहुंचे लोग

आवेदकों में मणिपुर के चुराचांदपुर से आए कुकी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से आइजोल पहुंचने के लिए आवेदकों ने 10 घंटे की जोखिम भरी यात्रा तय की। बनेई मेनाशे समुदाय खुद को इजरायल की खोई हुई जनजातियों का वंशज मानता है। 2005 में इजरायल के मुख्य रब्बी द्वारा इन्हें इजरायल का बीज स्वीकार किए जाने के बाद से ही इनके माइग्रेशन का रास्ता खुला था।

यूएस के आगे झुके नेतन्याहू

# ट्रंप के गाजा बोर्ड ऑफ पीस में शामिल हुआ इजराइल, पहले कर दिया था इनकार



एजेंसी ▶▶ तेलअवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त रुख के आगे आखिरकार इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को झुकना पड़ा है। नेतन्याहू ने गाजा बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का ट्रंप का न्योता स्वीकार कर लिया है। इजराइल अब गाजा बोर्ड ऑफ पीस का संस्थापक सदस्य होगा। इजराइली पीएम के कार्यालय ने बुधवार को इस फैसले का ऐलान किया। इससे पहले इजराइल ने तुर्की, कतर और पाकिस्तान को शामिल किए जाने का विरोध किया था। इससे पहले यूएई और अजरबैजान ने इसमें शामिल होने का ऐलान किया था। ट्रंप ने गाजा बोर्ड ऑफ पीस में शामिल नहीं होने पर फ्रांस को शराब पर 200 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। वश्लेिषकों का कहना है कि ट्रंप के गुस्से और गाजा पर अकेले पड़ने के डर से इजराइली पीएम नेतन्याहू को अपना विरोध खत्म करना पड़ा है।

# तालाब में गिरा ट्रेनी विमान, पायलट सुरक्षित



*प्रयागराज। भारतीय वायु सेना का एक टू-सीटर माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट तकनीकी खराबी के कारण अनियंत्रित हो गया। केपी कॉलेज के पीछे जलकुंभी से भरे एक तालाब में इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों पायलट को तालाब से सुरक्षित निकाला गया। इसे ग्रुप कैप्टन जेके पांडेय और ग्रुप कैप्टन प्रवीण अग्रवाल संचालित कर रहे थे। फाफामऊ में पड़िला एयर फील्ड के बाद संगम का चक्कर लगाकर यह विमान एयरफोर्स स्टेशन लौट रहा था, तभी उसके इंजन में तकनीकी खामी आ गई।*

अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो समझौते की कर चुके हैं तारीफ

वैश्विक उथल-पुथल की आशंका, रणनीतिक द्वीपों पर ट्रंप ने लिया यू-टर्न

# ट्रंप का बड़ा बयानः दीएगो गार्सिया समझौते को बताया 'मूर्खता', ग्रीनलैंड पर दावे को दे दी हवा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संधियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक बार फिर दुनिया भर में हलचल पैदा कर दी है। ट्रंप ने हिंद महासागर में स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दीएगो गार्सिया द्वीप को मॉरीशस को सौंपने की योजना की तीखी आलोचना की है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर ब्रिटेन के इस कदम को ₹पूर्ण कमजोरी₹ और बड़ी मूर्खता करार दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा कि ब्रिटेन जैसा नाटो सहयोगी एक महत्वपूर्ण अमेरिकी सैन्य अड्डे (दीएगो गार्सिया) वाले क्षेत्र को बिना किसी



ठोस कारण के मॉरीशस को सौंपने जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि रूस और चीन जैसे देश अमेरिका की इस कमजोरी पर नजर बनाए हुए हैं। बता दें कि दीएगो गार्सिया चागोस द्वीप समूह का सबसे बड़ा द्वीप है, जहाँ 1960 के दशक से अमेरिका और ब्रिटेन का संयुक्त सैन्य अड्डा है। यह मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में अमेरिकी सैन्य अभियानों के लिए रीढ़ की हड्डी माना जाता है। मई 2025 में हुए समझौते के तहत ब्रिटेन चागोस की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने पर सहमत हुआ था। इसके बदले में ब्रिटेन को दीएगो गार्सिया पर 99 साल की लीज मिली है, जिसके लिए वह मॉरीशस को सालाना 13.6 करोड़ डॉलर देगा।

वहीं ब्रिटिश सरकार ने ट्रंप की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि यह समझौता सैन्य अड्डे की सुरक्षा और कानूनी चुनौतियों को समाप्त करने के लिए अनिवार्य था। ट्रंप ने न केवल दीएगो गार्सिया और ग्रीनलैंड, बल्कि कनाडा और वेनेजुएला को भी अमेरिकी प्रभाव क्षेत्र का हिस्सा बताया है।

### रूबियो ने बताया था बड़ी उपलब्धि

दिलचस्प बात यह है कि पिछले साल ट्रंप प्रशासन के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसी समझौते को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया था, लेकिन अब ट्रंप ने इस पर पूर्ण रूप से यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने कब्जे की अपनी मांग से भी जोड़ दिया है। ट्रंप का तर्क है कि सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड को हासिल करना जरूरी हो गया है।

### भारत समझौते का समर्थक रहा

*हालांकि ट्रंप ने अपने बयान में भारत का नाम नहीं लिया, लेकिन भारत इस समझौते का प्रमुख समर्थक रहा है। भारत ने मॉरीशस के वि-औपनिवेशीकरण का समर्थन करते हुए उसे 68 करोड़ डॉलर का वित्तीय पैकेज भी दिया है। भारत हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए मॉरीशस की मदद कर रहा है और वहां समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत कर रहा है। ट्रंप के इस नए रुख से क्षेत्र में कूटनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि भारत और अमेरिका के वर्तमान रक्षा संबंध मजबूत हैं, लेकिन ट्रंप की ₹अमेरिका फर्स्ट₹ नीति और क्षेत्रीय विस्तारवाद की बातें समीकरण बदल सकती हैं।*

एलओसी पर पाक की नापाक हरकत

# कैमरे लगाते समय की गोलीबारी भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

एजेंसी ▶▶ जम्मू

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में 20-21 जनवरी की रात भारत और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच गोलीबारी हुई। रक्षा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह झड़प तब हुई जब 6 राष्ट्रीय राइफल्स के सैनिक केरन बाला इलाके में सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और लाइन ऑफ कंट्रोल के साथ ब्लाइंड स्पॉट को खत्म करने के लिए हाई-टेक सर्विलांस कैमरे लगा रहे थे। पाकिस्तानी सैनिकों की गोलीबारी का भारतीय जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने इंस्टॉलेशन को रोकने के लिए छोटे



हथियारों से दो राउंड फायरिंग की, जिसके जवाब में भारतीय पक्ष से एक, सोच-समझकर जवाबी गोली चलाई गई। हालांकि दोनों तरफ से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन भारतीय सेना ने घने जंगल वाले इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है, क्योंकि उन्हें शक है कि आग का इस्तेमाल घुसपैठ की कोशिश से ध्यान भटकाने के लिए किया गया हो सकता है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक ने की आत्महत्या

## पत्नी मार्केट से लौटी तो पति लगा चुका था फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित शालीमार स्टर्लिंग अपार्टमेंट रायसेन रोड पर मंगलवार रात एक युवक ने फांसी लगातार आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार धर्मवीर सिंह राणा पिता माधव सिंह राणा (28) फ्लैट नंबर 10/303, शालीमार स्टर्लिंग अपार्टमेंट, में रहता था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उसकी पत्नी दीक्षा सिंह निजी कॉलेज में स्पोर्ट्स टीचर है। पिता शासकीय कर्मचारी है। पिता ऑफिस के काम से इंदौर गए हुए हैं। रात में धर्मवीर और उनकी पत्नी दीक्षा अकेले थे। रात करीब 11 बजे पत्नी खाना लेने रेस्टोरेंट गई थी। इस बीच धर्मवीर घर पर अकेला था। तीस मिनट बाद दीक्षा खाना लेकर लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी धर्मवीर ने दरवाजा नहीं खोला उसे कॉल किया, लेकिन कॉल भी रिसीव नहीं कर रहा था। दीक्षा ने कॉलोनी के गार्ड को घटना की जानकारी दी। गार्ड ने जवाब दिया कि कॉलोनी के अध्यक्ष से बात कर लो, इसके बाद ही वह दरवाजा खोलने का प्रयास करेगा। दीक्षा ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और रात में ही दरवाजा तोड़ा गया। दरवाजा तोड़ने पर पता चला कि धर्मवीर ने फांसी लगा ली है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### माली मार्केट फुटपाथ पर मिला मजदूर का शव

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित माली मार्केट फुटपाथ पर आज सुबह एक मजदूर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मचूरी भेज दिया है। विदिशा से उसके परिजन के पहुंचने के बाद शव का पीएम कराया गया। प्राथमिक जांच में पता चला कि मृतक को टीबी की बीमारी थी। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि माली मार्केट फुटपाथ पर किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव पीएम के लिए मचूरी भेजा गया। आसपास लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक दिनेश रैकवार पिता रमेश रैकवार (50) विदिशा के एक गांव का रहने वाला था और भोपाल में फुटपाथ पर रहकर जीवन यापन कर रहा था। वह मजदूरी करता था। कुछ समय से उसे टीबी की बीमारी हो गई थी। अनुमान है कि बीमारी और ठंड की वजह से उसकी मौत हुई है।

## देवर को मंदिर भेज भाभी ने लगाई फांसी दो दिन पहले पति से हुई थी कहासुनी

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस-टू में मंगलवार शाम नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि दो दिन पहले उसने पति से मायके जाने की इच्छा जाहिर की थी। साथ ही कहा था कि हम लोग मां से अलग रहेंगे। पति ने अपनी मां से अलग रहने से मना कर दिया था। अनुमान है कि इसी से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है।

पुलिस के अनुसार 20 साल की दीपा, मूलतः दतिया की रहने वाली थी। आकाश मनोहर डेयरी में काम करता है। उसके साथ मां और 13 साल का छोटा भाई रहता है। मां भी मनोहर डेयरी में काम करती है। मंगलवार को मां बेटे काम पर गए थे। घर में दीपा और देवर विकास था। शाम करीब साढ़े 7 बजे दीपा ने आकाश से कहा कि मंदिर से पूजा कर आओ। विकास मंदिर से करीब पंद्रह बीस मिनट बाद घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने भाभी को आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। उसने पड़ोसियों की मदद से घर के अंदर पहुंचे तो दीपा का शव फंदे पर लटका था।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान, पति और ससुराल पक्ष पर लगाया आरोप

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित सुदामा नगर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वर्ष 2019 में उसकी शादी हुई थी, लेकिन शादी के एक साल बाद ही वह पति से अलग हो गई थी और अपने मायके में रह रही थी। पुलिस ने उसके पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। तीन लाइन के सुसाइड नोट में उसने आत्महत्या के लिए पति और ससुराल पक्ष को जिम्मेदार बताया है। पुलिस के अनुसार धनकेश्वरी पति वेंकेटेश्वर (30) सुदामा नगर, गोविंदपुरा में रहती थी। उसका पति वेंकेटेश्वर मद्रास का रहकर काम करता है। धनकेश्वरी और वेंकेटेश्वर का एक तीन साल का बच्चा भी है। मंगलवार सुबह धनकेश्वरी ने कमरे में फांसी लगा ली। टायलेट से लौटी मां ने उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। बुधवार को ससुराल पक्ष आने के बाद वेंकेटेश्वरी के शव का पीएम कराया गया। घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट में धनकेश्वरी अपनी मौत के लिए पति वेंकेटेश्वर और उसके परिजन को जिम्मेदार बताया है।

## खबर संक्षेप



### मिलन समारोह में शामिल होने बांटे आमंत्रण-पत्र

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के मिलन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण-पत्र वितरण करने का कार्य तेजी से चल रहा है। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, सचिव प्रदीप अरोरा, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, महामंत्री रतन मेघानी, बल्लू अरोरा, अशोक जायसवाल, सह सचिव राजेश नागर, रमेश वासवानी, मनोज मेघानी, अमित राय, रवि कमल, सह कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ मित्तल, मीडिया प्रभारी दिनेश सेन, व्यापारी संघ के संरक्षकों को आमंत्रण करने उनके निवास पर पहुंचे और आमंत्रण पत्र दिया।

### शिवपुरी में 2 करोड़ की चोरी के दो आरोपी अरेस्ट

**भोपाल।** शिवपुरी पुलिस ने कोलारस कस्बे में एक ज्वेलर्स की दुकान से हुई करीब दो करोड़ रुपए की चोरी का बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब डेढ़ करोड़ रुपए कीमत की 46 किलो चांदी बरामद की है। यह चांदी आरोपियों ने जमीन में गड्ढे खोदकर छिपा रखी थी। मामले में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, 26 और 27 जुलाई की दरमियानी रात कोलारस कस्बे के सदर बाजार में स्थित ज्वेलर्स गिरीश कुमार जैन की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गए थे। पुलिस ने करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखे। 20 जनवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अमन रावत चोरी का माल बेचने शिवपुरी आ रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। उसके पास से चांदी के आभूषण बरामद हुए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 334 | 06 | 150 |
| रात: | 699 | 49 | 135 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 799 | 57 | 340 |
| रात: | 580 | 31 | 119 |


## गुनगा के ग्राम रतुआ में बैरसिया से भोपाल लौटते समय हुआ हादसा

# ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसा बाइक सवार सिर टकराने से मौके पर ही मौत

- हादसे के समय बाइक की रफ्तार बहुत अधिक थी
- बाइक पर बैठे साथी को मामूली चोटें आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम रतुआ के पास मंगलवार रात तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर की ट्रॉली में जा घुसी। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार का चेहरा ट्रॉली से चिपक गया। उसके सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस के अनुसार मूलरूप से ग्राम करईया थाना करारिया जिला विदिशा निवासी बृजेश सिंह मालवीय पुत्र लखन मालवीय (35) विगत 20 जनवरी की रात करीब साढ़े 10 बजे बैरसिया से भोपाल की ओर आ रहे थे। उसका दोस्त भगवान सिंह यादव भी साथ था और बाइक के पीछे बैठा था।



हादसे के बाद ट्रॉली से चिपका युवक, नीचे फंसी बाइक।

### सड़क किनारे खड़ी थी ट्रॉली

गुनगा के ग्राम रतुआ के पास आते ही उनकी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई। एक्सल टूटने के कारण ट्रॉली वहां खड़ी थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के समय बाइक की रफ्तार बहुत अधिक थी। यहीं वजह रही कि ट्रॉली से टकराने के बाद गाड़ी चला रहे बृजेश सिंह का चेहरा ट्रॉली से चिपक गया। बाइक भी ट्रॉली के पीछे घुस गई। पुलिस जब मौके पर पहुंची, उस समय बृजेश सिंह का शव मोटरसाइकिल पर बैठी हालत में बरामद हुआ। उसके साथी भगवान सिंह को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लोडिंग ऑटो पलटने से चालक की संदिग्ध मौत

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बहरावल जोड़ के पास लोडिंग ऑटो पलटने से चालक की मौत हो गई। दस दिन पहले उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी अरुण शर्मा का कहना है कि फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं हो सका है कि ऑटो खुद ही अनियंत्रित होकर पलटा था अथवा किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी थी। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम बरखेड़ा खुर्द नजीराबाद निवासी सुरेश कुशवाहा (41) लोडिंग ऑटो चलाता था। विगत 12 जनवरी को बहरावल जोड़ के पास वह ऑटो पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया था। अस्पताल की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। होश में नहीं आने के कारण सुरेश कुशवाहा के बयान नहीं हो सके थे। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि लोडिंग ऑटो को किस अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी अथवा वह खुद ही अनियंत्रित होकर पलट गया था। हादसे के समय सुरेश ऑटो में अकेला था।

# रिटायर्ड रेलकर्मी को साइबर जालसाज ने लगाई साढ़े 5 लाख रुपए की चपत

## पेंशन बंद होने का झांसा देकर बदमाशों ने की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी इलाके में रहने वाले एक रिटायर्ड कर्मचारी को साइबर जालसाजों ने साढ़े 5 लाख रुपए की चपत लगा दी। साइबर जालसाज ने पेंशन बंद होने का कहकर मोबाइल पर ओटीपी भेजा और खाते से ट्रांजेक्शन कर लिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर साइबर जालसाज की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बालाजी लेकसिटी लांबाखेड़ा में रहने वाले नरेंद्र रैकवार रेलवे से रिटायर्ड हैं।




वह रेलवे में कापरेंटर का काम करते थे। रिटायरमेंट के बाद उनकी पेंशन शुरू हो गई थी। दो दिन पहले उनके पास अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉलर ने कहा कि आपकी पेंशन पर चार महीने के लिए होल्ड लग गया है। यदि पेंशन यथावत रखनी है तो बैंक संबंधी जानकारी देनी पड़ेंगी। इसके बाद जालसाज ने उनसे अकाउंट की जानकारी मांगी। बाद में नरेंद्र के मोबाइल पर ओटीपी भेज दिया। नरेंद्र ने उक्त ओटीपी जालसाज से शेयर कर लिया। ओटीपी मिलते ही कुछ समय बाद उनके बैंक अकाउंट से करीब साढ़े 5 लाख रुपए कट गए। ठगी का एहसास होने पर नरेंद्र ने इसकी शिकायत साइबर हेल्प लाइन में की, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुराल से लौटे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित अमरावद खुर्द में बुधवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अशोक अहिरवार पिता रामसिंह अहिरवार (22) अमरावद खुर्द में रहता था और प्राइवेट काम करता था। पिछले कुछ दिनों से उसकी पत्नी मायके गई हुई है। अशोक भी पत्नी के मायके गया था। वहां से मंगलवार रात घर लौटा और अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली।

## मेडिकल स्टोर संचालक से मोबाइल झपटकर भागे बदमाश, प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र के एकतापुरी मैदान इलाके में बाइक सवार दो बदमाश मेडिकल स्टोर संचालक का मोबाइल झपटकर भाग निकले। झपटे गए मोबाइल की कीमत 30 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने घटना के एक सप्ताह बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख रही है। पुलिस के अनुसार बी-191, अशोका गार्डन निवासी आशीष जैन (48) मेडिकल स्टोर संचालक हैं। उनका मेडिकल स्टोर ऑटो स्टैंड के पास है। विगत 15 जनवरी की शाम करीब पौने 8 बजे वह एकतापुरी मैदान के पास अपनी कार खड़ी करने के बाद लौट रहे थे। इस बीच किसी का कॉल आने पर वह मोबाइल पर बात करने लगे। तभी बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और उनके हाथ से मोबाइल झपटकर भाग निकले। मारे घबराहट के वह आरोपी की गाड़ी का नंबर या उनका हुलिया नहीं देख सके।

# दरबार और गौर ने अध्यक्ष पद संभालने के बाद कार्यकर्ताओं में संजीवनी का किया काम

## समाज एवं आसपास की पोलिंग पर सक्रियता से आएंगे बेहतर परिणाम

- करीब ढाई वर्ष तक खाली रहा ब्लॉक अध्यक्ष का पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ब्लॉक कांग्रेस संगठन की नवीन नियुक्तियां होने से स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू के भाजपा में शामिल होने से लगभग ढाई वर्ष तक ब्लॉक अध्यक्ष का पद खाली रहा। इन वर्षों में ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु अनेक नेताओं के नाम चले, लेकिन जिला अध्यक्ष सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल की पसंद के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य इमरत सिंह दरबार निकले। दरबार आदिवासी समाज में



इमरत सिंह दरबार



सूरजमल गौर

भिलाला वर्ग से आते हैं। वहीं दूसरी और किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सूरजमल गौर की नियुक्ति जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत सिंह रघुवंशी ने की है। गौर की नियुक्ति के लिए भोजपुर विस युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दुर्गेश यादव ने सार्थक प्रयास किए थे। गौर पूर्व में नूरगंज वार्ड से जनपद सदस्य भी रह चुके हैं। साथ ही उनकी खासियत है कि बी कांग्रेस के सारे गुटों में सर्वमान्य है।

### गौर की कुर्मी समाज किसानों और कार्यकर्ताओं में है गहरी पैठ

गौर की कुर्मी समाज की पोलिंग के साथ ही किसानों एवं गरीब कार्यकर्ताओं में गहरी पैठ है। दरबार एवं गौर के अध्यक्ष पद संभालने के बाद नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में संजीवनी का काम किया है। यदि दोनों नेता अपनी-अपनी समाज एवं आसपास की पोलिंग पर सक्रियता बनाकर रखते हैं, तो इसका दूरगामी परिणाम बेहतर आएगा। कांग्रेस के नेता रेवा शंकर राय, राजाराम यादव, कमलेश लोधी, रिहान हुसैन, फैजान ने ब्लॉक अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बनने से प्रशंसा व्यक्त की। लोगों का कहना है कि पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन के कार्य के अनुभवों का मार्गदर्शन लेने से कांग्रेस और मजबूत होगी।

## विधायक पटवा ने क्षेत्र की जनता का किया आभार व्यक्त

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के परिवार जनों द्वारा दिए गए अपार स्नेह, शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पटवा ने कहा आपका प्रेम और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है, जो मुझे जनसेवा के पद पर निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। हर संदेश हर शुभेच्छा मेरे लिए अमूल्य है। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद सदैव बना रहे। आपका यह विश्वास ही मेरी जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाना ही मेरा कर्तव्य है।



## रामेश्वर ने अमर शहीद हेमू कालाणी को समाज और राष्ट्र का गौरव बताया

### अमर शहीद हेमू कालाणी का 84वां शहादत दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में देश के गौरव अमर शहीद हेमू कालाणी का 84वां शहादत दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम अमर शहीद हेमू कालाणी स्टेडियम स्थित हेमू कालाणी की प्रतिमा के समक्ष मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा ने अमर शहीद हेमू कालाणी को समाज और राष्ट्र का गौरव बताया, जिन्होंने हसते-हसते देश की आजादी के लिए मात्र 19 वर्ष की आयु में कुर्बानी दी। विधायक शर्मा ने कहा कि हेमू कालाणी की शहादत से प्रेरणा लेना चाहिए। ताकि हमारा भारत देश और शक्तिशाली बने।

पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने हेमू कालाणी के व्यक्तित्व एवं आजादी के लिए दी कुर्बानी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हेमू कालाणी समाज व राष्ट्र के गौरव थे हेमू कालाणी ने आजादी के लिए कुर्बानी दी। कार्यक्रम का संचालन जगदीश आसवानी ने किया। इसके अतिरिक्त बस स्टेण्ड फायर बिग्रेड के समीप, नगर निगम कार्यालय के समीप झूलेलाल मंदिर स्थित हेमू कालाणी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा से फूल चढ़ाए। खचाखच भरे स्टेडियम में भारी संख्या में पंचायत के पदाधिकारी भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के अलावा युवा व विद्यार्थी उपस्थित थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों मे प्रमुख नंद कुमार दादलानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनीष बागवानी, कांग्रेस उप ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, चंद्रप्रकाश इसरानी आदि मौजूद थे।



अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देते विधायक रामेश्वर व अन्य।

## ग्राम पंचायतों में खुशी का माहौल, विकास कार्यों के प्रारंभ होने से लोगों को मिलेगी सुविधाएं

# औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक में लिया बड़ा निर्णय, पांच वर्षों से लंबित 15वें वित्त आयोग के कार्यों को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

हरिभूमि ने जनपद सदस्यों की 15 वित्त आयोग कि जनपद सदस्यों की निधि के बारे में कई बार खबरें प्रकाशित की। वहीं जनपद सदस्यों की जिला अध्यक्ष सुलेखा चौहान ने भी साढ़े तीन वर्षों से जनपद निधि के लिए ज्ञापन देकर मांग उठाती रहीं। बुधवार को जनपद अध्यक्ष प्रीति बृजेश चौकसे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें कई बिंदुओं पर निर्णय लिया गया।

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज की सामान्य सभा बैठक बुधवार को पिछले 5 वर्षों से लंबित 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों पर गहन चर्चा की गई। लंबे समय से लंबित इन कार्यों के कारण ग्राम पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे,




जनपद पंचायत में उपस्थित पार्षद व पदाधिकारी।

जिन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के लिए ठोस निर्णय लिए गए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला योजना समिति (डीपीसी) से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद जनपद पंचायत के इंजीनियरों द्वारा विस्तृत सर्वेक्षण एवं स्थल परीक्षण कर अनेक कार्यों को तकनीकी स्वीकृति (टीएस) प्रदान की जा चुकी है। साथ ही कई अन्य कार्य वर्तमान में तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया में हैं, जिन्हें शीघ्र स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में निखिलेश कटारे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उनके सतत प्रयासों, प्रभावी समन्वय एवं प्रशासनिक दक्षता से वर्षों से अटके कार्यों को गति मिली। इसके साथ ही प्रीति बृजेश चौकसे जनपद पंचायत अध्यक्ष, साधना सरदार सिंह उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रूपेश चौहान, नयनतारा, धर्म सिंह मीणा, पर्वत सिंह राजपूत, रजनी इमने, सज्जन सिंह नागर, राधाबाई, राखी मालवीय, ओमवती, राशिद खान, शीला पवन गिरी, ज्योति विनोद मैथिल, अनूप कुमार, मयाराम, टीना, भंवर, ममता बाई काकोड़िया आदि जनपद सदस्य बैठक में मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायतों में होंगे विकास कार्य

जनपद सदस्यों के सहयोग से 15वें वित्त आयोग अंतर्गत जनपद औबेदुल्लागंज को आवंटित राशि का निर्गमन सुनिश्चित किया गया। फंड जारी होने के बाद अब अनेक ग्राम पंचायतों में विकास कार्य प्रारंभ होने की स्थिति बन गई है, जिससे पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण नागरिकों में प्रसन्नता का माहौल है। वर्षों से लंबित विकास कार्यों के प्रारंभ होने से ग्रामीण अधोसंरचना, मूलभूत सुविधाओं एवं समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। सामान्य सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि शेष लंबित कार्यों की तकनीकी स्वीकृति एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाएगा, ताकि जनपद क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत को योजनाओं का पूर्ण लाभ समय पर प्राप्त हो सके। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रूपेश चौहान एवं उपाध्यक्ष साधना सरदार सिंह, जनपद सदस्य शीला पवन गिरी आदि ने बताया की विधायक सुरेंद्र पटवा के प्रयास से यह संभव हो सका है।

## पार्षद और पूर्व पार्षद वार्ड 13 की स्थिति को लेकर आए आमने-सामने

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13 में वर्तमान पार्षद मनोज चौरसिया, पूर्व पार्षद और व्यापार महासंघ के कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित में तानातनी हुई। पूर्व पार्षद आशीष दीक्षित ने कहा की वार्ड 13 की हर गली खुदवा दी, इसके कारण आने-जाने में परेशानी हो रही है। तुम वार्ड में आकर तो देखो वार्ड 13 के अव्यवस्था के कारण स्टेशन रोड पर धूल उड़ रही है। चूड़ी बाजार में सड़क उखड़ी पड़ी है, पार्षद मनोज चौरसिया ने आशीष दीक्षित से कहा मैं नगर पंचायत में कई बार मुद्दा उठा चुका हूं। चौरसिया ने कहा आप भी नगर परिषद में जाकर देखो। पार्षद मनोज चौरसिया और पूर्व पार्षद आशीष दीक्षित की तनातनी को देखते हुए व्यापार संघ के वरिष्ठ मीडिया प्रभारी नीरज चावला एवं गिरीश चावला ने कहा कि दीक्षित जी सही मामला उठा रहे हैं। चौरसिया की वार्ड की स्थिति को देखो और समझो वार्ड के क्या हालत हैं।



मनोज चौरसिया



आशीष दीक्षित

# प्रमुख सचिव ने सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

# औचक निरीक्षण: प्रदेश के सात जिलों में सड़कों के निर्माण में भारी अनियमितता, तीन कंपनियों को किया ब्लैक लिस्ट

- विदिशा, भिंड, खरगौन, सतना, दमोह जिलों का किया आकस्मिक दौरा
- 35 कार्यों में निरीक्षण के दौरान पाई गईं कई बड़ी खामियां
- संबंधित इंजीनियरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



लोक निर्माण विभाग इन दिनों सभी जिलों में औचक निरीक्षण चलाकर निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण कर रही है। एक दिन पहले विदिशा, भिंड खरगोन, सतना, मंदसौर, दमोह जिलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें 35 कार्यों के निरीक्षण में बड़ी खामी पाई गई।

इसमें से 21 सड़कों के निर्माण में अनियमितता पाई गई है। संबंधित इंजीनियरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए । इसके अलावा ठेकेदारों को काली सूची में डालने के निर्देश दिए गए। इसे लेकर बुधवार को प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह व प्रमुख अभियंता केपीएस राणा ने संबंधित मुख्य अभियंता और अधीक्षण यंत्री तथा कार्यपालन यांत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक में निरीक्षणकर्ताओं से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर निर्देश दिए गए हैं दमोह जिले में सरकारी मॉडल स्कूल पटेरा के भवन कार्य में गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाया गया। इस पर ठेकेदार त्रिशूल कंस्ट्रक्शन भोपाल को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए गए।

## 18 कार्यों में आंशिक सुधार के लिए किया निर्देशित

इसके साथ ही साथ 18 कार्यों में आंशिक सुधार के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण रिपोर्ट को लेकर हुई बैठक में दमोह जिले में पीडब्ल्यूडी के तारादेही पोंडी चंदन रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें सड़क की स्थिति अच्छी पाई गई इस पर संबंधित इंजीनियरिंग की प्रशंसा की गई। बैठक में कई अन्य निर्देश भी दिए गए। इसके तहत सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण से शिकायतकर्ता को अवगत कराकर संतुष्टि पूर्वक शिकायत का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। पूर्व वर्ष में निर्मित लोक कल्याण सरोवर में सुधार होने हैं। उसे आवश्यक सुधार कर स्थानीय निकाय को हस्तांतरित करने को कहा गया। भास्कराचार्य संस्थान द्वारा बनाए गए पोर्टल पर टूल का उपयोग कर नवीन लोक कल्याण शर्मा के निर्माण शुरू करने को कहा गया। इसी तरह अन्य निर्देश भी इंजीनियरों को दिए गए हैं।

## निर्माण में काफी खराब पाई गई गुणवत्ता

इसी तरह मंदसौर में मध्य प्रदेश भवन विकास निगम के धुंधका कंपोजिट तहसील कार्यालय के निर्माण में गुणवत्ता काफी खराब पाई गई। इस पर ठेकेदार रामचंद्र छोटेलाल एंड कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने एवं कंसलटेंट इक्त प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम हरियाणा के विरुद्ध गंभीर कार्यवाही करने के निर्देश प्रमुख अभियंता भवन को निर्देशित किया गया। मंदसौर जिले में सड़क विकास निगम के मंदसौर प्रतापगढ़ सड़क कार्य में अनियमितता पाई गई। इस पर ठेकेदार शुक्ला ग्लोबल डेवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैकलिस्टेड करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### 113 अवैध कॉलोनियों पर एफआईआर के बाद चलेगा बुलडोजर

**भोपाल।** अवैध कॉलोनियों को लेकर जिला प्रशासन ने एक बार फिर से सख्ती शुरु कर दी है। जिसके तहत करीब 113 कॉलोनियां काटने वाले किसानों और कॉलोनाइजर्स पर केस दर्ज किए जाएंगे। जबकि दूसरे चरण में अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि जिन कॉलोनियों में अधिकांश प्लॉट बिक चुके हैं, उनका प्रबंधन जिला पंचायत द्वारा अपने हाथ में लिए जाने की बात कही जा रही है। कलेक्टर कौशलेंद्र ने जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी को निर्देश दिए हैं कि जिन कॉलोनियों में निर्माण हो चुका है, वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वे प्रबंधन अपने हाथ में लें।

### तहसील दफ्तर से गायब एक दर्जन फाइलें मिलीं रीडर ने दी सफाई

**भोपाल।** हुजूर तहसील में वृत्त-2 के नायब तहसीलदार अतुल शर्मा के रीडर देवेंद्र मेवाड़ा पर 53 अविवादित नामांतरण की फाइलें गुमाने का आरोप लगाया गया है। जिसके बाद नायब तहसीलदार ने फाइलों की छानबीन कराई, जिसमें एक दर्जन से अधिक फाइलें मिल गई हैं, जबकि अन्य फाइलों के बारे में जानकारी जुटाने की बात कही जा रही है। इस कोर्ट में नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे की पेंडेंसी भी जांची जा रही है। इधर रीडर ने प्रत्येक फाइल के बदले पांच हजार रुपए की मांग को लेकर हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को अपना जवाब पेश कर दिया है। जिसमें कहा गया है कि बाबू द्वारा फाइल को नायब तहसीलदार को पेश कर दिया गया है।

### समाजवादी पार्टी ने की 12 प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति

**भोपाल।** समाजवादी पार्टी ने मप्र में अपने संगठन का विस्तार करते हुए 12 नई नियुक्तियां की हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव द्वारा जारी पत्र के अनुसार, दिनेश पांडेय को प्रदेश प्रमुख महासचिव, ललित गौर को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा शैलेन्द्र यादव को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। वहीं राजेंद्र कुमार यादव एवं रामविजय यादव को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। रणवीर यादव को प्रदेश प्रभारी मजदूर सभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा परमवीर सिंह यादव को प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी नियुक्त किया गया है। इंद्रकुमार पटेल (जबलपुर), मोहिनी अहिरवार (रायसेन) एवं अनिल पवार (देवास) को प्रदेश सचिव बनाया गया है।

### केंद्र प्रवर्तित योजनाओं में खर्च नहीं हुई राशि तो अगले वर्ष होगी समस्या

# सीएस अनुराग जैन ने दी चेतावनी योजनाओं को समय पर पूरा कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की धीमी गति खासकर पंचायतों व ग्रामीण इलाकों में काम बेहद कम होने कहीं बिल्कुल नहीं होने पर सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने कलेक्टरों व जिला पंचायतों के सीईओ से कहा कि यदि दो महीने में काम नहीं हुए और पैसे खर्च नहीं हुए अगले वित्तीय वर्ष में केंद्रीय फंड की भारी समस्या आने वाली है। इससे पूरी व्यवस्था खराब हो जाएगी।

उन्होंने कलेक्टरों को सख्त चेतावनी दी कि हर हाल में सभी केंद्रीय योजनाओं के कार्य पूरा कराएं और राशि खर्च करें। उन्होंने कलेक्टरों के रवैऐ पर खासी नाराजगी भी जताई है। जैन ने एमपीई सेवा पोर्टल को प्रदेश के नागरिकों के लिए सेवाओं और सुविधा की दृष्टि से रिफार्म बताते हुए कलेक्टर्स और अन्य विभागों से कहा कि मार्च अंत तक सभी 1700 सेवाएं जुड़ जाए, जिससे नागरिक इस पोर्टल के माध्यम से सेवाएं प्राप्त कर सकें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गांरटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक मे बताया गया कि लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त एक करोड़ 9 लाख आवेदनों में से 1 करोड़ का निराकरण किया गया है।



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टरों की ली बैठक।

## टीम भावना से काम करें, जन प्रतिनिधियों सहित आम आदमी से करें अच्छा व्यवहार

मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स से कहा कि वे टीम भावना से काम करें और जन प्रतिनिधियों सहित आम आदमी से संवेदनशील व्यवहार रखें और यह उनकी कार्य संस्कृति में भी दिखना चाहिए । उन्होंने वन ग्राम से राजस्व ग्राम कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त किया तथा वन भूमि का दावा कार्य में भी कम प्रगति पर कलेक्टर्स को राजस्व और वन अमले के साथ बेहतर समन्वय कर 31 मार्च तक सभी प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव जैन ने कृषि वर्ष 2026 के विभिन्न 10 आयाम की समीक्षा की और वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर कृषि विकास के विभिन्न पहलूओं पर रणनीति बनाने के लिए कहा है। उन्होंने मिट्टी, पानी और मौसम को सटीक तकनीकी से जोड़ने और जिला स्तर पर प्लान बनाने को कहा है। उन्होंने सिंचाई सुविधाओं के निर्माण के समय आकल्पित सिंचाई क्षमता और वास्तविक सिंचाई क्षमता में अंतर होने को गम्भीरता से लिया और कहा कि राजस्व कृषि तथा जल संसाधान विभाग इस दिशा में सटीक योजना बनाकर क्रियान्वयन करें। बैठक में पराली/नरवाई जलाने पर रोक लगाने के लिए किसानों के बीच वैज्ञानिक तकनीकों के प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रेसराईज्ड सिंचाई, परड्राप, मोरक्राप, उद्यानिकी क्लस्टर, खाद्य प्रसंस्करण, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना एक बगिया माँ के नाम, डॉ. भीमराव कामधेनु योजना की भी समीक्षा की।

## इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हों

मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे नगरीय निकायों से बेहतर समन्वय कर यह सुनिश्चित करें कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हों। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर सही रिपोर्ट देने की संस्कृति विकसित करें। नगरीय विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रदेश में चलाये जा रहे पट्टा वितरण अभियान में समय अवधि के साथ सभी कार्यवाही पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन और अमृत अभियान के कार्यों को गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने छतरपुर और मुरैना जिलों को स्वच्छ पेय जल पर विशेष ध्यान देने को कहा है। मुख्य सचिव ने 3000 पेयजल टंकियों की सफाई और पाइप-लाइन लीकेज सुधार कार्य पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने पी.एम स्वनिधि, नगरीय यातायात व्यवस्था, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, पी.एम ईव्ही बस सेवा तथा गीता भवन योजना आदि की भी समीक्षा की।

### 15 दिन में मांगें नहीं मानी गईं तो दो फरवरी से होगा उग्र आंदोलन

**भोपाल।** राजधानी समेत प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन के भीतर स्वास्थ्य कर्मचारियों की लंबित मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो दो फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन का शखनांद कर विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने मुख्यमंत्री सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेतावनी पत्र देकर 15 दिवस के अंदर 12 सूत्रीय मांगों का शीघ्र निराकरण आदेश जारी करने की मांग की। सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी मानव सेवा करते है। महत्त्वपूर्ण विभाग होने के बाद भी विभाग की मनमानी के कारण मजबूरन आंदोलन की राह पर जाना पड़ता है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि समय रहते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से विचार कर शीघ्र निराकरण करें।

#### यह हैं प्रमुख मांगें

- चिकित्सकों की भांति रात्रि कालीन आकस्मिक चिकित्सा भत्ता दिया जाएं।
- रेडियोग्राफर,डार्क रूम असिस्टेंट, अटेंडेंट को रेडिएशन जोखिम भत्ता दिया जाएं।
- ग्वालियर और रीवा मेडिकल कॉलेज की भांति समस्त मैडिकल कॉलेज के नर्सिंग ऑफिसर कर्मचारी को तीन एवं चार वेतन वृद्धि दी जाएं।
- अन्य राज्यों की भांति समस्त कैडरों के पद नाम परिवर्तन किया जाएं।
- आउटसोर्स एवं रोगी कल्याण समिति के कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बनाई जाएं।

### हबीबगंज थाना क्षेत्र के पीसी नगर में वारदात

# शराब पीकर गाली-गलौज करने पर गहराया विवाद, चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित पीसी नगर में शराब पीकर गाली-गलौज करने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक ने दूसरे युवक के पेट में चाकू घोंप दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि आरोपी फरार है।

उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पीसी नगर हबीबगंज निवासी राम बरखड़े (26) प्राइवेट का करता है। मंगलवार रात वह सोनू बंगाली की किराने की दुकान के पास खड़ा था। तभी नशे में धुत रोहित राजपूत वहां से गुजरा और राम बरखड़े के साथ गाली-गलौज करने लगा। राम ने गाली देने से मना किया तो रोहित राजूत मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान ही उसने जेब से चाकू निकालकर राम के पेट पर जानलेवा वार कर दिया और घटनास्थल से फरार हो गया। परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने गंभीर रूप से घायल राम को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रकरण दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है। उसका आपराधिक रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है।

### अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज

# एयरफोर्स अधिकारी की कार लेकर फरार हुआ परिचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ पुलिस ने एक एयरफोर्स अधिकारी की शिकायत पर उनके परिचित के खिलाफ अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। करीब डेढ़ साल पहले परिचित ने उनसे एक दिन के लिए बलेनो कार मांगी थी।

इसके बाद वह कार लेकर नहीं लौटा। एयरफोर्स की व्यस्तता और परिचित का इंतजार करने के बाद मंगलवार को वह थाने पहुंचे और परिचित के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार त्रिलंगा शाहपुरा निवासी पवन गौतम इंडियन एयरफोर्स में नौकरी करते हैं। मई 2024 में उनके दोस्त नरेश धाकड़ ने उनसे उनकी बलेनो कार एक दिन के लिए मांगी थी। नरेश धाकड़ का कहना है कि इमरजेंसी काम आ जाने की वजह से उसे गुना जाना है। भरोसेमंद दोस्त होने की वजह से पवन गौतम ने अपनी कार उसे दे दी, लेकिन कई दिन गुजर जाने के बाद भी नरेश धाकड़ कार लेकर नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद हो चुका है। पवन गौतम ने नरेश धाकड़ को अपनी कार एसएन क्लासिक रेस्टोरेंट केरवा रोड के सामने दी थी।

### मांगें नहीं मानी तो विधानसभा का करेंगे घेराव

# सतपुड़ा भवन के सामने अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठे अस्थाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी, स्थाई कर्मी और अंशकालीन कर्मचारियों ने पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में बुधवार से सतपुड़ा भवन के सामने अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया है। सत्याग्रह आंदोलन के पहले दिन बैतूल से आए प्रमोद बर्डे, धार से महेंद्र सारस, भोपाल से भूपेंद्र पांडे, बैतूल से जितेंद्र बरखड़े, रीवा राकेश कुशवाहा समेत सागर, रीवा, बैतूल, धार, विदिशा, बालाघाट, मंडला आदि के बड़ी संख्या में अस्थाई कर्मचारी शामिल हुए। अपनी मांगों को लेकर सत्याग्रह पर बैठे कर्मचारियों ने चतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो विधानसभा सत्र के दौरान पैदल मार्च कर विधानसभा का घेराव किया जाएगा। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य सरकार ने 22 दिसंबर 2025 को आदेश जारी करके अस्थाई 5 संवर्ग के तीन लाख पदों को संखेतर घोषित कर दिए है। जिस कारण स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारी अधिकार विहीन हो गए है।



प्रदर्शन करते अस्थाई कर्मचारी।

### एनआरआई कॉलेज, अस्पताल का मामला, परमार ने की थी शिकायत

# डॉ. रितेश और डॉ. अभिषेक ने बनाई थी फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट, कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में फर्जी अस्पतालों और अवैध नर्सिंग कॉलेजों के संचालन का गंभीर मामला एक बार फिर सामने आया है। एनएसयूआई द्वारा लगातार उठाए जा रहे इन मामलों को अब राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष रवि परमार द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय ने सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारियों द्वारा कूटरचित भौतिक सत्यापन रिपोर्ट तैयार कर शासन-प्रशासन को गुमराह करने के मामले में पुलिस उपायुक्त (क्राइम) को जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस शिकायत पर मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के रजिस्ट्रार द्वारा सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा को निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन मय दस्तावेजों सहित काउंसिल कार्यालय में प्रस्तुत करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। डॉ. मनीष शर्मा द्वारा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश रावत एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक सेन को निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन दोनों अधिकारियों द्वारा मौके पर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किए बिना कूटरचित निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की गई।

#### सीएमएचओ का भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण

*एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर ने आरोप लगाया कि एनएसयूआई की शिकायत के बाद 12 दिसंबर 2025 को सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा द्वारा दोनों डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। तोमर ने चेतावनी दी कार्रवाई नहीं होने पर एनएसयूआई उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के निवास का घेराव करेगी।*

### सोशल मीडिया पर शेयर किया भावुक वीडियो

कार्तिकेय की पत्नी अमानत ने दिया बेटी को जन्म

# दादा बने शिवराज, घर आई 'लाड़ली लक्ष्मी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान दादा बन गए हैं। उनके बड़े बेटे कार्तिकेय की पत्नी अमानत ने बुधवार को राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में बेटी इला को जन्म दिया है। उन्होंने अपनी पोती को 'लाड़ली लक्ष्मी' कहकर संबोधित किया। चौहान के लिए ये लिए ये बेहद खास और भावुक कर देने वाला पल था।

बेटी के जन्म के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी खुशी का इजहार किया। अपनी पोस्ट में शिवराज ने लिखा कि हमारे घर आज लाड़ली लक्ष्मी आई है। कार्तिकेय पिता बन गए और अमानत मां। कोकिला अब दादी जी हैं और मैं दादा। कुणाल और ऋद्धि चाचा और चाची। अनुपम जी नाना, रुचिता जी नानी और आर्यन मामा'।

पुत्र कार्तिकेय की गोद में पोती इला को देखकर खिला चेहरा



## स्थानीय खेल समाचार

# दावोस में मध्यप्रदेश को खेलों का वैश्विक केंद्र बनाने पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की मैनचेस्टर यूनाइटेड के निदेशक से चर्चा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खेल अधोसंरचना, प्रशिक्षण, अकादमियों और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से राज्य को एक उभरते खेल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि खेलों से जुड़े निवेश, प्रशिक्षण शिविर, अंतर्राष्ट्रीय मैच और टूर्नामेंट जैसे आयोजन राज्य में खेल पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोज़गार के नए अवसर भी सृजित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम–2026, दावोस में विश्व प्रसिद्ध फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के एक्ज़ीक्यूटिव को-चेयर एवं निदेशक अवराम एवी ग्लेज़र से मुलाक़ात कर खेल विकास, निवेश, जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने, खेल पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों से जुड़े संभावित सहयोग पर चर्चा कर रहे थे।

### ग्लेजर ने जताई सीएम डॉ. यादव से सहमति

मैनचेस्टर यूनाइटेड के निदेशक अवराम एवी ग्लेज़र ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सहमति जताते हुए कहा कि फुटबॉल न केवल स्वास्थ्य और युवाओं के विकास में सहायक हो सकता है, बल्कि खेल पर्यटन को भी नई गति दे सकता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्लबों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और आयोजनों के माध्यम से किसी क्षेत्र को वैश्विक खेल मानचित्र पर स्थापित किया जा सकता है। निदेशक ग्लेजर ने कहा कि मध्यप्रदेश की आर्थिक और औद्योगिक क्षमताओं को देखते हुए मैनचेस्टर क्लब और उससे जुड़े नेटवर्क मध्यप्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग करने को तैयार है।

# इंदौर ने भोपाल डिविजन को 8 विकेट से हराया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे जबलपुर के एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर (चार दिवसीय) इंदौर डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य खेले जा रहे हैं मैच के तीसरे दिन भोपाल डिवीजन ने फॉलोआन में दूसरी पारी मंगलवार के स्कोर 1/5 रन से आगे खेलते हुए 62 ओवर में 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें कनिष्क गौतम ने 26 रन और मलय श्रीवास्तव ने 24 रन बनाए। इंदौर डिविजन से गेंदबाजी करते हुए सौम्य पाटीदार ने 5 विकेट, मोहित पटेल ने 3 विकेट और गौरेश कुमावत ने 2 विकेट लिए । इस तरह भोपाल ने दूसरी पारी में 26 रनों की बढ़त ली और इंदौर को 27 रन का लक्ष्य दिया। इंदौर डिविजन ने 10.3 ओवरों में 2 विकेट पर 30 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया।

### टीटी नगर स्टेडियम में होगा आयोजन, जिलों की टीमें लेंगी भाग

# टीटी नगर स्टेडियम पहुंचे सारंग, खेलो एमपी यूथ गेम्स के शुभारंभ की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रात्रि 9 बजे टीटी नगर स्टेडियम पहुंचकर खेलो एमपी यूथ गेम्स के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शुभारंभ समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। देर रात किए गए इस निरीक्षण के दौरान मंत्री सारंग ने कहा कि राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भव्य होना चाहिए, जिससे प्रदेश की खेल संस्कृति, संगठन क्षमता और युवा ऊर्जा का प्रभावी प्रदर्शन हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों की टीमें सम्मिलित हों और खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अतिथियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। मंत्री विश्वास सारंग ने आयोजन स्थल पर प्रवेश-व्यवस्था, मंच सज्जा, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा दर्शक सुविधाओं की विशेष समीक्षा की।



निरीक्षण करते मंत्री सारंग।

# थर्माकोल, प्लास्टिक पाइप, स्ट्रा, पानी की खाली बोतल से बनी 'शाक वाटिका' ने पाया प्रथम स्थान

## क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में 'कबाड़ से जुगाड़' प्रतियोगिता एवं पक्षियों के प्रवास पर वेबिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

थर्माकोल, प्लास्टिक पाइप, स्ट्रा, पानी की खाली बॉटल, बिजली के तार को अमूमन लोग फेंक देते हैं, या कबाड़ी वाले को दे देते हैं, लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि इन्हीं सब कबाड़ सामग्री से वैज्ञानिक मॉडल बनाए जा सकते हैं, जिसमें किसी विद्यार्थी ने कबाड़ के प्रयोग से शाक वाटिका (किचन गॉर्डन) बना डाली तो किसी ने चुम्बकीय स्विच से संचालित चमकती हुई आकर्षक लैंप बनाकर दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर दिया। जी हां! हम बात कर रहे हैं बुधवार को क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में 'कबाड़ से जुगाड़' प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी के आयोजन का, जिसमें बड़ी संख्या में भोपाल जिले के स्कूली बच्चों ने भाग लिया और कबाड़ से अनेकों आकर्षक मॉडल बनाए, जिसमें प्रथम पुरस्कार महर्षि सेंटर फॉर एजुकेशन एक्सीलेंस के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित शाक वाटिका को दिया गया।



आरएमएनएच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 'शाक वाटिका' और टीम।



द्वितीय स्थान 'चुम्बकीय स्विच से संचालित चमकते हुए लैंप' को मिला।



प्रतियोगिता में तृतीय स्थान 'ई-कचरे से निर्मित आकर्षक कोलाज' को मिला।

### 9 विभिन्न विद्यालयों के 43 विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किए मॉडल

इस प्रतियोगिता में भोपाल एवं बुधनी के 9 विभिन्न विद्यालयों के 43 विद्यार्थियों ने गैर-जैव अपघटनीय अपशिष्ट या नॉन बायोडिग्रेडेबल वेस्ट की सहायता से बनाए गए मॉडल को प्रदर्शित किया तथा निर्णायक मण्डल के सदस्यों को उस मॉडल की निर्माण प्रक्रिया के साथ-साथ उसकी उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी। प्रतिभागियों ने गैर अपघटनीय पदार्थों जैसे थर्माकोल, प्लास्टिक पाइप, स्ट्रा, पानी की खाली बॉटल, बिजली का तार, दवा की पेकिंग, छोटा शीशा, बटन, सीडी आदि की सहायता से बनाए हुए विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रदर्शित किए।

### प्रतियोगिता के ये बने विजेता

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जहां शाक वाटिका रही तो वहीं द्वितीय पुरस्कार भारती विद्या मंदिर, बुधनी के विद्यार्थियों द्वारा चुम्बकीय स्विच से संचालित चमकती हुई लैंप को प्रदान किया गया तथा तृतीय पुरस्कार कोपल पब्लिक स्कूल, बरखेडी कलां के विद्यार्थियों द्वारा ई-कचरे से निर्मित आकर्षक कोलाज पोट्रेट को दिया गया। इसी प्रकार सागर पब्लिक स्कूल, रोहित नगर के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण अनुकूल बोतल के बनाए गए मॉडल एवं सांदीपनी कमला नेहरु कन्या विद्यालय, टी टी नगर, भोपाल के विद्यार्थियों द्वारा अपशिष्ट सामग्री से निर्मित साजो-सामान को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### निर्णायक मंडल में इन्होंने निभाई भूमिका

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल के वैज्ञानिक सी डॉ. प्रवीण कुमार जैन; पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन, भोपाल के आर्किटेक्ट कमलेश कुमार वर्मा और संग्रहालय के मूर्तिकार अरविंद अनुपम इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य थे।

### द्वितीय सत्र में पक्षियों के महत्व एवं उनके प्रवास पर वेबिनार

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में क्षेप्राविसं एवं बॉम्बे नैचुरल हिस्ट्री सोसाइटी, मुंबई के द्वारा पक्षियों के महत्व एवं उनके प्रवास के प्रति जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से पक्षियों का प्रवास विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। बॉम्बे नैचुरल हिस्ट्री सोसाइटी, मुम्बई के कार्यक्रम अधिकारी नंदकिशोर दुधे इस वेबिनार के वक्ता थे।

## कृष्णा फायर टू फ्रॉस्ट में नारी शक्ति और आत्मबोध का सशक्त चित्र

# भारत भवन के मंचों पर हवेली संगीत, कर्णभारम का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित सभ्यताओं के संघर्ष एवं औदार्य की महागाथा पर केंद्रित महाभारत समागम के छठवें दिन बहिरंग के मंच पर कृष्णा फायर टू फ्रॉस्ट नृत्य नाटिका की प्रभावशाली प्रस्तुति हुई। इस नृत्य नाटिका का निर्देशन प्रसिद्ध नृत्यांगना निरुपमा राजेंद्र द्वारा किया गया। इसके पहले पूर्वरंग मंच पर विनय अनुजा, पुणे द्वारा निर्देशित सांगीतिक प्रस्तुति हवेली संगीत तथा अंतरंग सभागार में के.एन. पणिक्कर, केरल द्वारा निर्देशित नाट्य प्रस्तुति कर्णभारम का मंचन किया गया।



### महाभारत समागम का छठवां दिन



कृष्णा फायर टू फ्रॉस्ट नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देते कलाकार।

### द्रौपदी की अग्नि से हिमालय तक की यात्रा



प्रसिद्ध नृत्यांगना निरुपमा राजेंद्र द्वारा निर्देशित कृष्णा फायर टू फ्रॉस्ट प्रस्तुति महाभारत की प्रमुख नायिका द्रौपदी के जीवन को भगवान श्रीकृष्ण के दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। द्रौपदी की यात्रा अग्निकुंड से जन्म के दृश्य से आरंभ होती है और जीवन के संघर्षों से गुजरते हुए हिमालय की शांति तक पहुंचती है। 'आग' उनके साहस, आत्मसम्मान और संघर्ष का प्रतीक है, जबकि 'बर्फ' वैराग्य, शांति और आत्मबोध को दर्शाती है।



### कर्ण के जीवन के अंतिम क्षणों की सशक्त मंच प्रस्तुति

सोपानम, केरल द्वारा प्रस्तुत नृत्यनाटिका कर्णभारम् अंतगरंग सभागार में मंचन हुआ। महाभारत के महान योद्धा कर्ण के अंतिम क्षणों और उसके भीतर चल रहे मानसिक द्वंद्व को दर्शाती प्रस्तुति में न्यूनतम मंच सज्जा, नियंत्रित प्रकाश और भावपूर्ण देह-भाषा के माध्यम से कर्ण के जीवन संघर्ष और दानवीर स्वभाव को सजीव किया गया।

## हवेली संगीत से सजी कृष्ण भक्ति की संध्या

महाभारत समागम के अंतर्गत पूर्वरंग मंच पर मन मोह्यो साँवरो - हवेली संगीत की भावपूर्ण सांगीतिक प्रस्तुति हुई। पुणे के प्रसिद्ध गायक विनय अनुजा ने पुष्टिमार्गीय परंपरा से विकसित हवेली संगीत को श्रोताओं के सामने प्रस्तुत किया। अष्टछाप कवियों, विशेषतः सूरदास की रचनाओं के माध्यम से श्रीकृष्ण की भक्ति, प्रेम और माधुर्य को स्वरों में अभिव्यक्त किया गया।



हवेली संगीत की प्रस्तुति देते प्रसिद्ध गायक विनय अनुजा व अन्य।



ट्राइबल म्यूजियम में मोबाइल से सेल्फी लेते हुए युवा।

## एक सेल्फी, जो सिर्फ़ चेहरा नहीं, जिंदगी दिखाती है...



मानव संग्रहालय में 'म्यूजियम सेल्फी डे' के लिए सेल्फी लेते युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक सेल्फी, जो सिर्फ़ चेहरा नहीं, जिंदगी दिखाती है... आज का दौर यूं कहें तो सेल्फी का ही दौर है। युवा हों या महिलाएं जहां भी जाते हैं सेल्फी लेने से नहीं चूकते।

इसी को देखते हुए हर साल जनवरी के तीसरे बुधवार को 'म्यूजियम सेल्फी डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य संग्रहालयों में रखी कलाकृतियों और प्रदर्शनियों के बारे में जागरुकता फैलाना है, और लोग अपनी पसंदीदा प्रदर्शनी के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर हैशटैग के साथ साझा करें। 'म्यूजियम सेल्फी डे' पर हरिभूमि ने शहर के कुछ ऐसे ही युवाओं को तलाशा जो शहर के जाने माने म्यूजियम पर सेल्फी लेते हुए दिखे। कोई ट्राइबल म्यूजियम में, तो कोई मानव संग्रहालय में अपने दोस्तों के साथ सेल्फी लेता हुआ दिखा।

# दक्षिण कोरिया के राजदूत ने बड़े तालाब में शिकारा राइड का उठाया लुत्फ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत में दक्षिण कोरिया के राजदूत महामहिम ली सियोंग-हो ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई बोट क्लब से बड़े तालाब में संचालित शिकारा राइड का अनुभव लिया। इस अवसर पर राजदूत के साथ दक्षिण कोरिया के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी शिकारा राइड में सहभागिता की। प्रतिनिधिमंडल ने बड़े तालाब की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ जल, शांत वातावरण एवं मनोहारी दृश्यों की सराहना की। शिकारा राइड के दौरान अतिथियों ने मध्यप्रदेश की पर्यटन संभावनाओं, विशेषकर जल पर्यटन गतिविधियों में रुचि व्यक्त की। उन्होंने भोपाल शहर की हरियाली, स्वच्छता और झीलों को इसकी विशिष्ट पहचान बताया।



बीएसएस में सम्मान कार्यक्रम का एक दृश्य।

## भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल के साथ युवा साहित्यिक ट्रेनीज सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज और भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल के बीच सहयोग का जश्न मनाने के लिए कॉलेज कैंपस में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बीएलएफ 2026 में भाग लेने वाले युवा साहित्यिक प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल, ने अपने 8वें संस्करण में 9 से 11 जनवरी 2026 तक भारत भवन में आयोजित किए, साहित्यिक संवाद, रचनात्मक आदान-प्रदान और बौद्धिक जुड़ाव के लिए एक प्रमुख मंच बनाया था।

# संवेदनशील हृदय की अनुभूतियों से उपजती है लघुकथा: डॉ. विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लघुकथा थोड़े में बहुत व्यक्त करने की विधा है परन्तु यह थोड़ा लिखना सहज नहीं होता एक अच्छी लघुकथा संवेदनशील हृदय की अनुभूतियों से उपजती है।

यह उद्गार हैं डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद मप्र के जो लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा 'कतार में लगे लोग ' लघुकथा संग्रह लेखिका डॉ. वर्षा ढोबले के हिंदी भवन में आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम मैथिल अमृत ने किया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ लघुकथाकार कांता रॉय निदेशक ने कहा की भावुक मन की गहराई से सहज सरल भाषा में लिखी गई लघुकथाएं हैं।




## उज्जैन में डेढ़ सौ वर्ष पुराने आष्टेवाले घराने के तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ

# पुणे घराने की सितार वादिका मंगला की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

### सुप्रसिद्ध सितार वादिक स्मिता नागदेव और मंगला जी के मध्य सांगीतिक संवाद से बढ़ा घराने की परम्परा का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन के आष्टेवाले घराने के गुरु स्व. वासुदेव राव आष्टेवाले की जयंती पर तीन दिनी संगीत समारोह का शुभारंभ हुआ। कालिदास अकादमी में पुणे घराने की छठवीं पीढ़ी की सितार वादिका मंगला आष्टेवाले (ज्योति ठकार) ने तबले की संगत पर दी। घराने के पांचवीं पीढ़ी के गुरु आनंद राव आष्टेवाले का सम्मान कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने किया। स्वर रंग आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सांगीतिक संवाद भी किया गया।

**पांचवीं पीढ़ी के गुरु श्री आनंद राव आष्टेवाले का हुआ सम्मान**



### आज इंदौर और भोपाल में होगी प्रस्तुति

समारोह की द्वितीय प्रस्तुति इंदौर गुरुवार, 22 जनवरी को होगी। इसका समापन 24 जनवरी को भोपाल में होगा। भोपाल में सांगीतिक प्रस्तुति के साथ स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त एवं कवयित्री डॉ. वीणा सिन्हा और रंजना मालवीय की महिला मुद्दों की कविताओं पर आधारित नाटक 'तुम फिर जीना लड़की' का मंचन किया।

**सांगीतिक संवाद ने की ज्ञान की वृद्धि**

कार्यक्रम में स्मिता नागदेव और मंगला आष्टेवाले के मध्य अनूठा सांगीतिक संवाद हुआ। संवाद में घराने, सितार वादन की कला और घराने की विशिष्टता पर चर्चा हुई। गुरुओं से जुड़ी बातों का भी जिक्र हुआ। उस्ताद बंदे अली खां, उस्ताद मुगलु खां, गुरु वासुदेव राव के द्वारा सितार पर प्रयोगों और राग से जुड़ी विशेषता के बारे में बताया।

### याद किया गुरु को, समझाया कला शिक्षा का महत्व

अकादमी के निदेशक डॉ. गंधे ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय शास्त्रीय कलाओं की शिक्षा परम्परा के अंतर्गत हम आजीवन सीखते रहते हैं। यह पूर्णतः बोध करवाने वाली विद्या है। हमारे संगीत के गुरु अनुभूति कराने का कौशल रखते थे। कला की साधना अन्तर्जगत की साधना है। गुरु आनंद राव आष्टेवाले जी ने सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी सांगीतिक यात्रा में गुरुओं के योगदान का स्मरण किया।




### सितार पर तबले की संगत से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

उज्जैन घराने के गुरु स्व. वासुदेव राव पुत्री मंगला आष्टेवाले और पुणे से आए तबला वादक अरविंद परांजपे की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। सांगीतिक संवाद पश्चात हुई प्रस्तुति में पहली प्रस्तुति राग दरबारी कानडा में अलाप, जोड़, झाला पर तबले पर विलंबित तीन ताल में गत, द्रुत और एक ताल में गत की सुमधुर प्रस्तुति हुई। इसके बाद राग बागेश्री में मध्य लय और द्रुत लय तीन ताल में हुई सितार पर तबले की संगत ने हाल में मौजूद श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# विंटर सीजन में एक्सरसाइज सावधानी बरतना है जरूरी

फिट रहने के लिए हर सीजन में एक्सरसाइज करना जरूरी है। लेकिन ज्यादा ठंड के दिनों में एक्सरसाइज करने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर हृदय और श्वसन संबंधी रोगियों को एक्सरसाइज से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

**प्रिकॉशन**
**शिखर चंद जैन**



सर्दियों में वर्कआउट, मॉर्निंग वॉक आदि करना चाहिए या नहीं, इस बारे में कुछ लोग असमंजस में रहते हैं। वास्तव में इन दिनों व्यायाम करना या न करना कई शारीरिक या वातावरण की स्थिति पर निर्भर करता है। सामान्य स्वस्थ व्यक्तियों के लिए यह जरूरी और फायदेमंद है, लेकिन कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों के लिए यह जोखिम भरा हो सकता है। दरअसल, सर्दियों में सुबह बहुत अधिक ठंड, कोहरा और प्रदूषण भी ज्यादा रहता है। इस वजह से घर के बाहर निकलना हानिकारक हो सकता है। दिक्कत यह है कि एक तरफ शरीर की जकड़न को दूर करने के लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है, वहीं शरीर के विभिन्न अंगों पर ज्यादा दबाव नही पड़े इसका ध्यान रखना भी जरूरी होता है।

## इसलिए है फायदेमंद

सर्दी के मौसम में शारीरिक तौर पर सक्रिय रहना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन जोड़ों के स्वास्थ्य के लिहाज से ऐसा करना विशेष रूप से लाभकारी होता है। सर्दियों में नियमित व्यायाम, जोड़ों की अकड़न को दूर करने, हड्डियों को मजबूत बनाने, वजन नियंत्रित करने और दर्द से राहत दिलाने में मददगार हो सकता है। चाहे आप घर के अंदर की गतिविधियां पसंद करें या बाहरी गतिविधियों में भाग लें। जरूरी है कि आप नियमित तौर पर व्यायाम करें और अपनी क्षमताओं और रुचियों के अनुसार शारीरिक गतिविधियां चुनें।

## हो सकते हैं कुछ रिस्क

**हृदय पर अतिरिक्त दबाव:** 'अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' के अनुसार, ठंडे तापमान में धमनियां सिकुड़ जाती हैं जिससे रक्तचाप बढ़ जाता है। ऐसे में हैवी एक्सरसाइज, जैसे कि तेज दौड़ना, स्किपिंग आदि दिल पर ज्यादा दबाव डाल सकते हैं, जो हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों के लिए दिल के दौरे का कारण बन सकता है।

**श्वसन संबंधी समस्याएं:** ठंडी और शुष्क हवा, फेफड़ों के वायुमार्ग को सिकोड़ सकती है। शोध बताते हैं कि इससे 'एक्सरसाइज-इंड्यूस्ड ब्रोंकोस्पज्म हो सकता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई, खांसी और सीने में जकड़न होती है। साथ ही सर्दियों में 'इनवर्जन' के कारण प्रदूषित हवा जमीन के करीब रहती है। बाहर वर्कआउट करते समय इन बारीक कणों को सांस के जरिए अंदर लेना फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे अस्थमा अटैक हो सकता है।

**हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट:** यदि आप हैवी वर्कआउट करके पसीने से भीग जाते हैं और वातावरण का तापमान बहुत कम है, तो शरीर की गर्मी तेजी से कम होती है। इससे 'हाइपोथर्मिया' (शरीर का तापमान खतरनाक रूप से गिरना) का खतरा बढ़ जाता है।

**मांसपेशियों में खिंचाव:** ठंड में मांसपेशियां अधिक सख्त होती हैं। बिना उचित वॉर्म-अप के एक्सरसाइज करने से लिगामेंट इंजरी और मांसपेशियों में खिंचाव का खतरा बढ़ जाता है।

## सुरक्षित रहने के उपाय

- यदि आप हृदय रोग या अस्थमा से पीड़ित हैं, तो सर्दियों में बाहरी वातावरण में व्यायाम शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह अवश्य कर लें।
- इन दिनों कई लेयर के कपड़े पहनें। पहले पसीना सोखने वाले सिंथेटिक कपड़े पहनें, फिर ऊनी ड्रेस पहनें।
- एक्सरसाइज से पहले घर के अंदर कम से कम 10-15 मिनट वॉर्मअप करें। 5-10 मिनट तक हल्की स्ट्रेचिंग या कार्डियो एक्सरसाइज करें ताकि आपका शरीर सक्रिय हो जाए और मांसपेशियां अधिक हैवी व्यायाम के लिए तैयार हो जाए।
- प्यास न लगने पर भी पानी पिएं, हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। ठंडी हवाओं से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इसलिए व्यायाम से पहले, दौरान और बाद में पर्याप्त पानी पीना सुनिश्चित करें।
- नाक से सांस लें, इससे हवा फेफड़ों तक पहुंचने से पहले गर्म और नम हो जाती है।
- हमेशा किसी भी एक्सपर्ट से पहले आप अपने शरीर की सुनें और अगर आपको बहुत ठंड लग रही हो या थकान महसूस हो रही हो तो आराम करें। *

**(फिटनेस ट्रेनर पंकज सिंह से बातचीत पर आधारित)**

---

सर्दी के मौसम में भी शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन की जरूरत होती है। इसके लिए पानी और अन्य प्रकार के लिक्विड पीते रहना जरूरी है। ऐसा ना करने पर आपको कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। ये प्रॉब्लम्स कौन सी हैं, हाइड्रेशन की कमी के क्या लक्षण हैं और सर्दियों में शरीर को हाइड्रेटेड कैसे रख सकते हैं, आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# सर्दी के मौसम में कम पानी पीना हेल्थ के लिए हो सकता है हार्मफुल







**डॉक्टर्स एडवाइस**
**डॉ. सतीश विरमानी**
जनरल फिजिशियन
नई दिल्ली

हम में से अधिकतर लोग ठंड के मौसम में आमतौर पर पानी तब पीते हैं, जब हमको प्यास लगती है। लेकिन ऐसा करना हमारी हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकता है! ठंड के मौसम में अधिकतर लोग पानी पीने से दूरी बना लेते हैं और उनकी यह लापरवाही शरीर में पानी की कमी पैदा कर देती है, जिससे दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है।

## बढ़ता है डिहाइड्रेशन का रिस्क

हमें याद रखना चाहिए कि सर्दियों में भी शरीर को उतनी ही पानी की जरूरत होती है, जितनी गर्मियों में होती है। सर्दियों में कम पानी पीने से हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, हाई बीपी जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। सर्दियों में हमारा शरीर हमें प्यास का संकेत तब देता है, जब उसे पानी की कमी महसूस होने लगती है। यही वजह है कि ठंड के मौसम में डिहाइड्रेशन का ज्यादा रिस्क होता है।

## सर्दियों में डिहाइड्रेशन के लक्षण

ठंड के मौसम में जब शरीर में पानी की कमी बढ़ने लगती है, तो इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

- त्वचा का बार-बार सूखना या त्वचा पर रूखापन आना।
- होंठ फटना और आंखों में जलन होना।
- यूरीन का रंग सामान्य से गहरा होना।
- बिना किसी अन्य वजह के सिरदर्द और थकान होना।
- नींद पूरी न होना, काम में ध्यान केंद्रित न होने की समस्या।
- मसल्स में खिंचाव और दर्द महसूस होना।
- बालों का अधिक झड़ना।
- बिना कोई श्रम किए थकान महसूस होना।

अगर इनमें से कोई भी लक्षण महसूस हो तो तुरंत पानी, नारियल पानी या फलों का रस पीकर खुद को हाइड्रेट करें।

## गंभीर डिहाइड्रेशन के परिणाम



अगर सर्दी के मौसम में आप बहुत कम पानी पीते हैं तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

**हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक:** ठंड के मौसम में शरीर में जब पानी की मात्रा बहुत कम हो जाती है तो ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है। इससे दिल और दिमाग तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, जो गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। सर्दियों में कम पानी पीने से गंभीर डिहाइड्रेशन होने पर खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे हार्ट और किडनी पर दबाव बढ़ता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। हार्ट रेट असामान्य हो सकती है और शरीर के सभी अंगों में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। सबसे खतरनाक कंडीशन में ऑर्गन फेल्योर हो सकता है। ऐसे में ट्रीटमेंट न कराए जाने पर धीरे-धीरे सभी अंग काम करना बंद कर सकते हैं।

**किडनी स्टोन और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन:** सर्दियों में पर्याप्त पानी न पीने का सीधा असर किडनी और यूरिनरी सिस्टम पर भी पड़ता है। इससे किडनी स्टोन बनने और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन यानी (यूटीआई) का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में जब शरीर को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, तो यूरीन गाढ़ा हो जाता है। गाढ़े यूरीन में मौजूद मिनरल्स आसानी से बाहर नहीं निकल पाते, जिससे किडनी में पथरी बनने लगती है। वहीं, कम पेशाब होने से बैक्टीरिया यूरिनरी ट्रैक्ट में जमा हो सकते हैं, जिससे यूटीआई का खतरा बढ़ जाता है। किडनी स्टोन के लक्षणों में कमर या पेट के निचले हिस्से में तेज दर्द, पेशाब में जलन, खून आना और मितली या उल्टी की समस्या हो सकती है। वहीं यूटीआई होने पर बार-बार पेशाब आना, पेशाब करते समय जलन, बदबूदार या गाढ़ा यूरीन और फीवर भी हो सकता है।

## सर्दियों में कितना पानी पीना होता है जरूरी

सर्दियों में शरीर को उतने ही पानी की जरूरत होती है, जितनी गर्मियों में होती है। हमारे शरीर का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पानी से बना है, जो टॉक्सिन को बाहर निकालने, शरीर का तापमान कंट्रोल में रखने और पाचन को सही रखने में मदद करता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी रोज कम से कम 2 से 2.5 लीटर पानी पीना जरूरी होता है।



## ऐसे पूरी करें दैनिक शारीरिक पानी की जरूरत

सर्दियों में सिर्फ पानी के जरिए शरीर को हाइड्रेटेड रखना मुश्किल होता है। इसलिए इस मौसम में हरी सब्जियां और मौसमी फलों को डाइट में शामिल करके भी शरीर को हाइड्रेटेड रखा जा सकता है क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। सर्दियों में गुनगुने पानी के अलावा हर्बल चाय जैसे तुलसी, इलायची, अदरक, लेमन या सौंफ की चाय, हल्दी वाला दूध, गुनगुना नारियल पानी, सब्जियों और फलों का रस या गर्म सूप से भी शरीर को हाइड्रेट रखा जा सकता है। सर्दियों में अगर आप पानी पीना भूल जाते हैं तो मोबाइल में अलार्म या रिमाइंडर लगा सकते हैं। ताजा फल या वेजिटेबल जूस न केवल पोषण देते हैं बल्कि शरीर में जल संतुलन बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

सर्दियों में खुद को हाइड्रेटेड रखकर न सिर्फ गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी फिट और एक्टिव रहा जा सकता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी पानी पीने की आदत को नजरअंदाज न करें और अपनी सेहत का पूरा ध्यान रखें। *

**प्रस्तुति: ललिता गोयल**

---

# रेग्युलर फिटनेस रूटीन फॉलो करना सबसे जरूरी है

**फिटनेस फंडा**
**अविनेश रेखी**



इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान शिव की भूमिका अविनेश रेखी निभा रहे हैं। शो में वे बहुत हेल्दी और फिट दिख रहे हैं। अपनी बॉडी को मेंटेन करने के लिए अविनेश का वर्कआउट और डाइट रूटीन क्या रहता है, वे खुद बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**डाइट प्लान:** मेरे लिए डाइट प्लान का मतलब है फ्रेश, न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड भोजन करना। निश्चित समय पर घर का बना पौष्टिक आहार खाना ही मेरी प्रायोरिटी होती है। स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने में यह इस तरह की हैबिट बहुत मदद करती है। मैं इसी सोच पर विश्वास करता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन समय और जरूरत के अनुसार बदलता रहता है। ऑफ डे पर मैं आमतौर पर दिन में दो बार वर्कआउट करता हूं, सुबह कार्डियो और कोर ट्रेनिंग और दोपहर में वेट ट्रेनिंग। लेकिन जब मैं बिजी होता हूं यानी शूटिंग के दिनों में मैं कोशिश करता हूं कि सुबह ही अपना वर्कआउट पूरा कर लूं। अगर शेड्यूल बहुत ज्यादा बिजी हो, तो कम से कम 45 मिनट से 1 घंटे तक वॉकिंग करने जरूर जाता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** जब भी मुझे तनाव महसूस होता है, मैं प्रेरणादायक विचार पढ़ता हूं। मेरा सोशल सर्कल बहुत बड़ा नहीं है। केवल कुछ करीबी दोस्त और मेरा परिवार ही मेरे क्लोज हैं। उनका प्यार और साथ मुझे खुश, सकारात्मक और प्रेरित बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** मेरे फादर मेरे फिटनेस आइडल हैं। उनसे मैंने अनुशासन और निरंतरता का महत्व सीखा है। पिछले 40 वर्षों से ज्यादा समय से उन्होंने कभी भी अपने सही खान-पान और फिटनेस रूटीन को नहीं छोड़ा, यही मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।

**पाठकों को फिटनेस मंत्र:** मेरा मानना है कि हेल्दी और फिट रहने के लिए एक अच्छा और रेग्युलर फिटनेस रूटीन बहुत जरूरी है। चाहे वह वॉकिंग हो, जॉगिंग, खेलकूद, योगाभ्यास या फिर जिम। सबसे अहम बात है कंटिन्यूटी बनाए रखना। अपने रूटीन को कभी न छोड़ें। इसकें अलावा फ्रेश-हाइजीनिक और हेल्दी भोजन करें। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

हमारे गले में मौजूद थायरॉइड ग्रंथि से रिलीज होने वाले हार्मोन में असंतुलन, केवल मेटाबॉलिज्म और ग्रोथ को ही नहीं फर्टिलिटी को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

# थायरॉइड प्रॉब्लम का प्रभाव फर्टिलिटी पर भी पड़ सकता है

**डिजीज**
**डॉ. सोनल सिंघल**
कंसल्टेंट-गायनेकोलॉजिस्ट
मदरहुड अस्पताल, गुरुग्राम

अधिकतर लोग मानते हैं कि थायरॉइड की समस्या सिर्फ वजन, थकान या मूड को प्रभावित करती है। जबकि थायरॉइड असंतुलन, पुरुषों और महिलाओं दोनों की फर्टिलिटी को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। जब थायरॉइड ठीक से काम नहीं करता, तो यह शरीर के कई जरूरी हार्मोनों जैसे प्रोलैक्टिन, एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन, इंसुलिन और कॉर्टिसोल के लेवल को भी प्रभावित करता है, जिससे महिलाओं को गर्भधारण में दिक्कत आ सकती है।


**फर्टिलिटी होती है प्रभावित:** थायरॉइड ग्रंथि, शरीर के हार्मोन सिस्टम का अहम हिस्सा है। अगर थायरॉइड हार्मोन कम या ज्यादा हो जाए, तो इसका असर सिर्फ थायरॉइड तक सीमित नहीं रहता। इससे ओव्यूलेशन, पीरियड्स की नियमितता, स्पर्म की गुणवत्ता और कुल फर्टिलिटी प्रभावित होती है। कई बार सही इलाज न मिलने या देर से पहचान होने के कारण थायरॉइड फर्टिलिटी समस्याओं का एक बड़ा कारण बन जाता है। इन हार्मोनल बदलावों के कारण गर्भधारण में देरी, बार-बार गर्भपात, पीरियड्स की अनियमितता, कम स्पर्म काउंट या खराब एंब्रियो क्वालिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग बाहर से स्वस्थ दिखते हैं, लेकिन अंदर से हार्मोनल गड़बड़ी के कारण कंसीव करने में परेशानी होती है।



**हो सकते हैं ये भी इफेक्ट्स:** थायरॉइड का सीधा असर दिमाग, अंडाशय, वृषण, अग्न्याशय और अन्य कुछ ग्रंथियों पर पड़ता है। जब थायरॉइड का लेवल बिगड़ता है, तो शरीर के अन्य हार्मोनों को गलत संकेत मिलने लगते हैं। सबसे पहले प्रोलैक्टिन हार्मोन प्रभावित होता है। थायरॉइड कम होने पर प्रोलैक्टिन बढ़ सकता है, जिससे महिलाओं में ओव्यूलेशन रुक सकता है और पुरुषों में स्पर्म बनना कम हो सकता है। इससे पीरियड्स अनियमित हो सकते हैं और गर्भधारण में परेशानी आती है।

थायरॉइड असंतुलन से महिला हार्मोन एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन भी प्रभावित होते हैं। इससे पीरियड्स अनियमित होना, ज्यादा ब्लीडिंग, अंडा न बन पाना और प्रेग्नेंसी ठहरने में दिक्कत हो सकती है। इसका असर इंसुलिन पर भी पड़ता है, जिससे ब्लड शुगर बढ़ सकती है और पीसीओएस जैसी समस्या हो सकती है, जो महिलाओं में बांझपन का एक बड़ा कारण है। साथ ही, थायरॉइड की गड़बड़ी से शरीर में तनाव बढ़ता है और कॉर्टिसोल हार्मोन ज्यादा बनने लगता है। ज्यादा तनाव ओव्यूलेशन, अंडों की गुणवत्ता, स्पर्म काउंट और सेक्स ड्राइव को नुकसान पहुंचाता है।

**समय पर जांच-इलाज जरूरी:** अगर समय रहते थायरॉइड की जांच करवा ली जाए और डॉक्टर की सलाह से इलाज किया जाए, तो फर्टिलिटी से जुड़ी कई समस्याओं से बचा जा सकता है। इसके साथ योग और ध्यान करना, रोज 8-9 घंटे की नींद लेना, सही खान-पान और तनाव कम करना थायरॉइड हार्मोन को संतुलन में लाने में मदद करता है। कई बार रिपोर्ट में थायरॉइड 'नॉर्मल' बताया जाता है, लेकिन फर्टिलिटी के लिए सही स्तर थोड़ा अलग हो सकता है। हल्का थायरॉइड असंतुलन भी गर्भधारण और प्रेग्नेंसी को प्रभावित कर सकता है। इसलिए थायरॉइड हेल्थ को नजरअंदाज न करें। *




**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**




## रायपुर में भी रनों की बारिश, होगा कड़ा मुकाबला

# नागपुर में नहीं गिरी ओस, टीम इंडिया ने खड़ा किया रनों का 'पहाड़'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नागपुर/रायपुर

रायपुर में होने वाले अगले मुकाबले से पहले, टीम इंडिया ने नागपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 238 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर न्यूजीलैंड की मुश्किलें बढ़ा दी है। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में ओस का प्रभाव न होने से भारतीय बल्लेबाजों को पहली पारी में बड़ी राहत मिली, जिसका नतीजा स्कोरबोर्ड पर साफ दिखाई दिया।

क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि रायपुर में भी क्रिकेट फैंस को इसी तरह की 'रनवर्षा' देखने को मिल सकती है। नागपुर की तरह रायपुर की पिच भी काली मिट्टी से तैयार की गई है। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार, रायपुर में भी ओस का प्रभाव कम रहने की उम्मीद है, जिससे टीम इंडिया के लिए बड़ा स्कोर बनाना या चेज करना आसान हो सकता है। इसलिए नागपुर की तरह रायपुर में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। दोनों टीम में बल्लेबाज को बल्लेबाजी में मदद मिलेगी। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी।

### अभिषेक और रिंकू ने पलटा मैच का रुख

नागपुर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत लड़खड़ा गई थी। महज 27 रन के स्कोर पर संजू सैमसन और ईशान किशन पवेलियन लौट चुके थे। लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने कीवी गेंदबाजों के होश उड़ा दिए।

### अभिषेक की आतिशी पारी

युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने क्रीज पर आते ही तूफानी अंदाज अपनाया। उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ तीसरे विकेट के लिए 99 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अभिषेक भले ही अपने शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 35 गेंदों में 84 रनों की पारी ने मैच की दिशा तय कर दी। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के लगाए। जब तक अभिषेक क्रीज पर थे, भारत का स्कोर 250 के पार जाता दिख रहा था।

### डेथ ओवर्स में रिंकू सिंह का धमाका

अभिषेक और कप्तान सूर्या (32 रन) के आउट होने के बाद मध्यक्रम में कुछ विकेट जल्दी गिरे, लेकिन 'फिनिशर' रिंकू सिंह ने मोर्चा संभाले रखा। रिंकू ने डेथ ओवर्स में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 20 गेंदों में नाबाद 44 रन कूट दिए। उनकी पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रिंकू और अभिषेक की इस आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 238 रन बनाए और न्यूजीलैंड के सामने 239 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य रखा। अब सभी की निगाहें रायपुर पर टिकी हैं, जहां इसी तरह के रोमांचक मुकाबले की उम्मीद की जा रही है।



प्लेयर ऑफ द मैच
84 रन
35 गेंद
05 चौके
08 छक्के

- पहले टी20 में भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रन से हराया, श्रृंखला में बनाई 1-0 की बढ़त
- अभिषेक ने खेली 35 गेंदों पर 84 रन की पारी, टी20 में बनाए सबसे तेजी से 5 हजार रन
- नागपुर की तरह रायपुर में काली मिट्टी और ओस न होने से टीम इंडिया को मिलेगा फायदा

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का रचिन रविंद्र बो जैमीसन | 10 | 7 | 2 | 0 |
| अभिषेक शर्मा का जैमीसन बो सोढ़ी | 84 | 35 | 5 | 8 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो डफी | 08 | 5 | 2 | 0 |
| सूर्यकुमार का रॉबिन्सन बो सैंटनर | 32 | 22 | 4 | 1 |
| हार्दिक पंड्या का चैपमैन बो डफी | 25 | 16 | 3 | 1 |
| शिवम दुबे का एवं बो जैमीसन | 09 | 4 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 44 | 20 | 4 | 3 |
| पटेल का मिचेल बो क्लार्क | 05 | 5 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 06 | 6 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 14, कुल : 20 ओवर में विकेट पर 238/7 रन
**गेंदबाजी :** जैकब डफी 4-0-27-2, काइल जैमीसन 4-0-54-2, क्रिस्टियन क्लार्क 4-0-40-1, ईश सोढ़ी 3-0-38-1, ग्लेन फिलिप्स 1-0-20-0, मिचेल सैंटनर 3-0-37-1, डेरिल मिचेल 1-0-21-0

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवोन कॉनवे का सैमसन बो अर्शदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| रॉबिन्सन का शिवम बो चक्रवर्ती | 21 | 15 | 2 | 1 |
| रचिन रविंद्र का अभिषेक बो हार्दिक | 01 | 5 | 0 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स का दुबे बो पटेल | 78 | 40 | 4 | 6 |
| चैपमैन का अभिषेक बो चक्रवर्ती | 39 | 24 | 4 | 2 |
| डेरिल मिचेल का सब (बिश्नोई) बो दुबे | 28 | 18 | 4 | 0 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 20 | 13 | 2 | 0 |
| क्रिस्टियन का रिंकू सिंह बो दुबे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 02, कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, हार्दिक पंड्या 2-0-20-1, जसप्रीत बुमराह 3-0-29-0, अक्षर पटेल 3.3-0-42-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-37-2, शिवम दुबे 3-0-28-2, अभिषेक शर्मा 0.3-0-3-0

### अभिषेक ने रचा इतिहास

टीम इंडिया के स्टार बैटर अभिषेक शर्मा ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। अभिषेक शर्मा अब टी20 इंटरनेशनल में दुनिया के पहले ऐसे बैटर बन गए हैं, जिन्होंने 8 फिफ्टी 25 या उससे कम गेंदों पर बनाई है। शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नागपुर के मैदान पर पहले टी20 में ओपनिंग की और सिर्फ 22 गेंदों पर ही फिफ्टी पूरी कर ली। अभिषेक ने 35 गेंदों पर 84 रन ठोके और आउट हुए। अब तक सिर्फ तीन बैटर्स ने ही टी20 इंटरनेशनल में 25 या उससे कम गेंदों पर 7 फिफ्टी बनाए हैं।

### टी20 में 25 या उससे कम गेंदों पर फिफ्टी

8- अभिषेक शर्मा- भारत
7- फिल सॉल्ट- इंग्लैंड
7- सूर्यकुमार यादव- भारत
7- एविन लुईस- वेस्ट इंडीज

### रोहित-राहुल को छोड़ा पीछे

अभिषेक शर्मा ने 20 ओवर फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी ठोकी है। 22 गेंदों पर फिफ्टी ठोकने वाले वो पहले भारतीय बैटर बन गए हैं। उन्होंने केएल राहुल और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। रोहित और केएल ने 23 गेंदों पर साल 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ फिफ्टी

इंडोनेशिया मास्टर्स

# दूसरे दौर में पहुंची पीवी सिंधु श्रीकांत ने कोकी को हराया




एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने इंडोनेशिया मास्टर्स के पहले राउंड में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने जापान की मनामी सुइजू को सीधे गेम में 22-20, 21-18 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। पहले गेम में सिंधु की शुरुआत निराशाजनक रही थी और मिड-गेम ब्रेक तक वह 2-11 से पीछे थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह पॉइंट बनाकर गेम 22-20 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और अंततः 21-18 से जीत दर्ज की। दूसरे राउंड में सिंधु का मुकाबला डेनमार्क की लाइन केयर्सफेल्ड या चीन की हान कियान शी के साथ होगा। वहीं, किदांबी श्रीकांत ने पहले राउंड में जापान के कोकी वतनबे को 21-15, 21-23, 24-22 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पहले गेम में श्रीकांत ने आक्रामक शॉट्स के दम पर आसानी से जीत हासिल की।

Development Commissioner (Handicrafts)
Ministry of Textiles, Govt. of India
International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World
सत्यमेव जयते

## गांधी शिल्प बाजार

दिनांक - 21 जनवरी से 30 जनवरी 2026
समय - दोप. 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक
स्थान- म.प्र. राज्य सहकारी संघ, ई-8/77, त्रिलंगा रोड, शाहपुरा, भोपाल ( म.प्र. )
( पुरानी माखनलाल यूनिवर्सिटी केम्पस )

संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री स्वयं हस्तशिल्पियों द्वारा

आपके शहर में विश्वप्रसिद्ध भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियाँ व सूट्स, उज्जैन की बटिक प्रिन्ट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, मधुबन की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी साड़ी, महोबा यू.पी. का आर्ट मेटल, बिहार की मिथिला पेंटिंग, जयपुर का लेदर वर्क्स, पश्चिम बंगाल का जामदानी सिल्क साड़िया, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने और बहुत कुछ आप एक बार पधारकर शिल्पियों का उत्साहवर्धन अवश्य करें।



100 स्टॉल्स

प्रायोजक :
कार्यालय विकास आयुक्त ( ह. )
वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
www.handicrafts.nic.in

आयोजक :
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ
मर्यादित, भोपाल

### खबर संक्षेप



### याग्निक बने केकेआर के फील्डिंग कोच

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 के सत्र से पहले पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिशांत याग्निक को अपनी टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। केकेआर ने कहा कि याग्निक के व्यापक अनुभव का टीम को फायदा मिलेगा। केकेआर ने कहा, 'याग्निक अपने साथ भरपूर अनुभव और फील्डिंग में उत्कृष्टता की गहरी समझ लेकर केकेआर में शामिल होंगे। फ्रेंचाइजी आईपीएल में नए सहायक स्टाफ के साथ उतरेगी, जिसमें अभिषेक नायर (मुख्य कोच) के अलावा डेरेन ब्रावो (मेंटोर-मार्गदर्शक), शेन वॉटसन (सहायक कोच), टिम साउदी (गेंदबाजी कोच) और आंद्रे रसेल (पावर कोच) शामिल हैं।'

### पंड्या के बिना अधूरी भारतीय टीमः चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ऑलराउंडर के बिना भारतीय टीम अधूरी है। भारत टी20 विश्व कप से पहले क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारुप में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा। विश्व कप में भारत के खिताब बचाने के अभियान में हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। चोपड़ा ने कहा कि भारतीय टीम में हार्दिक का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक पंड्या के बिना भारतीय टीम अधूरी है।

# मेयस ने लगाया तूफानी शतक, बिना दौड़े बनाए 100 से अधिक रन, तोड़ा 10 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज बेन मेयस ने आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में नया कारनामा कर दिया। उन्होंने अपने धमाकेदार शतक के दौरान चौके और छक्कों की लाइन सी लगा दी। अंडर 19 का विश्व कप में दुनियाभर के युवा खिलाड़ी अपना जलवा दिख रहे हैं। इस बीच बुधवार को जब इंग्लैंड और स्कॉटलैंड की युवा टीमें आमने सामने आई तो एक नया रिकॉर्ड बन गया। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन मेयस ने इतिहास रच दिया। उन्होंने एक ही झटके में अब से करीब 10 साल पुराना



कीर्तिमान चकनाचूर कर दिया। उन्होंने एक बड़ा शतक लगाया, लेकिन ताज्जुब की बात ये है कि 100 से भी ज्यादा रन तो उन्होंने बिना दौड़े चौके और छक्कों से ही पूरे कर लिए।

**मेयस ने रचा इतिहास :** इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी, लेकिन उनका एक सलामी बल्लेबाज केवल पांच रन बनाकर जल्दी आउट हो गया। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए बेन मेयस आए। उन्होंने धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी की। इस बीच बारिश के कारण मैच में बाधा भी आ रही थी। दूसरी ओर से बीच बीच में विकेट भी गिर रहे थे, लेकिन बेन मेयस की सेहत पर इसका कोई असर नहीं हो रहा था। हालांकि जब बारिश तेज हो गई तो 42.2 ओवर के बाद अंपायर ने खेल रोक दिया। उस वक्त तक बेन मेयस 174 रन बना चुके थे।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन : सबालेंका ने जीता अपना 25वां सिंगल


**मेलबर्न।** दुनिया की शीर्ष तीन महिला टेनिस खिलाड़ियों में से दो एरिना सबालेंका और कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। वहीं पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। सबालेंका ने अपनी 25वीं एकल मैच जीत दर्ज की और 2000 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली छठी महिला खिलाड़ी बन गईं है। सबालेंका ने चीनी क्वालिफायर बाई झूओक्सुआन को 6-3, 6-1 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। मैच की शुरुआत में बाई ने पेस बनाने में कठिनाई महसूस की और 15 मिनट में 0-5 से पीछे हो गईं।

# आज से रणजी ट्रॉफी, पंजाब की टीम से मैदान में उतरेंगे शुभमन

एजेंसी ▶▶| राजकोट

शुभमन गिल गुरुवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मैच में खेलने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के हाथों वनडे श्रृंखला में भारत की 1-2 से अप्रत्याशित हार के बाद गिल सीधे राजकोट पहुंच गए थे, जहां उनका सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है।

### सिराज पर होगी सबकी निगाहें




दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है। इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि महाराष्ट्र उससे तीन अंक पीछे है। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी, जो अपने घरेलू मैदान पर हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय मैचों से लौट रहे सिराज कप्तान के रूप में राहुल सिंह की जगह लेंगे। वह ग्रुप डी में 42 बार के चैंपियन मुंबई के खिलाफ हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। यह इस सत्र में उनका पहला रणजी मैच भी होगा। मुंबई पांच मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। उसकी टीम अजिंक्य रहाणे के बिना खेलेगी, जिन्होंने खुद को अनुपलब्ध घोषित कर दिया है। इस सत्र के शुरुआत में उन्होंने कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया था।

### पीसीबी ने किया बांग्लादेश का समर्थन, मैचों की मेजबानी की पेशकश

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप खेलने से बांग्लादेश के इनकार का समर्थन किया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भेजे गए एक पत्र में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की पेशकश की है। बांग्लादेश को ग्रुप चरण के चारों मैच भारत में खेलने हैं, जिनमें से पहले तीन कोलकाता में और एक मुंबई में होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हालांकि अपनी सरकार के समर्थन से भारत जाने से इनकार किया है और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया, 'पीसीबी ने ईमेल में कहा है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग जायज है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए और अगर बांग्लादेश के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने में कोई समस्या आती है तो पाकिस्तान उसके सभी मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।'

## कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, भदभदा भोपाल (म.प्र.)

Phone-0755-2696827 Email: ddvsdairyestate@yahoo.co.in
क्रमांक 24/ चारा/2025-26/ // निविदा सूचना // भोपाल दिनांक 02/01/2016

संचालनालय पशुपालन मध्यप्रदेश की ओर से शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भदभदा एवं चरी चारा प्रक्षेत्र हथाईखेडा भोपाल पर पशु पालन, कृषि कार्य, चरी चारा कटाई आदि कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 के लिये ईप्रीक्योरमेंट प्रणाली के व्दारा पोर्टल http\\mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | विवरण | प्रपत्र क्रय करने का दिनांक | निविदा राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| एन.आई.टी./ जे.डी.व्ही.एस./ डेयरी/ 01/2026 | शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भदभदा एवं चरी चारा प्रक्षेत्र हथाईखेडा भोपाल पर पशु पालन, कृषि कार्य, चरी चारा कटाई आदि कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण | 29.01.2026 | 1000+ (प्रोसेसिंग फीस) | रुपए 6 लाख (रुपये छः लाख मात्र) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ. डी.आर. जिसकी वैद्यता दिनांक 31.03.2026 तक होना अनिवार्य है। धरोहर राशि ऑनलाईन mptenders.gov.in पर जमा की जानी है। | 17.02.2026 शाम 6.00 बजे |

1.निविदा प्रपत्र उक्त वर्णित बेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है।
2.निविदा सबंधी समस्त जानकारी बेबसाईट पर अथवा कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
3.निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 100.00 लाख मात्र है।
4.निविदा में संशोधन ऑन लाईन पोर्टल पर देखा जा सकेगा।

(डॉ. गगन सक्सेना)
संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं
दुग्ध संपदा, भदभदा, भोपाल (म.प्र.)

G-24739/25 " स्वच्छता ही सेवा "


## आईसीसी वनडे रैंकिंग : 845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली की ली जगह

# कोहली को पछाड़ कर मिचेल बने नंबर वन बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हटा दिया। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इस तरह उसने भारतीय सरजमीं पर पहली बार वनडे श्रृंखला जीतकर 37 साल का इंतजार खत्म किया था।

मिचेल ने इस श्रृंखला में दो शतक लगाए और 34 वर्षीय यह बल्लेबाज मात्र 54 वीं पारी में सबसे तेज नौ वनडे शतक पूरे करने वाले चौथे पुरुष खिलाड़ी बन गए। केवल इमाम - उल - हक (48), हाशिम अमला (52) और क्विंटन डिकॉक (53) ही उनसे आगे हैं।




### दूसरी बार मिचेल ने की शीर्ष रैंकिंग हासिल

आईसीसी ने कहा, '845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली (795 अंक) की जगह ली है, जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बाद इब्राहिम जदरान , रोहित शर्मा , शुभमन गिल और बाबर आजम मौजूद हैं।' यह दूसरी बार है जब मिचेल ने वनडे क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले वह पिछले साल नवंबर में सिर्फ तीन दिन के लिए शीर्ष पर रहे थे, जिसके बाद रोहित शर्मा ने उन्हें पछाड़ दिया था। भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेले गए वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स (पांच शतक) के बाद मिचेल (चार शतक) दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं। मिचेल वनडे में 54 पारियों में अब तक एक भी बार शून्य पर आउट नहीं हुए हैं, जिससे वह इस उपलब्धि की सर्वकालिक सूची में दूसे स्थान पर

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, नर्मदापुरम (म.प्र.)

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा सूचना क्र. 02/2026/e-Tender/N.Puram दि.12/01/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (रू लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2026_ PWDRB_ 475073 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | आई. ए. से एस. एच. 22 पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य | प्रथम | 416.19 | 416190/- |
| 2. | 2026_ PWDRB_ 475074 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | विकासखण्ड माखननगर में मानागाँव से सन्नाटोला मार्ग का निर्माण कार्य । | प्रथम | 252.84 | 252840/- |
| 3. | 2026_ PWDRB_ 475075 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | चौराहेट से हथनाबड़ मार्ग का निर्माण कार्य । | प्रथम | 239.25 | 239250/- |
| 4. | 2026_ PWDRB_ 475076 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | खटामा से अमाड़ा मार्ग लं. 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य । | प्रथम | 184.88 | 184880/- |
| 5. | 2026_ PWDRB_ 475077 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | गुरमखेड़ी पामली से रिटालखापा मार्ग का निर्माण कार्य । | प्रथम | 73.19 | 73190/- |
| | | | | कुल योग (रू. लाख में) | | 1166.35 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 28/01/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे ।

कार्यपालन यंत्री
लो. नि. वि. संभाग नर्मदापुरम

G-24743/25 " स्वच्छता ही सेवा "






# दलदल का ट्रेलर जारी, सीरियल किलर के छक्के छुड़ाएंगी डीसीपी रीटा

**मुंबई।** क्राइम थ्रिलर सीरीज 'दलदल' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। मुंबई शहर की पृष्ठभूमि पर बनी 'दलदल' की कहानी डीसीपी रीटा फरेरा (भूमि) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह एक खतरनाक जांच पर निकलती हैं, जहां उन्हें एक बेरहम सीरियल किलर को पकड़ना होता है। ट्रेलर में डीसीपी रीटा फरेरा (भूमि) की खौफनाक दुनिया का सफर दिखाया गया है, जिसे भूमि सतिश पेडनेकर ने बेहद सशक्त अंदाज में निभाया है। ट्रेलर में क्रूर और सोचे-समझे किए गए हत्याकांड सामने आते हैं, जो एक कातिल की घिनौनी सोच को दिखाता हैं। जैसे-जैसे लाशों की संख्या बढ़ती जाती है, रीटा इस अंधेरी और डरावनी जांच में खुद को और गहराई तक फंसा हुआ पाती है। विश धामिजा की बेस्टसेलिंग किताब 'भेंडी बाजार' पर 'दलदल' आधारित है। इस सीरीज को अमृत राज गुप्ता ने निर्देशित किया है। विक्रम मल्होत्रा और सुरेश त्रिवेणी ने इसका निर्माण किया है। इसे श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने लिखा है। भूमि सतिश पेडनेकर के साथ इस सीरीज में समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी अहम भूमिकाओं में हैं।

लाइफ Style

# राशा
## लाइकी लाइका में सिंगिंग डेब्यू

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल राशा अपने सिंगिंग डेब्यू को लेकर चर्चा में है जो उन्होंने इसी फिल्म 'लाइकी लाइका' में गाया है। लोग राशा की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपनी अपकमिंग फिल्म 'लाइकी लाइका' से राशा ने फिल्मी दुनिया में सिंगिंग डेब्यू किया है। इस गाने का वीडियो सामने आ चुका है और फैन्स उनकी आवाज की तारीफें करते नहीं थक रहे। राशा थडानी बॉलीवुड में एंट्री करने से पहले भी सोशल मीडिया पर अपना सिंगिंग टैलेंट दिखा चुकी हैं। अब पहली बार वो फिल्मों में गाने जा रही हैं। इस गाने के साथ वो अपनी एक्टिंग जर्नी एक अलग लेवल पर ले जा रही हैं। राशा ने फिल्म 'लाइकी लाइका' के गाने 'चाप तिलक' से अपने सिंगिंग की शुरुआत की है। बॉलीवुड स्टार किड्स की दुनिया में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने डेब्यू को लेकर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अजय देवगन की फिल्म 'आजाद' से राशा ने डेब्यू किया। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। अब उनकी अगली फिल्म 'लाइकी लाइका' को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें हैं। 'लाइकी लाइका' एक दमदार रोमांटिक ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म में दो कलाकार राशा और मुंज्या (2024) फेम अभय वर्मा नजर आएंगे। सौरभ गुप्ता के डायरेक्शन और भावना तलवार और राघव गुप्ता द्वारा प्रड्यूस ये फिल्म यंग कपल की कहानी है। ये फिल्म इस साल गर्मियों में रिलीज होने जा रही है जो शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में है।




# ओ रोमियो का ट्रेलर रिलीज एक्शन करते दिखे शाहिद



**मुंबई।** विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है। शाहिद कपूर उस्तरा के किरदार में एक्शन करते नजर आए। शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर 21 जनवरी को रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में रोमांस से लेकर एक्शन का तालमेल दिखाया गया है। इस फिल्म को देखकर फैंस को शाहिद की फिल्म 'कबीर सिंह' की याद जरूर आ जाएगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'उस्तरे से पंगा नहीं लेने का, शरीर से आत्मा काट के ले जाता है।' विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद के इस पोस्ट पर कई फैंस ने फायर और लाल दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। 'ओ रोमियो' के ट्रेलर में आपको रोमांस के साथ भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा।

# 2016 वायरल ट्रेंड में शामिल हुए ऋतिक



**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' ऋतिक रोशन ने 2016 के ट्रेंड को फॉलो करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में ऋतिक ने तस्वीरों के जरिए अपनी कई खूबसूरत यादों को साझा किया है। इन तस्वीरों में फिटनेस के लिए ऋतिक का प्यार साफ झलक रहा है। ऋतिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई शानदार तस्वीरों को शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। पहली तस्वीर में ऋतिक अपने बाइसेप्स को फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं। दूसरी और तीसरी तस्वीर में भी ऋतिक दोनों हाथों को उठाए बाइसेप्स दिखा रहे हैं। चौथी तस्वीर ऋतिक के बचपन की है; इस तस्वीर में भी फिटनेस के लिए ऋतिक का क्रेज देखा जा सकता है। बाकी की सभी तस्वीरों में ऋतिक जिम में कसरत करते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों से साफ पता चलता है कि ऋतिक बचपन से ही फिटनेस फ्रीक रहे हैं।





एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*
कॉर्पोरेट ऑफ़र ₹2200/-*
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोसिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

FCP INTERFACE/8486/JANUARY26/HINDI


हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930